CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 38°C
न्यूनतम : 23°C

नई दिल्ली, गुरुवार 21 मई 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 43 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 3 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी बनेगा ग्लोबल एआई हब: मुख्यमंत्री योगी पेज 2



ऑरेंज कैप पर वैभव सूर्यवंशी का कब्जा खेल टाइम्स



रजदान पास बना आकर्षण का केंद्र सम्पादकीय



अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने वाला प्रस्ताव पास पेज 12

# मेलोनी- मोदी के बीच हुई बड़ी डील

## भारत और इटली के बीच मजबूत हुई रणनीतिक साझेदारी, इटली के डिजाइन को दिलाएंगे पहचान

रोम, वार्ता

**भारत और** इटली ने अपने द्विपक्षीय संबंधों में एक नए स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत कर दी है। पीएम मोदी की इटली की पहली द्विपक्षीय यात्रा के दौरान दोनों देशों ने अपने रिश्तों को सर्वोच्च स्तर पर ले जाते हुए विशेष रणनीतिक साझेदारी में अपग्रेड कर दिया है।

रोम में आयोजित इस ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के दौरान इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। मेलोनी ने कहा कि वर्ष 2000 के बाद, यानी पूरे 26 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली द्विपक्षीय इटली यात्रा है, जो दोनों देशों के बीच की दूरी को मिटाकर रिश्तों को एक नई ऊर्जा देगी। द्विपक्षीय वार्ता के बाद साझा प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मेलोनी ने आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प जताया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य वर्तमान 14 बिलियन यूरो (करीब 1,569.3 अरब रुपये) के द्विपक्षीय व्यापार को साल 2029 तक बढ़ाकर 20 बिलियन यूरो यानी करीब 2,241.85 अरब रुपये तक पहुंचाना है। यह एक बेहद महत्वाकांक्षी लक्ष्य है, जिसे भारत और यूरोपीय संघ के बीच हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौते की मदद से हासिल किया जाएगा। मेलोनी ने आगे कहा कि दोनों देशों के आर्थिक और उत्पादक तंत्र एक-दूसरे के पूरक हैं। वर्तमान में भारत के विकास में 400 से अधिक इतालवी कंपनियां सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं। इसके साथ ही, नई दिल्ली में इनोवेट इंडिया इनिशिएटिव के तहत एक विशेष केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जो दोनों देशों के स्टार्टअप्स, विश्वविद्यालयों, उद्यमों और अनुसंधान संस्थानों के बीच आपसी सहयोग और प्रतिभाओं को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साझेदारी को वैश्विक कल्याण से जोड़ते हुए एक नया और प्रभावशाली विजन पेश किया। पीएम मोदी ने कहा कि इटली दुनिया भर में अपने बेजोड़ डिजाइन -शेष पृष्ठ दो पर



■ 14 बिलियन यूरो के द्विपक्षीय व्यापार को साल 2029 तक बढ़ाकर 20 बिलियन यूरो यानी करीब 2,241.85 अरब रुपये तक पहुंचाएंगे दोनों देश

## मोदी ने की मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट

■ इटली में एक ही कार में घूमे, 2000 साल पुराने कोलोजियम में सेल्फी ली

**रोम।** पीएम मोदी ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट की। पीएम मेलोनी ने 'एक्स' पर इस वीडियो को पोस्ट कर कहा कि पीएम मोदी मेरे लिए गिफ्ट में बहुत-बहुत अच्छी टॉफी लेकर आए- मेलोडी। गिफ्ट के लिए थैंक्यू।

पीएम मोदी अपने पांच देशों के दौरे के आखिरी चरण में मंगलवार को इटली पहुंचे। वहां पीएम मेलोनी ने उनका स्वागत किया। दोनों रोम की सड़कों पर एक ही कार में घूमे और करीब 2000 साल पुराने ऐतिहासिक कोलोजियम का दौरा भी किया। पीएम मोदी ने मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट की। यह टॉफी भारत में 1983 से बिक रही है। इसे पारले कंपनी बनाती है। मोदी ने मेलोनी को 'मेलोडी' टॉफी इसलिए गिफ्ट की थी, क्योंकि सोशल मीडिया पर दोनों नेताओं के नामों को जोड़कर मेलोडी शब्द काफी वायरल हो गया था।

# ड्रोन से दागी जाने वाली मिसाइल का ट्रायल पूरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत की डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) ने ड्रोन से दागी जाने वाली मिसाइल का ट्रायल पूरा कर लिया है।

इस मिसाइल का नाम यूएलपीजीएम- वी3 है। यह हवा से हवा और हवा से जमीन दोनों तरह के टारगेट पर सटीक हमला कर सकती है। हवा में दुश्मन के हेलीकॉप्टर, ड्रोन और दूसरे हवाई टारगेट को मार गिरा सकती है। वहीं जमीन पर टैंक, सैन्य वाहन और बंकर को निशाना बना सकती है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, मिसाइल का परीक्षण आंध्र प्रदेश के कुर्नूल स्थित डीआरडीओ टेस्ट रेंज में किया गया। इसमें इंटीग्रेटेड ग्राउंड कंट्रोल सिस्टम का इस्तेमाल किया गया, जो लॉन्च और कमांड सिस्टम को कंट्रोल करता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस मिसाइल को बनाने में मिली सफलता रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में अहम कदम है। डीआरडीओ ने 'एक्स' पर ट्रायल का ये वीडियो शेयर किया। यूएलपीजीएम-वी3 एक स्मार्ट प्रिसिजन गाइडेड मिसाइल है। इसमें सीकर तकनीक लगी है, जिससे यह टार्गेट को पहचानकर लॉक करती है और फिर सटीक हमला करती है। चलते हुए लक्ष्य को भी ट्रैक कर सकती है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इसे एंटी-टैंक रोल के लिए भी तैयार किया गया है। साथ ही यह ड्रोन, हेलीकॉप्टर और दूसरे हवाई लक्ष्यों के खिलाफ भी इस्तेमाल की जा सकती है। इस मिसाइल को डीआरडीओ के हैदराबाद स्थित रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) की अगुआई में डेवलप किया गया है। इसके साथ डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी , टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी और हाई एनर्जी मटेरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी भी इस प्रोजेक्ट में शामिल रहीं।



■ टैंक, हेलीकॉप्टर और दूसरे ड्रोन को निशाना बना सकेगी, डीआरडीओ ने स्वदेशी कंपनियों के साथ बनाया

## संक्षिप्त समाचार

### नीट परीक्षा को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट-यूजी परीक्षा को सुरक्षित, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराने के लिए सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के साथ बुधवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री प्रधान ने अधिकारियों को फर्जी जानकारी, दुष्प्रचार और अफवाह फैलाने वाले चैनलों की पहचान कर उन्हें ब्लॉक और हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को शिक्षा मंत्रालय, एनटीए और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर तेजी से कार्रवाई करनी होगी।

### बंगाल में ओबीसी आरक्षण 17 से घटकर 7% हुआ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने ओबीसी आरक्षण व्यवस्था में बदलाव किया है। राज्य में ओबीसी आरक्षण 17 फीसदी से घटाकर 7 फीसदी कर दिया गया है। नई लिस्ट के मुताबिक अब सिर्फ 66 जातियां ओबीसी आरक्षण के दायरे में रहेंगी। धर्म आधारित वर्गीकरण की व्यवस्था भी खत्म कर दी गई है। सरकार का कहना है कि यह फैसला कलकत्ता हाईकोर्ट के 2024 के आदेश के आधार पर लिया गया है।

# टेट्रा पैक में शराब की बिक्री होगी बंद!

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा मामला, जनहित याचिका हुई दायर
■ केंद्र सरकार समेत कई पक्षों को नोटिस

**नई दिल्ली।** देश में शराब की बिक्री और पैकेजिंग को लेकर एक अहम जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार समेत कई पक्षों को नोटिस जारी किया है।

याचिका में मांग की गई है कि टेट्रा पैक, सैशे और छोटे पाउच जैसी पैकेजिंग में शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए सहमति भी दे दी है। यह याचिका संगठन कम्युनिटी अगेंस्ट ड्रंकन ड्राइविंग की ओर से दायर की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील विपिन नायर ने शराब की पैकेजिंग को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मौजूदा एक्साइज नियमों में बोतल की परिभाषा स्पष्ट नहीं है, जिसके कारण कंपनियां ऐसे पैकेजिंग डिजाइन का इस्तेमाल कर रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं में भ्रम पैदा हो रहा है। नायर ने अदालत से कहा कि वे फलों के जूस और शराब में भ्रम पैदा कर रहे हैं। बोतलों और पैकिंग पर सेब जैसे फलों की तस्वीरें लगाई जाती हैं, जबकि अंदर वोडका जैसी शराब होती है। उन्होंने तर्क दिया कि इस तरह की पैकेजिंग खासकर युवाओं और बच्चों को भ्रमित कर सकती है और नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा करना राज्य का संवैधानिक कर्तव्य है। याचिका में केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि वह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एक समान नीति तैयार करे। इसमें टेट्रा पैक, सैशे और जूस जैसे दिखने वाले पैकेजिंग में शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है।

# देश संकट में, प्रधानमंत्री विदेश में टॉफी बांटने और रील बनाने में व्यस्त: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इटली दौरे को लेकर उन पर जमकर निशाना साधा और कहा कि देश आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है, वहीं श्री मोदी विदेश में टॉफी बांटने और रील बनाने में व्यस्त हैं।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आर्थिक तूफान सिर पर है, और हमारे प्रधानमंत्री इटली में टॉफी बांट रहे हैं। किसान, युवा, महिलाएं, मजदूर और छोटे व्यापारी सब रो रहे हैं, प्रधानमंत्री हंसते हुए रील बना रहे हैं तथा भाजपा वाले ताली बजा रहे हैं। यह नेतृत्व नहीं, नौटंकी है।



### दक्षिण भारत में कम बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश में गर्मी अपने पीक पर है। इस बीच मौसम एजेंसी स्काईमेट ने अरब सागर के ऊपर नया सिस्टम बनने की जानकारी दी है, जो मानसूनी हवाओं को कमजोर कर सकता है। इससे केरल समेत दक्षिण भारत में बारिश कम होने की आशंका है। एजेंसी ने यह भी कहा है कि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र और गुजरात समेत देश के 10 राज्यों में अगले एक हफ्ते तक सूखी-गर्म हवाएं चलेंगी।

# CJI के बयान के विरोध में बनी कॉकरोच जनता पार्टी

**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत के कॉकरोच वाले बयान के विरोध में बनी 'कॉकरोच जनता पार्टी' के सोशल मीडिया पर 5 दिन में लाखों फॉलोअर हो गए हैं। बुधवार शाम 7 बजे तक यह आंकड़ा इंस्टाग्राम पर 60 लाख से ज्यादा और एक्स पर करीब 1 लाख 26 हजार तक पहुंच गया।

इंस्टाग्राम पर भाजपा के 87 लाख और कांग्रेस के 1.32 करोड़ फॉलोअर हैं। कॉकरोच जनता पार्टी महाराष्ट्र के अभिजीत दीपके ने बनाई है। इसका नारा है- 'सेक्युलर, सोशलिस्ट, डेमोक्रेटिक, लेजी।' पार्टी के महज एक दिन में ही 40 लाख से ज्यादा फॉलोअर बढ़ चुके हैं। दरअसल, 15 मई को सीजेआई सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कुछ बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से की थी। सीजेआई ने एक दिन बाद ही कहा कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा। अभिजीत ने पार्टी का 'लोगो' भी जारी किया है। पार्टी की सदस्यता के लिए 4 योग्यताएं-पहली- बेरोजगारी। दूसरी- आलसी होना यानी डले रहो, पड़े रहो। तीसरी- ऑनलाइन रहने की लत। चौथी- प्रोफेशनली भड़ास निकालने की क्षमता। मैनिफेस्टो जारी, 5 वादे- अगर सीजेपी यानी कॉकरोच जनता पार्टी सरकार में आती है तो रिटायरमेंट के बाद किसी भी सीजेआई को राज्यसभा जाने का रिवॉर्ड नहीं मिलेगा। अगर कोई वैध वोट डिलीट किया जाएगा, तो मुख्य चुनाव आयुक्त को यूएपीए में गिरफ्तार किया जाएगा, क्योंकि किसी के वोटिंग का अधिकार छीनना आतंकवाद से कम नहीं। महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत का आरक्षण होगा, न कि 33 प्रतिशत, इसके लिए सांसदों की संख्या भी नहीं बढ़ाई जाएगी। कैबिनेट में भी महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण होगा। अंबानी और अडानी के -शेष पृष्ठ दो पर




■ इंस्टाग्राम पर पांच दिन में 60 लाख फालोअर्स बने
■ भाजपा के 87 लाख, कांग्रेस के 1.32 करोड़ फॉलोअर्स




| Subject | Highest Marks | Student's Name |
|---|---|---|
| Painting | 100 | Palak Baliyan, Ira Mishra |
| Biology | 99 | Lakshay Dhiman, Kanika Arora Navya Goel |
| Accountancy | 99 | Aryan Kuchhal |
| History | 99 | Kashika Verma |
| E. G. | 99 | Vedanshi |
| F. St. | 98 | Divya Verma |
| Chemistry | 97 | Lakshay Dhiman, Aryan Maan, Pranjal Chaudhary |
| Computer Sci. | 97 | Abdullah Ahmad, Saksham |
| English | 97 | Lakshay Dhiman |

| Subject | Highest Marks | Student's Name |
|---|---|---|
| Maths | 96 | Krishna Mittal |
| Applied Maths | 96 | Aryan Kuchhal |
| Economics | 96 | Akshat Gupta |
| B.St. | 96 | Akshat Gupta, Riya Narang |
| P. Ed. | 95 | Umisha Vats, Vihan Raj, Vanshika Sharma |
| Hindi | 95 | Saloni Verma |
| Geography | 93 | Arisha Qazi |
| Physics | 92 | Haragam Jot Singh |
| ETP | 89 | Siddhant Dabral |

Principal & Staff, M.G.P.S.

Chairman & Members of Managing Committee, M.G.P.S.

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### बांदा में प्रेमी युगल के शव पेड़ से लटके मिले

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के मरका थाना क्षेत्र में बुधवार को एक पेड़ से प्रेमी युगल के शव एक ही साड़ी के फंदे से लटके मिलने से सनसनी फैल गई। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि अधाव गांव निवासी सुभाष (22) और रोशनी यादव (19) के शव एक पेड़ पर एक ही साड़ी के फंदे से लटके मिले। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पेड़ से नीचे उतरवाया। घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। फील्ड यूनिट और फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किए। पुलिस के अनुसार मृतका रोशनी की शादी घूरी गांव निवासी जग प्रसाद के साथ गत सात मई को हुई थी। शादी के बाद वह पहली विदाई पर मायके आई थी।

### लक्षद्वीप में जनगणना 2027 का पहला चरण सम्पन्न

**लक्षद्वीप/कोच्चि।** केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में जनगणना 2027 का पहला चरण तय समय सीमा के भीतर सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस चरण में मकानों की सूची बनाने और आवास गणना के काम शामिल थे। शुरुआती चरण के लिए यह काम 16 अप्रैल से 15 मई 2026 तक किए गए। लक्षद्वीप में यह पूरा काम एक मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए डिजिटल रूप से किया गया, जो डेटा इकट्ठा करने की पूरी तरह से कागज-रहित प्रक्रिया थी। पहले चरण में द्वीपों भर में इमारतों और मकानों की एक पूरी सूची तैयार करना, साथ ही घरों की संपत्ति और बुनियादी नागरिक सुविधाओं से जुड़े 33 मुख्य संकेतकों पर डेटा इकट्ठा करना शामिल था।

# मोदी सरकार आत्म प्रचार में है व्यस्त: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कहा: आम जनता आर्थिक नीतियों से पैदा हुई 'मुश्किलों' के बीच जीवनयापन करने को मजबूर

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि देश गंभीर आर्थिक संकट में है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनके नेतृत्व वाली सरकार सिर्फ आत्म प्रचार में व्यस्त है और इसी का परिणाम है कि देश में महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट गंभीर रूप से बढ़ा है और जनता पर आर्थिक बोझ थोपा गया है।

खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को लिखा कि श्री मोदी जनता को भाषणों की 'मिठास' सुनाना चाहते हैं, जबकि आम जनता उनकी सरकार की आर्थिक नीतियों से पैदा हुई 'मुश्किलों' के बीच जीवनयापन करने को मजबूर है। उन्होंने दावा किया कि पिछले 11 वर्षों में प्रत्येक भारतीय पर औसत कर्ज कई गुना बढ़ा है, जबकि चुनिंदा उद्योगपतियों की संपत्ति में तेजी से इजाफा हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर तथा व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दामों में भारी वृद्धि हुई है। इसके साथ ही सीएनजी, दूध, ब्रेड, दवाइयों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी लगातार बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर करों तथा उत्पाद शुल्क के माध्यम से जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला गया है। उन्होंने कहा कि देश में युवाओं के बीच बेरोजगारी बढ़ रही है और भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं ने करोड़ों युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है। खड़गे ने दावा किया कि प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं के कारण युवाओं का सरकारी भर्ती प्रक्रिया पर भरोसा कमजोर हुआ है। श्री खड़गे ने कहा कि रुपये की कीमत में गिरावट, विदेशी निवेश में कमी तथा विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव जैसे संकेत देश की अर्थव्यवस्था की चुनौतीपूर्ण स्थिति को दर्शाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण बड़ी संख्या में लोग सरकारी राशन सहायता पर निर्भर हो गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था कई चुनौतियों से गुजर रही है लेकिन सरकार इन मुद्दों के समाधान के बजाय प्रचार और जनसंपर्क गतिविधियों में अधिक व्यस्त दिखाई देती है।

# यूपी में गर्मी का रेड अलर्ट, राहत के आसार नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ अगले पांच दिनों तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहने की संभावना: मौसम विभाग

**लखनऊ।** समूचे उत्तर भारत में जारी प्रचंड गर्मी से इस सप्ताह राहत की कोई उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने समूचे उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनो तक रेड अलर्ट जारी किया है लेकिन उसके बाद भी गर्मी और लू रात दिन सताएगी। मौसम विभाग द्वारा बुधवार को जारी बुलेटिन के अनुसार अगले पांच दिनों तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहने की संभावना है।

प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में 24 मई तक मौसम मुख्यतघ् शुष्क रहेगा तथा 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चल सकती हैं, जिनके झोंके 40 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 20 से 24 मई के दौरान दिन के समय प्रदेश के अनेक जिलों में उष्ण लहर (लू) से भीषण उष्ण लहर चलने की आशंका है, जबकि कई स्थानों पर उष्ण रात्रि की स्थिति भी बनी रह सकती है। विभाग ने विशेष रूप से बुंदेलखंड, कानपुर मंडल, आगरा मंडल तथा पूर्वांचल के कई जिलों के लिए गंभीर चेतावनी जारी की है। पहले दिन यानी 20 मई को बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर देहात, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर समेत कई जिलों में भीषण लू चलने की संभावना जताई गई है। वहीं मिर्जापुर, संत रविदास नगर, कानपुर नगर, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस और मैनपुरी भी गंभीर गर्मी की चपेट में रह सकते हैं। 21 मई को भी स्थिति में विशेष सुधार के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, फतेहपुर, मिर्जापुर, वाराणसी, कानपुर नगर, आगरा, मथुरा, झांसी और ललितपुर सहित अनेक जिलों में भीषण लू की चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही गाजीपुर, आजमगढ़, बलिया, सहारनपुर, मेरठ और बुलंदशहर समेत कई जिलों में सामान्य लू चलने की संभावना जताई गई है। 22 मई को भी बुंदेलखंड और पूर्वांचल के जिलों में भीषण गर्मी बनी रहने का अनुमान है। बांदा, प्रयागराज, प्रतापगढ़, वाराणसी, कानपुर नगर, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, झांसी और महोबा समेत कई जिलों में भीषण लू चल सकती है, जबकि देवरिया, अयोध्या, अंबेडकरनगर, मेरठ, गाजियाबाद और अलीगढ़ जैसे क्षेत्रों में लू का प्रभाव बना रहेगा। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि भीषण गर्मी के कारण सभी आयु वर्ग के लोगों में हीट रैश, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

## उत्तर प्रदेश के एआई मिशन की बुनियादी संरचना तैयार होगी

# यूपी बनेगा ग्लोबल एआई हब: मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सीएम योगी ने प्रदेश की भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े तीन अहम प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े तीन अहम प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की। योगी ने कहा कि यूपी डाटा सेंटर क्लस्टर परियोजना उत्तर प्रदेश के एआई मिशन की बुनियादी संरचना तैयार करेगी।

उन्होंने निर्देश दिया कि डाटा सेंटर क्लस्टर केवल एनसीआर क्षेत्र तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि प्रदेश के अन्य हिस्सों को भी इससे जोड़ा जाए। इसकी शुरुआत बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र से की जा सकती है जहां बड़े पैमाने पर भूमि उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने टाटा समूह समेत बड़ी टेक कंपनियों से संवाद कर लखनऊ को 'एआई सिटी' के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। 'प्रोजेक्ट गंगा' यानी गवर्नमेंट असिस्टेड नेटवर्क फॉर ग्रोथ एंड एडवांसमेंट की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चुने गए डिजिटल उद्यमियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण करने वाली कंपनियां भी इन युवाओं का उपयोग कर सकें, ऐसी व्यवस्था बनाई जाए। ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क के तेजी से विस्तार और पारदर्शिता पर जोर देते हुए उन्होंने डिजिटल उद्यमियों को शुरुआत से ही इंसेंटिव देने को कहा। प्रोजेक्ट गंगा के तहत 10 हजार से अधिक युवाओं को डिजिटल सर्विस प्रोवाइडर बनाया जाएगा, जिससे 50 हजार प्रत्यक्ष और 1 लाख से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। 20 लाख से अधिक घरों को फाइबर आधारित हाई-स्पीड इंटरनेट से जोड़ा जाएगा। प्रत्येक को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा। योजना में 50: महिला उद्यमियों को जोड़ने का लक्ष्य है। यह प्रोजेक्ट फिलहाल 21 जिलों में पायलट के तौर पर शुरू होगा।

### प्रदेश की मंडियों को आधुनिक, स्वच्छ और आकर्षक बनाया जाए

मुख्यमंत्री ने गेहूं के इन-हाउस प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए मंडी टैक्स और मंडी शुल्क व्यवस्था में सुधार पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मंडियों को आधुनिक, स्वच्छ और आकर्षक बनाया जाए। मंडियों में साफ-सफाई, रंगाई-पुताई, त्योहारों पर लाइटिंग, अतिक्रमण हटाने और बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्यान्न सुरक्षा के लिए प्रदेश को अभी से तैयार रहना होगा। यूपी देश का सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक राज्य है। 2025-26 में 372 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान है। प्रदेश में 559 रोलर फ्लोर मिल्स हैं जिनकी क्षमता 218.4 लाख मीट्रिक टन है, लेकिन उपयोग सिर्फ 126.45 लाख मीट्रिक टन हो रहा है। समिति ने सुझाव दिया कि यूपी में पंजीकृत मिलों द्वारा राज्य के भीतर प्रसंस्करण के लिए खरीदे गए गेहूं पर मंडी शुल्क और विकास उपकर में छूट दी जाए, लेकिन यह छूट व्यापारिक गतिविधियों पर लागू न हो। बैठक में बताया गया कि यूपी की भौगोलिक स्थिति इसे समुद्री जोखिमों से सुरक्षित बनाती है। एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर तेजी से विकसित हो रहे हैं।

# सवैधानिक आरक्षण को कमजोर कर रही है भाजपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ लोग संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी सरकार पर संवैधानिक आरक्षण प्रणाली को कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोगों को संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने 'आरक्षण की लूट' से संबंधित 'पीडीए ऑडिट' नामक एक दस्तावेज जारी किया। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट को और अधिक डेटा और तथ्यों के साथ अपडेट किया जाता रहेगा। भाजपा पर निशाना साधते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि अगर छात्रों और अभ्यर्थियों को संवैधानिक प्रावधानों को लागू करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, तो समझा जाना चाहिए कि सरकार पक्षपाती है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



# शुरुआती गिरावट से उबरे शेयर बाजार

**नई दिल्ली, वार्ता**

### ऑटो, बैंकिंग कंपनियों में लिवाली



ऑटो और बैंकिंग कंपनियों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए अंत में बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 117.54 अंक (0.16 प्रतिशत) की मजबूती के साथ 75,318.39 अंक पर पहुंच गया। बाजार में आज 877 अंक का उतार-चढ़ाव रहा। बीच कारोबार में सेंसेक्स नीचे 74,529 अंक और ऊपर 75,406 अंक तक गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 41 अंक यानी 0.17 प्रतिशत चढ़कर 23,659 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार भी सुबह लाल निशान में रहने के बाद में हरे निशान में चला गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.49 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.04 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। तेल एवं गैस, ऑटो, बैंकिंग और रियलटी सेक्टरों में तेजी रही, जबकि मीडिया, एफएमसीजी और आईटी सेक्टर दबाव में रहे। एनएसई में जिन 3,372 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,720 के शेयर हरे निशान में और 1,542 के लाल निशान में रहे। अन्य 100 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततघ् अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 से 15 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर सबसे ज्यादा 2.83 प्रतिशत चढ़ा। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.29 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.01 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, इंडिगो, ट्रेंट, अडानी पोर्ट्स, पावरग्रिड और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में भी मजबूती रही। बीईएल में 2.30 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। टेक महिंद्रा का शेयर 1.85 प्रतिशत, इटरनल का 1.52, टाटा स्टील का 1.08 और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.03 प्रतिशत टूटा। आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी नीचे रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 1.23 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.57 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.18 प्रतिशत उतर गया।

# रुपया नए निचले स्तर पर 97 प्रति डॉलर के करीब

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपये पर बुधवार को भी दबाव जारी रहा और यह 97 प्रति डॉलर के करीब पहुंच गया। पिछले कारोबार दिवस पर भारतीय मुद्रा 50 पैसे लुढ़ककर 96.70 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपया आज 19 पैसे गिरकर 96.89 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और 96.9575 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर तक उतर गया। बाद में यह हालांकि 96.77 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। खबर लिखे जाते समय रुपया 16 पैसे गिरकर 96.86 रुपये प्रति डॉलर पर था।

# चावल, गेहूं नरम, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिस बाजारों में बुधवार को चावल की औसत कीमत गिर गई। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी के भाव में टिकाव रहा, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये घटकर 3,859 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 10 रुपये सस्ता हुआ और 2,774 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 12 रुपये टूट गया। दालदलहनों में मिलाजुला रुख रहा। मसूर दाल की औसत कीमत 23 रुपये और चना दाल की 18 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। उड़द दाल आठ रुपये और मूंग दाल सात रुपये सस्ती हुई। वहीं तुअर दाल की कीमत 18 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा दो रिंगिट गिरकर 4,583 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.36 प्रतिशत चढ़कर 75.71 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 35 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 30 रुपये और मूंगफली तेल की 21 रुपये बढ़ गई। सरसों तेल 44 रुपये और वनस्पति चार रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल तीन रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया जबकि चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7659.61 रुपये, मसूर काली 8112.36 रुपये, मूंग दाल 10154.89 रुपये, उड़द दाल 10837.37 रुपये, तुअर दाल 11271.36 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2774.21 रुपये और चावल 3859.37 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3245.79 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मेलोनी-मोदी...**

और सटीकता के लिए प्रसिद्ध है। दूसरी तरफ, भारत की पहचान बड़े पैमाने, असीमित प्रतिभा और किफायती नवाचार के पावरहाउस के रूप में है। इसलिए, अब हम डिजाइन एंड डेवलप इन इंडिया एंड इटली, एंड डिलीवर फॉर द वर्ल्ड के साझा सिद्धांत पर आगे बढ़ेंगे। पीएम मोदी ने घोषणा की कि भारत-इटली संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना 2025-2029 इस साझेदारी को एक व्यावहारिक, समयबद्ध और भविष्योन्मुखी ढांचा प्रदान करेगी। दोनों वैश्विक नेताओं ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में हुई अपनी सात मुलाकातों के बारे में भी बताया है। प्रधानमंत्री मेलोनी ने पीएम मोदी के विजन, व्यावहारिक दृष्टिकोण और उनके नागरिकों के बीच उनकी मजबूत लोकप्रियता की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारी यह ईमानदारी भरी दोस्ती आपसी सम्मान और भरोसे पर टिकी है। इसके अतिरिक्त, वैश्विक सुरक्षा के मोर्चे पर इतालवी प्रधानमंत्री ने रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में जहाजों की मुक्त आवाजाही की आवश्यकता पर भी विशेष बल दिया। पीएम ने रक्षा-सुरक्षा क्षेत्रों में भी साझेदारी का कारण आपसी विश्वास को बताया। उन्होंने कहा कि रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में करीबी सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। हमारी सेनाओं के साथ-साथ दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच भी सहयोग बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप से को-डेवलपमेंट और को-प्रोडक्शन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मैरीटाइम पावर्स के रूप में भारत और इटली के बीच कनेक्टिविटी के क्षेत्र में करीबी सहयोग स्वाभाविक है। हम मिलकर शिपिंग, बंदरगाहों का आधुनिकीकरण, लॉजिस्टिक्स और अर्थव्यवस्था पर काम करेंगे। भारत और इटली एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए गंभीर चुनौती है। टेरर फाइनेंसिंग के खिलाफ हमारी साझा पहल ने पूरे विश्व के सामने एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत और इटली ने यह संदेश दिया है कि जिम्मेदार लोकतंत्र केवल आतंकवाद की निंदा नहीं करतीं, बल्कि उसके वित्तीय नेटवर्क्स को तोड़ने के लिए ठोस कदम भी उठाती हैं। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि दोनों देशों में पिपुल टू पिपुल कनेक्ट अब दिख रहा है। दोनों देशों की भाषा में भी समानता है। संस्कृत और लैटिन एक ही भाषा परिवार से आती हैं। इस तरह हमारा रिश्ता साझी धरोहर का है। अगले साल दोनों देशों के रिश्ते की 80वीं वीं वर्षगांठ को ईयर ऑफ कल्चर के तौर पर मनाया जाएगा। एक खास बात ये है कि यहां बड़ी संख्या में रह रहे भारत के लोग हमारे संबंधों की जीवंत कड़ी हैं। उनकी देखरेख के लिए मैं पीएम मेलोनी और इटली का आभारी हूं।

**सीजेआई के...** सभी मीडिया संस्थानों के लाइसेंस रद्द किए जाएंगे, ताकि वास्तव में स्वतंत्र मीडिया को जगह मिल सके। गोदी मीडिया एंकरों के बैंक अकाउंट्स की जांच कराई जाएगी। अगर कोई विधायक या सांसद दलबदल कर दूसरी पार्टी में जाता है, तो उसके चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगाई जाएगी। उसे अगले 20 साल तक किसी भी पब्लिक ऑफिस में पद नहीं दिया जाएगा। अभिजीत दीपके अमेरिका की बॉस्टन यूनिवर्सिटी में पब्लिक रिलेशन की मास्टर डिग्री कर रहे हैं। वो 2020 से 2023 तक आम आदमी पार्टी (आप) की सोशल मीडिया टीम में वॉलंटियर भी रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि मैं एक्स पर सीजेआई का बयान देख रहा था, जहां पर वो सिस्टम की आलोचना करने और राय देने के लिए देश के युवाओं की तुलना कॉकरोच और परजीवियों से कर रहे थे। सोशल मीडिया पर मैंने इस पर अपनी राय दी। मैंने पूछा कि सब कॉकरोच एक साथ आ जाएं तो क्या होगा। मुझे जेन जी और 25 साल तक के युवाओं के कमाल के जवाब मिले। उन्होंने कहा कि हमें साथ आना चाहिए और एक प्लेटफॉर्म बनाना चाहिए। फिर क्या था मैंने सीजेपी बना ली। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को अपनी पैरासाइट और कॉकरोच वाली टिप्पणी पर सफाई दी। उन्होनें कहा कि मेरी टिप्पणी खास तौर पर उन लोगों के लिए थी, जो फर्जी और नकली डिग्रियों के सहारे वकालत जैसे पेशों में आ गए हैं। मीडिया, सोशल मीडिया और दूसरे सम्मानित पेशों में भी ऐसे लोग घुस आए हैं। वे परजीवियों जैसे हैं।

# सच के आईने से डरती है मोदी सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सच का सामना करने से डरती है और पिछले 12 वर्षों में उसने लोकतंत्र का आईना माने जाने वाले विपक्ष तथा मीडिया की आवाज को दबाने का काम किया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी देश में आर्थिक संकट के लिए वैश्विक युद्धों को जिम्मेदार ठहराते हैं लेकिन सच यह है कि देश की अर्थव्यवस्था पहले से ही चुनौतियों का सामना कर रही थी और कांग्रेस लगातार इसकी चेतावनी देती रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष और मीडिया वह आईना होते हैं, जो सत्ता को सच्चाई दिखाते हैं, लेकिन सच से डरने वाली मोदी सरकार इस आईने को तोड़ने का काम कर रही है। झूठ आईने से डरता है। खेड़ा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने पिछले 12 वर्षों में कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की, क्योंकि उन्हें डर है कि मीडिया उनसे कठिन सवाल पूछ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश को नसीहत देकर विदेश यात्रा पर चले जाते हैं और उससे पहले लंबे रोड शो करते हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी नेताओं पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कई नेता सार्वजनिक परिवहन या बाइक पर चलने का प्रदर्शन करते हैं, जबकि पीछे उनका पूरा वाहन काफिला चलता है। कांग्रेस नेता ने महंगाई का मुद्दा उठाते हुए दावा किया कि वर्ष 2014 में 414 रुपये में मिलने वाला एलपीजी सिलेंडर अब 915 रुपये का हो गया है, जो 121 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कमर्शियल सिलेंडर ब्लैक में बिक रहा है, बाहर खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें बढ़ चुकी हैं तथा दूध और ब्रेड जैसी जरूरी वस्तुएं भी महंगी हो गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रुपया लगातार कमजोर होकर 97 के स्तर तक पहुंच गया है और सरकार जनता को वास्तविक आंकड़ों से दूर रख रही है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी पहले 60 दिन, फिर 60 महीने मांगते रहे और अब वर्ष 2047 तक का समय मांग रहे हैं, लेकिन बीच के आर्थिक आंकड़ों पर जवाब नहीं देते।

### देश संकट में है और प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर हैं: प्रमोद तिवारी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्तमान विदेश दौरे की आलोचना करते हुए कहा है कि देश भीषण गर्मी, महंगाई और ईंधन संकट से जूझ रहा है, जबकि प्रधानमंत्री विदेश यात्राएं कर रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि पूरे देश में लोग लू और गर्मी से परेशान हैं, पेट्रोल-डीजल का संकट गहराता जा रहा है और दवाइयों की दुकानों तथा कोरियर सेवाओं से जुड़ी हड़तालों के कारण मरीजों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई और बेरोजगारी ने 40 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, लेकिन सरकार जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि जब रोम जल रहा था, तब नीरो बांसुरी बजा रहा था, उसी तरह आज देश संकट में है और प्रधानमंत्री विदेश भ्रमण में व्यस्त हैं।

# मुख्यमंत्री ने लांच की टैलेंट हंट स्कीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'टैलेंट हंट स्कीम - हौसलों की उड़ान 2026-27' की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि यह पहल केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि दिल्ली के युवाओं की प्रतिभा को पहचानने, निखारने और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का एक सशक्त मंच बनेगी। जन सेवा सदन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री ने इस महत्वाकांक्षी योजना के आधिकारिक लोगो का भी अनावरण किया।

मुख्यमंत्री के अनुसार यह योजना दिल्ली की सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में लागू की जाएगी। योजना के लिए 10 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत लगभग 25,000 से अधिक युवाओं को विभिन्न चरणों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित और चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा ताकि हर प्रतिभागी को समान अवसर मिल सके। 16 से 35 वर्ष के युवा इस योजना के अंतर्गत समर्पित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से बिल्कुल नि:शुल्क पंजीकरण कर सकेंगे।

इसी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, कार्यक्रम की जानकारी और अपडेट्स भी नियमित मिलेंगे।प्रतियोगिता में कुल सात प्रमुख विधाओं में मुकाबला आयोजित किया जाएगा। इनमें गायन की श्रेणी में शास्त्रीय, लोक संगीत एवं गैर-शास्त्रीय संगीत को शामिल किया गया है। नृत्य श्रेणी में शास्त्रीय, लोक नृत्य तथा आधुनिक/गैर-शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अलावा फाइन आर्ट एवं डिजिटल आर्ट, मूर्तिकला एवं पॉटरी, संगीत रचना, वाद्य संगीत और अभिनय एवं रंगमंच जैसी विधाओं में भी प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि यह कार्यक्रम चार चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहले चरण में ऑनलाइन पंजीकरण और सातों श्रेणियों में प्राप्त आवेदनों की स्क्रीनिंग एवं शॉर्टलिस्टिंग की जाएगी। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों से लगभग 24,500 प्रतिभागियों का चयन अगले चरण के लिए किया जाएगा। दूसरे चरण में 35 क्लस्टर स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिसमें प्रत्येक क्लस्टर में दो विधानसभा क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा। इस चरण में विभिन्न श्रेणियों से कुल 2,450 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। तीसरे चरण में चयनित प्रतिभागियों के लिए चार जोनल स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जहां प्रत्येक श्रेणी के श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा।

इसके बाद अंतिम चरण में 28 फाइनलिस्ट प्रतिभागियों के बीच अगस्त में राज्य स्तरीय ग्रैंड फिनाले आयोजित होगा, जिसमें सातों श्रेणियों में विजेताओं को पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही, प्रत्येक फाइनलिस्ट प्रतिभागी को भी सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रतिभागियों के मूल्यांकन में 25 प्रतिशत वेटेज आम जनता की ऑनलाइन वोटिंग का होगा, जबकि 75 प्रतिशत वेटेज विशेषज्ञ ज्यूरी के मूल्यांकन पर आधारित रहेगा। ज्यूरी में संबंधित क्षेत्रों के अनुभवी और प्रतिष्ठित विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा। ग्रैंड फिनाले को भव्य स्वरूप दिया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध बॉलीवुड कलाकारों और हस्तियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 2.5 लाख रुपये, दूसरा स्थान पर रहने वाले को 2 लाख रुपये, तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले को 1.5 लाख रुपये और चौथा स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागी को एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

इसके अलावा सभी चयनित एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट, अवॉर्ड, शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि 'हौसलों की उड़ान' केवल प्रतिभा खोज कार्यक्रम नहीं, बल्कि दिल्ली के युवाओं को देश और दुनिया के सामने अपनी पहचान बनाने का मंच है।

# एड्रेस नहीं बताया तो युवक पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मॉडल टाउन इलाके में सिर्फ पता नहीं बताने पर ही आरोपी इतना गुस्सा हो गए कि उन्होंने युवक को जबरन पकडकर उसपर चाकू और तलवार से जानलेवा किया। वारदात के बाद आरोपी मौके पर से फरार हो गए। पुलिस ने हत्या की कोशिश आदि धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया है,जिसमें चार से पांच आरोपी हथियार लेकर फरार होते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में नाबालिगों के गैंग हैं,जो कभी भी कहीं भी किसी को भी मार देते हैं। जानकारी के मुताबिक घायल युवक की पहचान वजी. रपुर औद्योगिक क्षेत्र इलाके में रहने वाले 18 साल के अंकित के रूप में हुई है। पुलिस को बीते

मंगलवार को अंकित को वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र इलाके में धारदार हथियारों से घायल करने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। सडक पर काफी दूरी तक खून पड़ा था। अंकित की हालत देखकर उसको नजदीक के बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया।

डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद अंकित की हालत गंभीर बताई। उसके पीठ, जांघ और शरीर के कई हिस्सों पर धारदार हथियार के निशान थे। अंकित के परिवार वालों को वारदात की जानकारी दी। अंकित ने पुलिस को बताया कि लडकों को उसको रोककर एक एड्रस पूछा था,उसको उस एड्रस के बारे में नहीं पता था। लडकों को बस उसने यही बोला था कि मुझे नहीं पता है।

इतना ही कहते ही लडके उसको गाली देने लगे,विरोध करने पर अचानक से उसकी लात घुसों से बुरी तरह से पिटाई की और फिर चाकू व तलवार निक. ालकर उसपर ताबड़तोड़ हमला किया। वह सहायता के लिये चिल्लाता रहा,मगर किसी ने उसको बचाने की हिम्मत नहीं दिखाई। बस उसको खून से तड़पता हुआ लोग देखते रहे थे।

# कुत्तों की समस्या बढ़ती रही फाइलें धूल खाती गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सरकारी व निजी अस्पतालों में रोजाना एक अनुमान के अनुसार दो हजार लोग एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। दूसरी ओर एमसीडी सीमित संसाधनों के सहारे लावारिस कुत्तों की समस्या से निपटने की कोशिश कर रहा है।

फिलहाल एमसीडी की पूरी व्यवस्था पकड़ो-नसबंदी करो-टीकाकरण करो और वापस छोड़ो मॉडल पर आधारित है। एमसीडी के पास 20 नसबंदी केंद्र हैं, लेकिन इनमें से केवल 13 ही सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। इन केंद्रों का संचालन अलग-अलग एनजीओ के जरिये किया जा रहा है।

शिकायत मिलने के बाद एमसीडी, एनजीओ की टीम लावा. रिश कुत्तों को नसबंदी केंद्र तक लाती है। यहां स्वास्थ्य परीक्षण, नसबंदी और एंटी रेबीज टीकाकरण के बाद सामान्य व्यवहार वाले कुत्तों को दोबारा उसी इलाके में छोड़ दिया जाता है। गत वर्ष सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आक्रामक या खूंखार प्रवृत्ति वाले कुत्तों को निगरानी में रखने की शुरूआत की गई है। राजधानी की विशाल आबादी और तेजी से बढ़ती कुत्तों की संख्या के मुकाबले यह क्षमता काफी सीमित है। कई इलाकों में लोग रात को ही नहीं, बल्कि दिन के समय कुत्तों के झुंड, बच्चों पर हमले और बाजारों में बढ़ती आक्रमकता की शिकायतें लगातार कर रहे हैं।



महापौर वर्चुअल मोड में स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए।

## एक नजर

### मोती बाग से गैरकानूनी सिगरेट जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक संयुक्त अभियान के दौरान ग्राहक चेतना ट्रस्ट से मिली सूचना और खुफिया जानकारी के आधार पर, पुलिस अधिकारियों ने सत्य निकेतन मार्केट, मोती बाग, नई दिल्ली स्थित चार आउटलेट्स, अमित कुमार चौरसिया शॉप, क्वालिटी पान शॉप, एम.एस पान और सेवा राम पान से गैरकानूनी सिगरेट्स जब्त किए। यह कार्रवाई हाल ही में साउथ कैंपस पुलिस टीम द्वारा की गई। जब्त किए गए सिगरेट ब्रांडों में एस्से चेंज, डनहिल, मौंड, एस्से लाइट, डेविडॉफ, गुडांग गरम, डनहिल इंटरनेशनल, और ब्लैक शामिल हैं। ग्राहक चेतना ट्रस्ट के प्रिंसिपल ट्रस्टी सुरेश कौशिक ने बताया, "इन मामलों में हमारे द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर छानबीन करने और कार्रवाई करने के लिए हम कानून प्रवर्तन संस्था की सराहना करते हैं।

### वित्तीय परिणामों की घोषणा

**नई दिल्ली।** बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज ने 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के अपने ऑडिटेड समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 26 में मजबूत प्रदर्शन किया। बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, शिखर अग्रवाल ने कंपनी की लगातार हो रही तरक्की के बारे में कहा, ष्बीएलएस इंटरनेशनल ने वित्त वर्ष 26 में सभी महत्वपूर्ण पैमानों पर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह हमारी मजबूत निष्पादन क्षमता, बड़े पैमाने के ऑपरेटिंग मॉडल और सरक. ारी साझेदारियों को और गहरा करने का नतीजा है।

### घरेलू यात्राओं के लिए वार्षिक ट्रैवल इंश्योरेंस

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय यात्राओं को वर्षों से कस्टमाइज्ड इंश्योरेंस सॉल्यूशंस के जरिए सुरक्षित बनाने के बाद, पॉलिसीबाजार अब वही विशेषज्ञता भारतीय यात्रियों तक पहुँचा रहा है। प्लेटफॉर्म पर घरेलू यात्राओं के लिए वार्षिक ट्रैवल इंश्योरेंस लॉन्च किया गया है। यह योजना विशेष रूप से बारबार यात्रा करने वालों के लिए बनाई गई है और एक ही पॉलिसी के तहत कई तरह के यात्रा साधनों जैसे हवाई यात्रा, ट्रेन, बस और सड़क मार्ग को कवर करती है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए पॉलिसीबाजार के ट्रैवल इंश्योरेंस हेड मानस कपूर ने कहा वार्षिक घरेलू ट्रैवल इंश्योरेंस अब पॉलिसीबाजार पर उपलब्ध है, जिससे हम यात्रियों को घर के करीब ही एक सरल और किफायती समाधान के जरिए सुरक्षा देना चाहते हैं।

### आप का पंजीकरण रद्द करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) का पंजीकरण रद्द करने से सम्बंधित जनहित याचिका खारिज करते हुए कहा कि कहा कि व्यक्तियों पर अवमानना कार्यवाही पार्टी पंजीकरण को प्रभावित नहीं करती। याचिका में भारत निर्वाचन आयोग को निर्देश देने की मांग थी। इसमें आम आदमी पार्टी (आप) का पंजीकरण रद्द करने को कहा गया था। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक को अयोग्य ठहराने की भी मांग थी।

### कर्नल हिमांशु 5 दिन के सीबीआई रिमांड पर

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 50 लाख रुपये रिश्वत मामले में गिरफ्तार सेना के आयुध कोर के कर्नल हिमांशु को सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया। सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपित कर्नल को पांच दिनों की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया है। सीबीआई के मुताबिक, कर्नल हिमांशु कोलकाता स्थित पूर्वी कमान में तैनात थे। उन पर कानपुर की एक निजी कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए निविदा प्रक्रिया में हेरफेर करने, घटिया गुणवत्ता वाले उत्पादों को मंजूरी देने और लंबित व बढ़े हुए बिलों के भुगतान को आसान बनाने का आरोप है। जांच एजेंसी के अनुसार, मामले में दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि कर्नल हिमांशु ने एक उद्योगपति से रिश्वत के लिए संपर्क किया था। आरोप है कि रुपये लेकर कंपनी के घटिया उत्पादों को मंजूरी दी गई।

## सिंधी पार्क के सौंदर्यीकरण में तेजी लाने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महापौर प्रवेश वाही ने बुधवार को दिल्ली नगर निगम के करोलबाग जोन के अंतर्गत राजेंद्र नगर क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। महापौर ने सिंधी पार्क में नगर निगम द्वारा कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

महापौर प्रवेश वाही ने विशेष रूप से पार्क में विकसित किए जा रहे वॉकिंग ट्रैक को आधुनिक, सुरक्षित और नागरिकों के लिए अधिक सुगम बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पार्क क्षेत्र नागरिकों के स्वास्थ्य, मनोरंजन और सामाजिक गतिविधियों के महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं, इसलिए इनके विकास में उच्च गुणवत्ता के मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## सीबीएसई खेलों के लिए पंजीकरण अब 6 जून तक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ) ने सीबीएसई गेम्स 2026-27 में भाग लेने वाले स्कूलों और खिलाड़ियों के लिए पंजीकरण और भागीदारी की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 6 जून 2026 कर दी है।

# महापौर ने की वर्चुअल मोड में स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान और दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के अभियान को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने आज वर्चुअल मोड में बैठक की। महापौर प्रवेश वाही ने आज डॉ. एसपीएम सिविक सेंटर स्थित, दिल्ली नगर निगम मुख्यालय से वर्चुअल मोड में उच्च स्तरीय बैठक कर दिल्ली की सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में उप महापौर, डॉ. मोनिका पंत, एमसीडी आयुक्त, संजीव खिरवार, अतिरिक्त आयुक्त अरुण कुमार मिश्रा, प्रमुख अभियंता, पी.सी. मीणा और सभी जोन के उपायुक्त और विभिन्न जोनों से कचरा उठाने के लिए अनबंधित कॉनसेशनरीज उपस्थित रहे।

दिल्ली के सभी 12 जोनों के अधिकारी और बड़ी संख्या में अभियांत्रिकी विभाग के अभियंता अलग अलग जगहों से वर्चुअल मोड में बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान, कॉनसेशनरीज ने महापौर और निगम अधिकारियों को शहर भर में उनके वर्तमान संसाधनों, बुनियादी ढांचे और कचरा प्रबंधन तंत्र के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता मानकों को बनाए रखने में आने वाली चुनौतियों को भी साझा किया।

# वेलकम में गोली मारकर युवक की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में एक बार फिर गोलियों की तड़तड़ाहट गूंजी, ओर एक युवक की हत्या कर आरोपी फरार हो गए।

गौरतलब है कि मृतक का भाई भी एक हत्या के जुर्म में जेल में बंद है स फिलहाल वेलकम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है स

मंगलवार की रात मृतक अमानुल्लाह कुरैशी उर्फ अमान कुरैशी (22) यामलाल कॉलेज के पास के पास मौजूद था तभी आरोपियों ने उसके ऊपर गोलियां चला दी, अमानुल्लाह को दो गोलियां लगी थी जिनमे से एक सिर में ओर दूसरी पेट में लगी थी स वह अपने परिवार के साथ गुरुद्वारा मौहल्ला,मौजपुर में रहता था उसके परिवार में मां,पिता ओर दो भाई है।



जिला पुलिस उपायुक्त संदीप लाम्बा ने बताया कि 19-20 की दरमियानी रात वेलकम थाना क्षेत्र में गोली चलने की सूचना मिली थी, घटनास्थल पर पहुंचने पर पता लगा कि घायल अमानुल्लाह को उसके परिजन जीटीबी अस्पताल लेकर गए है जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया स पुलिस ने एफआईआर संख्या 233/26 के तहत बीएनएस की धारा 103(1) के तहत ओर धारा 27 शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर आरो. पियों की तलाश शुरू कर दी है स

गौरतलब है कि मृतक अमानुल्लाह के भाई मोईन कुरैशी ने बीती जनवरी में एक कैफे के अंदर फज्जी नाम के युवक की हत्या की थी, जिसके बाद मोईन ने इंस्ट्राग्राम पर वीडियो अपलोड करके फज्जी की हत्या की जिम्मेदारी ली थी, जिसके बाद पुलिस ने मुठभेड़ के बाद मोईन को गिरफ्तार किया था जो अभी जेल में बंद है।

फिलहाल पुलिस सभी कोणों से मामले की जांच कर अरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## एक दिन में 300 इंजन कवच लगा कर रेल यात्रा को बनाया सुरक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मंडल के इलेक्ट्रिक लोको शेड गाजियाबाद में 300 लोकोमोटिव (रेल इंजन) में श्कवचश् प्रणाली स्थापित करने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। अब तक सबसे तेजी से इस शेड में इंजनों में कवच स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। 16 मई को 300 वें इंजन में कवच लगाने का कार्य पूर्ण किया गया। इस तरह से शेड ने कवच लगाने के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

इस शेड में सबसे ते 100 इंजनों में, 200 इंजनों में कवच लगाने के बाद अब 300 इंजनों में कवच लगाने का काम पूरा किया गया। इसके साथ ही विद्युत लोको शेड, गाजियाबाद ने पूरे भारतीय रेल में सबसे तेज गति से एक ही दिन में लोको संख्या 30623/डब्ल्यूएपी-7 इंजन में कवच स्थापित करने का कार्य 10 सितंबर, 2024 को पूर्ण कर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की थी। विद्युत लोको शेड, गाजियाबाद द्वारा कवच स्थापित करने को लेकर एक दिवसीय सात प्रशिक्षण सत्रों का भी आयोजन किया गया।

# निगम बोध घाट पर साधु समाधि घाट का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के प्राचीन निगम बोध घाट श्मशान भूमि पर बड़ी पंचायत वैश्य बीसे अग्रवाल सभा व निगम बोध घाट संचालन समिति की देशव्यापी पहल को लेकर साधु-संतों के अंतिम समय में मोक्ष पद्धति को जीवंत रखने के लिए साधु समाधि घाट का शिलान्यास किया गया।

सभा के प्रधान संजय सिंघल और महामंत्री एवं चांदनी चौक वार्ड के पार्षद सुमन कुमार गुप्ता ने कहा,कि वर्ष 2011 से सभा ने निगम बोध घाट की व्यवस्था संभाली है,तब से करीब 15 वर्षों की अथक मेहनत से भगवान शिव के पावन मोक्षधाम को दर्शनीय स्थल के रूप में विक. सित किया है। यह आयोजन परम पूज्य राष्ट्रसंत क्षेत्र विशारदाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिराज की जन्मशताब्दी के पावन अवसर पर आयोजित किया गया।कार्यक्रम में परम पूज्य राष्ट्रसंत परमाचार्य प्रज्ञसागर जी महाराज का पावन सान्निध्य एवं प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, राष्ट्रमंदिर के प्रमुख राष्ट्रसंत अजय भाई , प्रदीप जैन आदि ने भजनांजलि प्रस्तुत की।



# ईद-उल-अजहा पर सफाई का विशेष प्रबंध कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान ने आज दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेन्टर जाकर महापौर प्रवेश वाही से मुलाकात की तथा उनसे ईद-उल-अजहा के त्यौहार के मौके पर दिल्ली में विशेषकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सफाई का विशेष प्रबन्ध कराने का आग्रह किया।



शमीम अहमद खान के द्वारा जम जम फाउन्डेशन की तरफ से महापौर प्रवेश वाही को दिए गए ज्ञापन में ईद-उल-अजहा के त्यौहार के मौके पर दिल्ली में विशेषकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में 28 मई 2026 से 30 मई 2026 तक दिल्ली नगर निगम की तरफ से सफाई का विशेष प्रबन्ध कराने की मांग की गई है।

शमीम अहमद खान ने बताया कि महापौर प्रवेश वाही ने ईद-उल-अजहा के त्यौहार के मौके पर सफाई का विशेष प्रबन्ध कराने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर जम जम फाउन्डेशन के उपाध्यक्ष मौहम्मद दानिश मतीन कोषाध्यक्ष जहीर आलम व मौहम्मद फाजिल कुरैशी भी मौजूद थे।

## जामिया में उपकरण सत्यापन पर कार्यशाला संपन्न

**नई दिल्ली।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया के शैक्षिक अध्ययन विभाग ने उपकरण सत्यापन कार्यशाला का आयोजन किया। जामिया शिक्षा संकाय के कार्यवाहक डीन और शैक्षिक अध्ययन विभाग के प्रमुख प्रो. एजाज मसीह ने हाशिये पर खड़े समुदायों के लिए सामाजिक रूप से प्रासंगिक अनुसंधान करने में क्षेत्र सत्यापन, आधारभूत डेटा और मात्रात्मक व गुणात्मक अनुसंधान उपकरणों के संतुलित उपयोग के महत्व पर चर्चा की। इससे अनुसंधान उपकरणों की समीक्षा और सत्यापन किया जा सकें। इस कार्यशाला में शिक्षाविद्, विशेषज्ञ, संकाय सदस्य, शोधकर्ता और स्कॉलर ने हिस्सा लिया।

# एआई- आधारित उत्पादकता सुरक्षा व स्थिरता को बढ़ा रहे आगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर वेदांता ग्रुप, भारत का अग्रणी धातु, तेल एवं गैस, क्रिटिकल मिनरल्स, पावर और टेक्नोलॉजी समूह, ने अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डीप- टेक आधारित परिवर्तनकारी पहलों के प्रभाव को वी-स्पार्क डीपटेक वेंचर्स के माध्यम से रेखांकित किया। इस अवसर पर आकर्ष हेब्बर, चेयरमैन, वी-स्पार्क डीपटेक वेंचर्स और अध्यक्ष, वेदांता लिमिटेड ग्रुप ने कहा कि जैसे-जैसे भारत एक वैश्विक विनिर्माण और प्रौद्योगिकी शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, वेदांता एआई, ऑटोमेशन और डीप-टेक नवाचार का उपयोग संचालन में उत्कृष्टता और सतत विकास के प्रमुख साधन के रूप में कर रहा है।


शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# आईटीएस मोहननगर में 5वीं जिला योगासन खेल चैंपियनशिप का सफल आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिला योगासन खेल संघ द्वारा आई.टी.एस मोहन नगर के सहयोग से 5वीं जिला योगासन खेल चैंपियनशिप 2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में गाजियाबाद जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए 200 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस आयोजन का उद्देश्य योगासन को एक प्रतिस्पर्धात्मक खेल के रूप में बढ़ावा देना तथा सभी आयु वर्ग के लोगों में शारी. रिक फिटनेस, अनुशासन और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करना था। प्रतिभागियों ने जूनियर, सीनियर, मास्टर ए, मास्टर बी एवं मास्टर सी जैसी विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिता में भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्पित चड्ढा, वाइस चेयरमैन, आई.टी.एस ख्र द एजुकेशन ग्रुप रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनकी लगन, समर्पण एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने योगासन खेलों को जनपद में प्रोत्साहित करने हेतु आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आई. टी. एस- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा जी ने इस प्रकार के आयोजन की सराहना की और स्वस्थ्य एवं समृद्ध भारत के निर्माण में इसकी आवश्यकता पर जोर दिया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. अजय कुमार, निदेशक, आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट; डॉ. डी. के. पाण्डेय, कमल सिंह, अध्यक्ष, डी.वाई.एस.ए., गाजियाबा, सर्वेश उपाध्याय, सचिव, डी.वाई.एस.ए., गाजियाबाद, सुरेन्द्र कुमार तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। चैंपियनशिप में प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, लचीलापन, संतुलन एवं उत्साह का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। दर्शकों ने पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शित खेल भावना एवं अनुशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

आयोजकों ने ऐसे प्रेरणादायक खेल एवं स्वास्थ्य उन्मुख कार्यक्रमों को बढ़ावा देने हेतु आई.टी.एस गाजियाबाद के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता का समापन ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र वितरण तथा प्रतिभागियों को प्रोत्साहन संदेशों के साथ सफलतापूर्वक हुआ। यह आयोजन अत्यंत सफल रहा तथा इसने गाजियाबाद जनपद के युवाओं एवं नागरिकों के बीच योगासन खेलों की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाया।

# वीरेंद्र कुमार कंडेरे ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वार्ड 32 में 5 गलियों के मरम्मत कार्य का भाजपा महानगर कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र कुमार कंडेरे ने शुभारंभ किया। इस मौके पर पार्षद सुभाष चौधरी ने कहा की वार्ड 32 में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। नंदग्राम मंडल उपाध्यक्ष मनोज चौधरी सहित उपस्थित लोगो ने वीरेंद्र कुमार कंडेरे को भाजपा महानगर सदस्य बनने पर बधाई दी। इस मौके पर रामपाल तोमर, गजेंद्र सिंह, वीरेंद्र विश्वकर्मा, रविंद्र विश्वकर्मा सहित काफी बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पीएनबी गोविंदपुरम में 'सर्वाइकल स्वास्थ्य के लिए योग' कार्यशाला का सफल आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय योगिनी संघ' की उत्तर प्रदेश इकाई पंजाब नेशनल बैंक गोविंदपुरम गाजियाबाद में "सर्वाइकल स्वास्थ्य हेतु योग" विषय पर एक विशेष कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सर्वाइकल संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाना तथा योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम की विशेषज्ञ वक्ता प्रदेश अध्यक्ष पिंकी देओलिया रहीं। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को सर्वाइकल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी योगासन, प्राणायाम एवं दैनिक जीवन में अपनाए जाने वाले महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुझाव प्रदान किए। प्रतिभागियों ने उनके मार्गदर्शन को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में संजू यादव, ईशा चौहान (जिला अध्यक्ष), सरिता सारस्वत (उप-जिला अध्यक्ष), कोर सदस्य संगीता एवं अनीता का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की व्यवस्था हेतु सुमिता वर्मा को विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

संस्था की ओर से Punjab National Bank के जिला समनवयक अधिकारी अविनाश वर्मा शाखा प्रबंधक मति कुमारी अंजनी, बबिता मनचंदा व अन्य बैंक कर्मचारियों एवं ग्राहकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने अपने व्यस्त कार्य समय में से समय निकालकर कार्यशाला में सहभागिता की तथा कार्यक्रम को सफल एवं सार्थक बनाया।

## ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से स्कूटी सवार शिक्षिका की मौत

**गाजियाबाद।** थाना लोनी क्षेत्र में ईंट से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने स्कूटी सवार शिक्षिका को टक्कर मार दी। ट्रॉली का पहिया शिक्षिका के सिर के ऊपर से गुजर गया। हादसे में शिक्षिका की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा बुधवार सुबह लोनी थाना क्षेत्र में बंथला-चिरोड़ी मार्ग पर हुआ। टीला मोड़ थाना क्षेत्र की भारत सिटी सोसाइटी में रहने वाली चेताली बनर्जी (55) एक प्राइवेट स्कूल में टीचर थी। प्रतिदिन की तरह चेताली सुबह करीब 7 बजे स्कूटी से स्कूल के लिए निकली थी। जब वह आईसीडी कंटेनर डिपो के पास पहुंचीं, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

# नगर निगम ने नवयुग मार्केट रेड लाइट पर लगाई ग्रीन नेट, राहगीर को मिलेगी धूप से राहत



**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश तेज धूप से बचाव के लिए रेड लाइट पर ग्रीन नेट लगाई जा रही हैं। कविनगर जोन अंतर्गत हापुड़ चुंगी रेड लाइट पर ग्रीन नेट से यात्रियों या राहगीरों को राहत मिल रही है। इसी क्रम में नवयुग मार्केट रेड लाइट पर भी 30 मीटर लंबी ग्रीन नेट लगाई गई है जिसका स्ट्रक्चर स्थाई रूप से लगाया गया है। चीफ इंजीनियर एनके चौधरी ने बताया कि आवश्यकता को देखते हुए ग्रीन नेट अन्य स्थानों पर लगाने की योजना भी बनाई जा रही है।

नगर निगम निर्माण विभाग गर्मी की स्थिति को देखते हुए रेड लाइट पर धूप में खड़े रहने वाले वाहन चालकों के लिए ग्रीन नेट लगाने का कार्य कर रहा है। हापुड़ चुंगी के बाद नवयुग मार्केट रेड लाइट पर ग्रीन नेट लगाई गई है। ठाकुरद्वारा जाने वाले मार्ग तथा ठाकुरद्वारा से आने वाले मार्ग दोनों तरफ नवयुग मार्केट रेड लाइट पर ग्रीन नेट लगाए गया है। चीफ इंजीनियर ने बताया कि नवयुग मार्केट रेड लाइट से अधिक ट्रैफिक हापुर मेरठ दिल्ली के लिए निकलता है। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण करते हुए कार्य तेजी करने के निर्देश दिए तत्काल प्रभाव से ग्रीन नेट लगाने का कार्य पूर्ण कराया गया।

## आवारा कुत्तों का आतंक, सोसायटी के मेंटेनेंस कलेक्शन कर्मचारी को काटा



**गाजियाबाद।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद भी आवारा कुत्तों का आतंक महानगर की सड़कों पर लगातार बना हुआ है। मंगलवार को गुलमोहर एनक्लेव सोसाइटी के मेंटेनेंस कलेक्शन कर्मचारी अनुज ठाकुर को संजय नगर स्थित उनके खुद के घर के बाहर आवारा कुत्तों ने अपना निशाना बनाते हुए बाईं टांग में काट लिया। अचानक हुए कुत्ते के हमले से अनुज बेहद घबरा गए और उन्होंने सोसयटी के ही रहने वाले गौरव बंसल को फोन किया। जिसके बाद गौरव ने आज बुधवार को अनुज को ले जाकर सरकारी अस्पताल में एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगवाया। गौरव ने कहा कि महानगर में कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने भी स्पष्ट आदेश दे दिया है कि आम जनमानस को भी सुरक्षा से रहने का अधिकार है उसके बावजूद इन कुत्तों को लेकर सरकारी संस्थाएं शिथिल हैं। सरकारी संस्थाएं जल्द से जल्द इन आवारा कुत्तों को शेल्टर होम भेजें ताकि बच्चे और बुजुर्ग आदि भी सुरक्षित रह सकें।

# मोदीनगर में दवा विक्रेताओं का बंद रहा अभूतपूर्व सफल, सभी मेडिकल स्टोर रहे बंद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** दवा विक्रेताओं की संस्था आल इंडिया आर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट द्वारा ऑनलाइन दवा की बिक्री के खिलाफ 20 मई को आल इंडिया मेडिकल स्टोर की हड़ताल मोदीनगर में पूर्ण सफल रही, सभी दवा की दुकाने बंद रही, इस बंद को सफल बनाने में अध्यक्ष अविनाश शर्मा की पिछले सप्ताह से लगातार जारी प्रयासों का अहम योगदान रहा!

देश में दवाओं की ऑनलाइन बिक्री, व ऑनलाइन बिक्री की अनेको विसंगतियों के विरोध में इस बंद का आह्वान किया गया था। मोदीनगर केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश शर्मा ने बताया कि दवाओं की ऑनलाइन बिक्री, दामों में भारी डिस्काउंट व नकली दवाओं से देश को बचाने व सरकार का इन मुद्दों पर ध्यानाकर्षित करने के लिए ही दवा विक्रेताओं की देशव्यापी संस्था आल इंडिया आर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर इस देशव्यापी बंद का आह्वान किया गया था जिसमे मोदीनगर के सभी दवा विक्रेताओं ने शामिल होकर अपने अपने मेडिकल स्टोर बंद रखकर बंद को पूर्णत: सफल बनाया।



**मोदीनगर। स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री बनने के पश्चात पहली बार मोदीनगर आगमन पर सोमेन्द्र तोमर का रैपिड रेल स्टेशन पर स्वागत करते सभासद मोनू धामा, पिंकल गुर्जर व लक्की सिंघल, सैकड़ो लोग मौजूद रहे।**

# आरटीई के अभिभावकों की पीड़ा का नहीं हुआ समाधान



**गाजियाबाद।** जीपीए के नेतृत्व में आरटीई अभिभावकों ने मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ जी से भेंट कि और अभिभावकों ने दाखिले से संबंधित अपनी अपनी पीड़ा से अवगत कराया जिस पर सीडीओ साहब ने अभिभावकों की पीड़ा सुनी,और तत्काल बीएसए से फोन पर वार्ता की। सीडीओ साहब ने शाम 4:00 बजे बीएसए को तलब करने की बात कही।

अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम अधिनियम 2009 के तहत दाखिला प्रक्रिया का निजी स्कूलों द्वारा मजाक उड़ाया जा रहा है। जिस पर गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह व आरटीई प्रभारी धर्मेंद्र यादव ने कड़ा रोष व्यक्त करते हुए बताया कि यह कोई नया मामला नहीं है प्रत्येक वर्ष आरटीई से संबंधित दाखिलों को सुनिश्चित करने में अभिभावकों को एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ता है तब भी दुर्बल, आलाभीत वर्ग समूह के बच्चे अपने मौलिक अधिकार शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, जिसका मुख्य कारण शिक्षा विभाग की लाप. रवाही व ढीला रवैया साफ तौर पर दिखाई देता है। जिहला प्रशासन आरटीई अधिनियम का अनुपालन कराने में विफल नजर आता है। जीपीए सचिव अनिल सिंह ने साफ तौर पर चेतावनी दी है अगर वर्तमान सत्र के अभिभावकों के बच्चों का जो आरटीई में चयनित हुए हैं दाखिला सुनिश्चित नहीं हुआ, अभिभावकों कि सहमति पर जीपीए के नेतृत्व में पीड़ित अभिभावक बस भरकर लखनऊ मुख्यमंत्री दरबार में कूच करने को मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी क्योंकि बहुत हुआ हर साल की यही व्यथा है आरटीई एक्ट का अनुपालन सही ढंग से न होने के कारण गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन मुख्यमंत्री दरबार जाने को मजबूर है।

## हाईटेंशन खंभे पर चढ़ा आशिक, निकाह की जिद पर घंटों चला ड्रामा

**स्योहारा।** ग्राम शाफियाबाद में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक के हाईटेंशन बिजली खंभे पर चढ़ जाने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने घंटों की मशक्कत के बाद युवक को सकुशल नीचे उतार लिया। ग्राम शाफियाबाद निवासी समीर पुत्र फुरकान का गांव की ही एक युवती से प्रेम संबंध बताया जा रहा है। किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद गुस्से में युवक रेलवे लाइन के पास पहुंचा और वहां लगे हाईटेंशन बिजली खंभे पर चढ़ गया। खंभे पर चढ़कर युवक प्रेमिका से निकाह कराने की मांग करते हुए शोर मचाने लगा। युवक को बिजली खंभे पर देख आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। कुछ लोग युवक को समझाने का प्रयास करते रहे, तो कई लोग घटना का वीडियो बनाते नजर आए। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पहले भीड़ को नियंत्रित किया और फिर युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए समझाया। कई बार युवक नीचे आने को तैयार हुआ, लेकिन फिर जिद पकड़कर खंभे पर बैठ जाता। घंटों के बाद पुलिस की सूझबूझ से युवक को सकुशल नीचे उतार लिया गया। नीचे आने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली और युवक को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। घटना के बाद गांव में देर रात तक खंभे पर चढ़े आशिक की चर्चा होती रही।

# खस्ताहाल सड़क बनवाने की मांग को लेकर निवासियों का धरना



**गाजियाबाद।** शहर की पॉश कॉलोनी राजनगर एक्सटेंशन में स्थित देविका स्काईपर्स सोसाइटी के सामने स्थित मुख्य सड़क की खस्ताहाल, जर्जर एवं खतरनाक स्थिति के विरोध में शासन प्रशासन तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए क्षेत्र की विभिन्न सोसाइटियों के निवासियों ने एकजुट होकर के 20 मई को धरना दिया।

इस धरने में देविका स्काईपर्स सोसाइटी व वीवीआईपी एड्रेसेस सोसाइटी के निवासियों सहित आसपास की कई सोसाइटियों के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए और शासन व प्रशासन के प्रति अपना गहरा रोष व्यक्त किया।

धरनारत लोगों ने कहा कि उक्त सड़क रोजाना हजारों निवासियों के दैनिक आवागमन का एक प्रमुख मार्ग है, किंतु लंबे समय से सड़क का एक बड़ा हिस्सा टूटा एवं क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि उक्त स्थल पर आयेदिन दुर्घटनाएँ होती रहती हैं तथा अनेक लोग घायल हो चुके हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग एवं प्रशासन द्वारा अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। क्षेत्रवासियों ने स्पष्ट कहा है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।


# कार्यालय: नगर पालिका परिषद मुरादनगर, जनपद-गाजियाबाद।

**पत्रांक: /432 न०पा०प०मु०/अति०अ०का० ई-निविदा/2026-27** **दिनांक- 20/05/2026**

**-::ई-प्रोक्योरमेन्ट/अल्पकालीन ई-निविदा सूचना::-**

नगर पालिका परिषद मुरादनगर, जनपद गाजियाबाद द्वारा 15वां वित्त आयोग (टाईड ग्रान्ट) 'पेयजल हेतु व्यवस्था' योजना/मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना/नगर निधि/गौशाला मद के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले विकास कार्यों हेतु अल्पकालीन ई-निविदा की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिये गये नियम व शर्तों के अनुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तों वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 22 मार्च 2026 की मध्यान्ह 02:00 बजे से दिनांक 01 जून 2026 के मध्यान्ह 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 01 जून 2026 के मध्यान्ह 02:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है। टेण्डर एवं उससे सम्बन्धित शर्ते जिले की वेबसाइट www.ghaziabad.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| E-Tender Reference | Ltr.No-: पत्रांक:- 431/ न0पा0परि0मु0/अति0अ0का0ई-निविदा/ 2026-27 दिनांक: 20 मई 2026 |
| Publish and Time for RFP | 22 मई 2026 को मध्यान्ह 02:00 बजे |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 01 जून 2026 को मध्यान्ह 02:00 बजे |
| Date and time of Opening Tender | 01 जून 2026 को मध्यान्ह 04:00 बजे |
| Place of Opening of E-Tender | Office Nagar Palika Parishad Muradnagar, Dist. Ghaziabad |
| E-Tender Security | As per NIT |
| E-Tender Document Processing | As per tender list |

**(दीपक कुमार)** अवर अभियन्ता (जलकल) | **(सतेन्द्र सिंह)** अवर अभियन्ता (सिविल) | **(डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह)** अधिशासी अधिकारी | **(छम्मी)** अध्यक्ष

# दिल्ली की 96 हजार स्ट्रीट लाइटें होंगी स्मार्ट एलईडी में तब्दील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सड़कें अब अत्याधुनिक स्मार्ट एलईडी रोशनी से जगमगाती नजर आएंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित व्यय वित्त समिति (ईएफसी) की हाइब्रिड बैठक में दिल्ली की सभी स्ट्रीट लाइटों को स्मार्ट एलईडी प्रणाली से बदलने की महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी दे दी गई। लगभग 473.24 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के तहत लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सड़कों पर लगी करीब 96 हजार स्ट्रीट लाइटों को चरणबद्ध तरीके से बदला जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि आगामी दीवाली तक दिल्ली की प्रमुख सड़कें नई स्मार्ट रोशनी से चमक उठें।

इस हाइब्रिड बैठक में दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह व संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। यह परियोजना मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा बजट 2026-27 में की गई उस घोषणा का हिस्सा है, जिसमें उन्होंने पारंपरिक स्ट्रीट लाइटों को ऊर्जा कुशल स्मार्ट एलईडी प्रणाली में बदलने की घोषणा की थी। वर्तमान में पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर लगभग 45 हजार पुरानी एचपीएसवी (हाई प्रेशर सोडियम वेपोर) लाइटें और 51 हजार एचपीएसवी एलईडी लाइटें लगी हुई हैं। कुल मिलाकर करीब 96 हजार लाइटें और 51,160 पोल इस नेटवर्क का हिस्सा हैं। इस महत्वपूर्ण योजना की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि मौजूदा व्यवस्था में कई गंभीर समस्याएं सामने आ रही थीं। स्ट्रीट लाइटों की वास्तविक समय में निगरानी की सुविधा नहीं होने के कारण खराब लाइटों की जानकारी केवल शिकायत मिलने के बाद ही हो पाती थी। कई स्थानों पर लंबे समय तक डार्क स्पॉट बने रहते थे। सड़कों पर पर्याप्त रोशनी नहीं होने से सड़क सुरक्षा और महिलाओं की सुरक्षा प्रभावित होती थी। इसके अलावा अलग-अलग प्रकार की लाइटों के कारण प्रकाश की गुणवत्ता में असमानता, अधिक बिजली खपत और प्रकाश प्रदूषण जैसी समस्याएं भी सामने आ रही थीं।

उन्होंने बताया कि नई स्मार्ट एलईडी प्रणाली इन समस्याओं का व्यापक समाधान देगी। परियोजना के तहत सभी एचपीएसवी लाइटों और पुरानी एलईडी लाइटों को स्मार्ट एलईडी लाइटों में बदला जाएगा। साथ ही भविष्य की जरूरतों और छूटे हुए स्थानों को ध्यान में रखते हुए 5 हजार अतिरिक्त पोल लगाने का भी प्रावधान किया गया है। नई व्यवस्था की सबसे बड़ी विशेषता इसका केंद्रीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (सीसीसी) होगा। इसके माध्यम से प्रत्येक स्ट्रीट लाइट की वास्तविक समय में निगरानी की जा सकेगी। किसी भी लाइट के खराब होने की जानकारी तुरंत मिल जाएगी और उसे दूर से नियंत्रित भी किया जा सकेगा। आवश्यकता पड़ने पर रोशनी की तीव्रता को 90 प्रतिशत तक कम या अधिक करने की क्षमता भी इस प्रणाली में होगी। इससे बिजली की बचत के साथ बेहतर प्रबंधन संभव होगा।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी बताया कि वित्तीय दृष्टि से यह परियोजना दीर्घकालिक बचत का माध्यम बनेगी। एलईडी प्रणाली लागू होने के बाद हर वर्ष लगभग 25 करोड़ रुपये की बिजली बचत होगी। पांच वर्षों की अवधि में वर्तमान व्यवस्था की तुलना में बिजली खर्च में भारी कमी आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का मानना है कि इस परियोजना से दिल्ली की सड़कें डार्क स्पॉट मुक्त होंगी, महिलाओं की सुरक्षा मजबूत होगी, सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और राजधानी को आधुनिक, सुरक्षित तथा ऊर्जा दक्ष प्रकाश व्यवस्था मिलेगी। उन्होंने दोहराया कि इस परियोजना को दीवाली तक पूरा कर लिया जाएगा ताकि इस पर्व पर पूरी दिल्ली जगमगाती नजर आए। बैठक के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री श्री प्रवेश साहिब सिंह ने सुझाव दिया कि चूंकि यह योजना दिल्ली सरकार की महत्वपूर्ण योजना है।

# एसी फटने से लगी आग बाल-बाल बचा परिवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा स्थित जीटीबी एंक्लेव थाना इलाके में बुधवार दोपहर एक फ्लैट में स्प्लिट एसी फटने से अचानक आग लग गई। हादसे के वक्त फ्लैट में मुकुल, उनकी पत्नी और एक छोटा बेटा मौजूद थे।

गनीमत यह रही कि आग भड़कते ही परिवार के तीनों सदस्य तुरंत घर से बाहर निकल गए जिससे इस हादसे में किसी भी प्रकार का जनहानि नहीं हुई।

पुलिस को बुधवार दोपहर करीब 3:30 बजे आर-ब्लॉक के एक मकान में आग लगने की पीसीआर कॉल मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और दमकल विभाग की दो गाड़ियां तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गईं। दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद कुछ ही देर में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया।

पीड़ित परिवार ने पुलिस को जानकारी दी है कि उन्होंने घटना से ठीक एक दिन पहले यानि मंगलवार को ही अपने स्प्लिट एसी में गैस रिफिल करवाई थी। शुरुआती जांच के आधार पर आग लगने की मुख्य वजह 'शॉर्ट सर्किट' मानी जा रही है।

फिलहाल, पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और आग लगने के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच कर रही है।

## केजरीवाल के बिजली कटौती के दावे को झूठा बताया

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पूर्व मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल के दिल्ली में बिजली की कटौती के दावे का खंडन करते हुए इसे 100% झूठ उनकी इस संदर्भ में की गई सोशल मीडिया एक्स पोस्ट को एक छलावा बताया है। इस पोस्ट का मकसद केवल दिल्ली एवं चुनावी राज्य पंजाब की जनता को गुमराह करना है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की दिल्ली में आज दोपहर बिजली की मांग लगभग 8039 मेगावाट पर जा पहुंची जिसकी पावर डिस्कॉम ने सफलता से पूर्ती की। विगत दो दिन में दिल्ली कहीं भी कोई प्लान बिजली कटौती नही की गई है, अगर कहीं छोटी मोटी लोकल फालट हुई है तो उसे बहुत कम समय में ठीक किया गया।

# वर्क फ्रॉम होम का पालन नहीं होने पर नाराजगी जताई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ईरान युद्ध के चलते पैदा हुए वैश्विक तेल संकट और प्रधानमंत्री की ईंधन बचत अपील के बाद दिल्ली सरकार के सरकारी कार्यालयों में वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था लागू करने का फैसला एमसीडी में पूरी तरह नदारद दिखा।

एमसीडी की ओर से एडवाइजरी जारी होने के बावजूद बुधवार को एमसीडी के किसी भी विभाग में वर्क फ्रॉम होम लागू नहीं किया गया और रोजाना की तरह सभी कर्मचारी एवं अधिकारी कार्यालय पहुंचे। इसपर स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कड़ी नाराजगी जताई और अतिरिक्त आयुक्त मुख्यालय से जवाब तलब किया। दिल्ली सरकार ने तेल की खपत कम करने, ट्रैफिक दबाव घटाने और ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभागों को सीमित उपस्थिति रखने और गैर-जरूरी स्टाफ को घर से काम करने की अनुमति देने के निर्देश दिए थे। एमसीडी प्रशासन ने भी इसके तहत एडवाइजरी जारी की, लेकिन जमीनी स्तर पर किसी भी विभाग में उसका पालन नहीं कराया गया।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने आधिकारिक आवास से हाइब्रिड मोड में विभागीय बैठक करते हुए।

# हत्या मामले में भगोड़ा चौबीस साल बाद पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पैरोल जंपर को 24 साल बाद पकड़ा है।आरोपी ने अपनी पहचान बदल ली थी और उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक नए नाम से रह रहा था। दिल्ली पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बताया कि अपराध शाखा द्वारा राकेश पटेल उर्फ घ्पप्पी नामक पैरोल जंपर को कार्रवाई के लिए चिन्हित किया गया। जांच में पता चला कि आरोपी राकेश ने दो अन्य व्यक्तियों-चंदर और अनिल -के साथ मिलकर, एक मामूली बात पर अपने पड़ोसी की बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद एसीपी अशोक शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर अजय शर्मा के नेतृत्व में टीम ने राकेश पटेल की तलाश शुरू की।

इसी बीच एएसआई नरेंद्र और हेड कांस्टेबल रविंदर की एक टीम को एक विश्वसनीय गुप्त सूचना मिली कि पैरोल जंपर राकेश पटेल उर्फ श्पप्पीश इस समय जिला प्रयागराज, में अपने परिवार के साथ रह रहा है और उसने अपना नाम बदलकर 'नंदलाल वर्मा' रख लिया है। इस जानकारी पर और गुप्त मुखबिर के इशारे पर, राकेश पटेल उर्फ श्पप्पीश को पकड़ लिया गया।पकड़े जाने के बाद आरोपी ने पुलिस टीम को गुमराह करने की को. शिश की। लगातार पूछताछ और मामले के विवरण, शिकायतकर्ता और सह-आरोपियों से आमना-सामना कराए जाने पर, राकेश पटेल उर्फ 'पप्पी' उर्फ 'नंदलाल वर्मा' आखिरकार टूट गया और उसने कबूल कर लिया कि वह उक्त मामले में शामिल था।

# सरकार गोवंश को 'राष्ट्रीय पशु' का दर्जा दे : जमीयत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने केंद्र सरकार से बड़ी मांग रखते हुए कहा है कि गोवंश को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिया जाए। जमीयत अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने सरकार से यह बड़ी मांग रखते हुए कहा कि देश के मुसलमानों को इस पर कोई आपत्ति नहीं होगी, बल्कि उन्हें खुशी होगी कि गाय के नाम पर होने वाली भीड़ हिंसा और हत्या की घटनाएं बंद हो जाएंगी। ईद उल अजहा 28 मई को है। जिस दिन गोवंश की भी कुर्बानी के मामले सामने आते हैं। जिसपर भारी विवाद होता है। क्योंकि, हिंदू गाय को पवित्र मानते हुए मां का दर्जा देते हैं। मदनी ने जारी बयान में यह मांग रखी साथ ही सवाल उठाया कि जब देश की बहुसंख्यक आबादी गाय को केवल पवित्र ही नहीं मानती, बल्कि उसे मां का दर्जा देती है, तो फिर ऐसी क्या राजनीतिक मजबूरी है कि सरकार उसे "राष्ट्रीय पशु" घोषित करने से बच रही है?

उन्होंने कहा कि यह मांग केवल हम नहीं कर रहे हैं, बल्कि अनेक साधु-संत भी लंबे समय से कर रहे हैं। उसके बावजूद यदि सरकार इस विषय को गंभीरता से नहीं ले रही है, तो इसका क्या अर्थ निकाला जाए? मौलाना मदनी ने कहा कि गाय के मुद्दे को एक राजनीतिक और भावनात्मक विषय बना दिया गया है। कुछ लोग योजनाबद्ध तरीके से गौकशी की अफवाह फैलाकर या पशु तस्करी के नाम पर निर्दोष लोगों को हिंसा का शिकार बना देते हैं। दुखद पहलू यह है कि लगातार झूठ और अफवाहों के जरिए पूरे देश में मुसलमानों की छवि इस तरह खराब कर दी गई है कि समाज का एक बड़ा वर्ग मुसलमानों को गाय का विरोधी समझने लगा है। भीड़ हिंसा की एक बड़ी वजह यही मानसिकता है। उन्होंने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है। पहले बड़ी संख्या में मुसलमान गाय पालते थे और उससे दूध का व्यवसाय करते थे, लेकिन वर्ष 2014 के बाद देश में जो माहौल पैदा हुआ, उसके बाद मुसलमानों ने एहतियात बरतनी शुरू कर दी और अब अधिकांश लोग गाय की जगह भैंस पालना अधिक सुरक्षित समझते हैं।

## 25 मई तक गर्मी का ऑरेंज अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की गर्मी ने अपने रंग दिखाने शुरू कर दिए हैं। इस पूरे सप्ताह ही दिल्ली वासियों को भीषण गर्मी का सामना करना पद सकता है। । तीखी धूप में तापमान में भी तेजी से वृद्धि होगी और लू भी चलेगी। मौसम विभाग ने 25 मई तक के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दूसरी तरफ दिल्ली की वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में ही चल रही है। बुधवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 28.3 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 45 डिग्री के आसपास रहा। दिन भर आसमान साफ रहेगा एवं तेज धूप भी निकली रहेगी। गर्म हवा के थपेड़े भी खाने पड़ सकते हैं।

# नजफगढ़ में युवक को गोली मारने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बीते अप्रैल महीने में नजफगढ़ इलाके में दोस्त के चाचा को बचाने की कोशिश की तो बदमाशों ने युवक के पैर में गोली मार दी थी। वारदात के मुख्य आरा. ेपी गौरव उर्फ लव शर्मा उर्फ संदीप उर्फ मसालेवाला को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी नजफगढ़ पुलिस को हिस्ट्रीशीटर है और 11 वारदातों में शामिल रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 23 अप्रैल की रात करीब 11 बजे को नजफगढ़ पुलिस को रोशन गार्डन इलाके में एक युवक के पैर में गोली लगने की पीसीआर कॉल हुई थी। पुलिस मौके पर पहुंची। युवक को तुरंत नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस को पता चला जब युवक अपने दोस्त के घर पर सो रहा था। दोस्त की भतीजी ने उसे बताया कि दो लोग उसके चाचा के साथ झगड़ा कर रहे हैं। जब वह घर से बाहर आया, तो उसने देखा कि नजफगढ़ पुलिस के घोषित बदमाश गौरव उर्फ मसालेवाला और प्रिंस मित्तल उसके दोस्त के साथ मारपीट कर रहे थे। जब उसने झगड़े में दखल दिया और उन्हें रोकने की कोशिश की, तो गौरव उर्फ मसाले वाला ने उसके पैर में गोली मार दी।

# ऑनलाइन स्टॉक मार्केट में निवेश के बहाने की 24 लाख की धोखाधड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस के साइबर थाने के स्टाफ ने अंतर-राज्यीय निवेश धोखाधड़ी गैंग का भंडाफोड़ कर आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उनके पास से आठ मोबाइल फोन ,अपराध से जुड़े बैंकिंग रिकॉर्ड, कमीशन-बंटवारे के रिकॉर्ड और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए हैं। इस गैंग के तार कंबोडिया के व्हाट्सएप नंबरों का इस्तेमाल करने वाले विदेशी ऑपरेटरों से जुड़े पाए गए है।धोखेबाजों ने 24 लाख रूपये की ठगी की।

दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि 20 मार्च को जिले के साइबर थाने में शिकायत कर्ता की शिकायत परऑनलाइन स्टॉक मार्केट में निवेश के बहाने लगभग 24 लाख रूपये की धोखाधड़ी का एक मामला दर्ज किया गया। इसके बाद एसीपी ऑपरेशन संघमित्रा की देखरेख में एसएचओ साइबर ऑपरेशन प्रवेश कौशिक के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।जांच के दौरान टीम को पता चला कि धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए व्हाट्सप्प नंबर कंबोडिया से चलाए जा रहे थे और अपराध होने के बाद धोखाधड़ी वाली निवेश वेबसाइट को बंद कर दिया गया था।

जांच में आगे पता चला कि धोखाधड़ी से कमाए गए पैसे को अलग-अलग राज्यों में खोली गई नकली कंपनियों के नाम पर बने कई श्म्यूल बैंक खातोंश के जरिए घुमाया गया था। 6.70 लाख की राशि का पता एक बैंक खाते से चला, जो आरोपी अभिषेक से जुड़ा था।





बंगाली मार्केट में केमिस्टों के बंद का कोई आसार नजर नहीं आया, सभी दुकानें खुली रही।
फोटो: भूपेश गुप्ता

# ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ केमिस्टों की हड़ताल का रहा मिला-जुला असर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर बुधवार को दिल्ली-एनसीआर में केमिस्ट हड़ताल का मिला-जुला असर देखने को मिला।

कई स्थानीय बाजारों में मेडिकल स्टोर बंद रहे तो कहीं खुले भी मिले। जबकि अस्पताल परिसरों, सरकारी केंद्रों और बड़ी फार्मेसी चेन की दुकानें सामान्य रूप से खुली रहीं। हड़ताल ऑनलाइन दवा बिक्री और ई-फार्मेसी प्लेटफॉर्म के विरोध में बुलाई गई थी। केमिस्ट संगठनों का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भारी छूट देकर पारंपरिक मेडिकल स्टोरों के कारोबार को प्रभावित कर रहे हैं।

दिल्ली के लक्ष्मी नगर, प्रीत विहार, करोल बाग और चांदनी चौक समेत कई इलाकों में स्थानीय मेडिकल स्टोर बंद दिखाई दिए।

हालांकि एम्स, सफदरजंग, आरएमएल और एलएनजेपी जैसे बड़े सरकारी अस्पतालों और निजी नर्सिंग होम के पास स्थित मेडिकल स्टोर खुले रहे, जिससे मरीजों को राहत मिली।

## उम्रकैद की सजा काट रहा पैराल जंपर 24 साल बाद प्रयागराज से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे पैरोल जंपर आरोपी राकेश पटेल उर्फ पप्पी को अपराध शाखा ने 24 साल बाद गिरफ्तार किया है। 2002 में वह पैरोल पर बाहर आया था,जिसके बाद वह वापिस जेल नहीं गया और अपनी पहचान बदलकर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक नए नाम से रह रहा था। एसीप अशोक शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर अजय शर्मा के निर्देशन में पुलिस टीम ने प्रयागराज के ठिकाने से आरोपी को पकड़ा। जहां पर वह नंदलाल वर्मा के नाम से रह रहा था। पूछताछ करने पर पता चला कि उसे पहली बार वर्ष 1999 में कोर्ट द्वारा अपनी शादी संपन्न कराने के लिए पैरोल दी गई थी, जिसके बाद उसने जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक / निर्माण / कश्मीरी गेट, दिल्ली-110006, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्न लिखित वस्तुओ कि आपूर्ति के लिए ई खरीद प्रणाली के माध्यम से ई निविदाए आमंत्रित करते है।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 40265128 | आईएसआई प्रमाणित एचटी एक्सएलपीई (क्रॉस लिंक्ड पॉलीइथिलीन इंसुलेटेड थर्मोप्लास्टिक्स शीथेड) केबल, पीवीसी बाहरी आवरण के साथ गैल्वनाइज्ड फॉर्मेड वायर आर्मर्ड और एल्युमिनियम कंडक्टर केबल, 11 किलोवाट रेटिंग, आईएस: 7098 पार्ट-2-2011 या नवीनतम मानकों के अनुरूप। आकार: 3 कोर x 150 वर्ग मिलीमीटर। | 4600 मीटर | 15.06.2026 |

नोट :- 1. विस्तृत जानकारी IREPS की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी ।
सं. डिप्टी.सी.एम.एम./सी./एन.आर /40265128, दिनांक 19.05.26
1681/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## डीयू एमटेक को एआईसी टीई से मंजूरी, गेट से होगा दाखिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एमटेक माइक्रोवेव्स एंड कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम में प्रवेश ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजी. नियरिंग (गेट) के माध्यम से देगा। यदि सीटें बची तब सीयूईटी पीजी के माध्यम से दाखिला दिया जाएगा। विश्वविद्यालय की दाखिला शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय को इस कोर्स के लिए ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुक. ेशन(एआईसीटीई) से मंजूरी मिल चुकी है। इस बारे में एक शिक्षक ने बताया कि इसमें दाखिला लेने वाले छात्रों को अब 12 हजार रुपए से अधिक की स्कॉलरशिप भी मिलेगी। विवि के इलेक्ट्रॉनिक साइंस विभाग के अनुसार इस पाठ्यक्रम में कुल 30 सीटें होंगी। इनमें 13 सीटें सामान्य वर्ग, 8 ओबीसी, 4 एससी, 2 एसटी और 3 ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए निर्धारित हैं। कोर्स में प्रवेश के लिए बीटेक, बीई, बीएससी इंजीनियरिंग, एमएससी इलेक्ट्रॉनिक्स, एमएससी फिजिक्स, एप्लाइड फिजिक्स तथा इलेक्ट्रॉनिक्स विशेषज्ञता वाले चार वर्षीय बीएससी ऑनर्स अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।

# एम्स की पार्किंग व्यवस्था से जनता हाल बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली में पार्किंग व्यवस्था यहां इलाज के लिए आने वालों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। गाड़ी पार्क करने में जहां कुछ ही मिनट लगने चाहिए वहां लोगों को एक से दो घंटे तक कतारों में लगना पड़ता है।

गेट नंबर दो पर अधिक भीड़ देखने को मिलती है, जहां से इमरजेंसी के साथ-साथ पार्किंग की भी एंट्री शुरू है। वाहनों की लंबी कतार में फंसे मरीज और उनके तीमारदारों को गर्मी और भीड़ के बीच इंतजार करना पड़ता है। इलाज के लिए दूर-दराज से आने वाले मरीजों का दावा है कि उन्हें अस्पताल समय पर पहुंचने के लिए घर से काफी पहले निकलना पड़ता है, लेकिन इसके बावजूद पार्किंग स्थल तक पहुंचने में ही काफी समय निकल जाता है।

कई बार इस देरी के कारण मरीजों की ओपीडी या जांच का समय भी प्रभावित हो जाता है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, अस्पताल में तीन मंजिल की पार्किंग है, जिसमें ऊपर की दो मंजिलों पर पार्किंग की सुविधा डॉक्टरों, अधिकारियों और स्टाफ के लिए आरक्षित है। ऐसे में, मरीजों के वाहनों की पार्किंग मुख्य रूप से अंडरग्राउंड में निर्धारित है। इसके बावजूद अधिकतर लोग गेट नंबर दो से प्रवेश करते हैं, जिससे दबाव बढ़ जाता है। लोगों को सही प्रवेश द्वार की जानकारी नहीं होती। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार अगर मरीज और परिजन सीधे गेट नंबर छह का उपयोग करें तो उन्हें पार्किंग के लिए कम समय इंतजार करना पड़ेगा और भीड़भाड़ से बचा जा सकता है।

नाम परिवर्तन सूचना

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम **शादाव आलम**-Shadav Alam (**पुराना नाम**) से बदलकर **शादाब अंसारी - Shadab Ansari (नया नाम)** कर लिया है। भविष्य में मुझे शादाब अंसारी पुत्र मौ. हनीफ (Shadab Ansari S/o Mohd Hanif) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**शपथकर्ता:** शादाब अंसारी पुत्र मौ. हनीफ, निवासी: मकान नंबर-23, ग्राम चकमहदूद सानी, पोस्ट व थाना-स्योहारा, तहसील- धामपुर, जिला बिजनौर, पिन- 246746, उत्तरप्रदेश

**वर्तमान पता:** B- 14/63, गली नं. 13, सुभाष मोहल्ला, नॉर्थ घोंडा, गढ़ी मेंडू, उत्तर पूर्वी दिल्ली, दिल्ली - 110053

उत्तर रेलवे

इ-निविदा (इ-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT -01 | **कार्य का नाम**:-1. वरिष्ठ मंडल अभियंता-II के अधिकार क्षेत्र में गाजियाबाद-सहारनपुर-सीटीआर (पी)-6.247 टी किमी एवं टीआरआर (पी)-6.523 टी किमी एवं गाजियाबाद-मुरादाबाद-सीटीआर (पी)-3.092 टी किमी। 2. गाजियाबाद-चिपियाना बुजुर्ग-टीएसआर (पी)-5.0 टी किमी। 3. सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अधिकार क्षेत्र के तहत (MUD-TPZ) सेक्शन में टीएसआर (पी) - 0.732 किमी। 4. साहिबाबाद-गाजियाबाद-तीसरी लाइन-टीआरआर (पी)-4.100 टी किमी। 5. सहायक मंडल अभियंता मेरठ के तहत SSE/MTC एवं MOZ के सेक्शन में गाजियाबाद-सहारनपुर-टीएसआर (पी)-51.440 टी किमी (विस्तृत अनुमान की स्वीकृति की प्रतीक्षा है) ठेकेदार की अपनी एसक्यूआरएस (SQRS) मशीन के साथ। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)** :- 151061406.44 **बयानाराशि (रुपये)** :- 3021300.00 |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 16.06.2026 15:00 Hrs. |
| 3 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई-टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128-W/280/e Tender Notice/NIT-01-26-27-W-II दिनांक: 07.04.2026
1696/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# ब्रजघाट पर दशहरा के पावन पर्व को लेकर प्रसाशन सख्त

## लाखों श्रद्धालुओं के आगमन से पहले ब्रजघाट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, डीआईजी ने संभाली कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर तीर्थनगरी ब्रजघाट में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए हैं। मेरठ परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक कलानिधि नैथानी के निर्देशन में जनपद हापुड़ सहित पूरे मेरठ रेंज में सुरक्षा, यातायात और कानून व्यवस्था को लेकर विशेष रणनीति तैयार की गई है। ब्रजघाट में लाखों श्रद्धालुओं के गंगा स्नान को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल, पीएसी, जल पुलिस, एसडीआरएफ और महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जा रही है। पुलिस प्रशासन के अनुसार जनपद हापुड़ को मेरठ परिक्षेत्र के अन्य जिलों से अतिरिक्त पुलिस बल आवंटित किया गया है। इसमें पांच पुलिस उपाधीक्षक, 25 निरीक्षक, 140 उपनिरीक्षक, 350 मुख्य आरक्षी एवं आरक्षी, 40 महिला उपनि. रीक्षक, 130 महिला मुख्य आरक्षी एवं आरक्षी के साथ यातायात पुलिस का अलग से इंतजाम किया गया है। इसके अलावा पीएसी, फ्लड पीएसी, फायर टेंडर, एंबुलेंस, क्रेन, बीडीडीएस टीम, यातायात मोटरसाइकिल और अन्य आधु. निक संसाधन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

स्नान घाटों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सादे कपड़ों में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी, ताकि छेड़छाड़, चेन स्नैचिंग और झपटमारी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि स्नान स्थलों और प्रमुख मार्गों का भौतिक सत्यापन कर यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। मेरठ परिक्षेत्र में गंगा दशहरा के अवसर पर कुल 23 घाटों पर



स्नान होगा। इनमें मेरठ में पांच, बुलंदशहर में 14, बागपत में एक और हापुड़ में तीन घाट शामिल हैं। पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरे परिक्षेत्र में छह अपर पुलिस अधीक्षक, 19 क्षेत्राधिकारी, 87 निरीक्षक, 523 उपनिरीक्षक, 634 मुख्य आरक्षी, 638 आरक्षी, 240 होमगार्ड एवं पीआरडी जवानों के साथ तीन कंपनी पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा अब तक पीस कमेटी, धर्मगुरुओं, शांति समिति, विभिन्न विभागों और आयोजन समितियों के साथ कई बैठकें भी आयोजित की जा चुकी हैं, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने स्पष्ट कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का क्षत-विक्षत शव, इलाके में सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कुचेसर चौपला रेलवे ट्रैक पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में अमरोहा निवासी व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब आठ बजे कुचेसर चौपला रेलवे ट्रैक पर खंभा नंबर 91/13 से 91/15 के बीच एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा मिला। राहगीरों द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में मृतक की पहचान सत्यप्रकाश सिंह पुत्र चेतराम सिंह निवासी ग्राम भटोला शर्की थाना हसनपुर जिला अमरोहा के रूप में हुई। प्राथमिक जांच में सामने आया कि सत्यप्रकाश सिंह किसी समय रेलवे ट्रैक के पास पहुंचे थे, इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा हादसे के कारणों की भी जांच की जा रही है।

## महिला स्वास्थ्य सेवा को नई उड़ान, सिम्स में हुई जटिल पेल्विक रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी सफल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ने महिला स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार सैक्रोस्पाइनस लिगामेंट फिक्सेशन (SSLF) सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। यह अत्याधुनिक एवं जटिल सर्जरी पोस्ट-हिस्टेरेक्टॉमी वैजाइनल वॉल्ट प्रोलैप्स से पीड़ित महिला मरीज पर की गई, जिसे स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की वरिष्ठ विशेषज्ञ डा. पूजा देवान और उनकी टीम ने सफलतापूर्वक पूरा किया।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार 46 वर्षीय मरीज राजबाला पिछले कई वर्षों से गंभीर वैजाइनल उभार, असुविधा, चलने-फिरने में परेशानी और दैनिक कार्यों में कठिनाई जैसी



समस्याओं से जूझ रही थीं। करीब 15 वर्ष पहले उनका एब्डॉमिनल हिस्टेरेक्टॉमी ऑपरेशन हुआ था, जिसके बाद धीरे-धीरे उन्हें वैजाइनल वॉल्ट प्रोलैप्स और पेल्विक फ्लोर की कमजोरी की समस्या हो गई। इस बीमारी का असर उनके आत्मविश्वास और सामान्य जीवन पर भी पड़ रहा था। सर्जरी के दौरान मरीज में सिस्टोसील और रेक्टोसील जैसी अतिरिक्त समस्याएं भी सामने आईं। डाक्टरों ने एंटीरियर कोल्पोरैफी के माध्यम से सिस्टोसील को ठीक किया, जबकि पोस्टीरियर कोल्पोपेरिनियोरैफी द्वारा रेक्टोसील और कमजोर पेरिनियल बॉडी का पुनर्निर्माण किया गया। पूरी सर्जरी बिना किसी जटिलता के सफलतापूर्वक संपन्न हुई। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति लगातार बेहतर रही और दो सप्ताह बाद फॉलो-अप जांच में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डा. परिधि गर्ग ने बताया कि सैक्रोस्पाइनस लिगामेंट फिक्सेशन पोस्ट-हिस्टेरेक्टॉमी वैजाइनल वॉल्ट प्रोलैप्स के उपचार की सबसे प्रभावी सर्जरी में गिनी जाती है। डा. जे. रामचंद्रन ने चिकित्सा टीम को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी आधु. निक सर्जिकल विशेषज्ञता संस्थान को स्वास्थ्य सेवाओं, नवाचार और रोगी देखभाल के क्षेत्र में नई पहचान दिला रही है। इस उपलब्धि पर वरिष्ठ प्रबंधन टीम में शामिल डा. बरखा गुप्ता, ब्रिगेडियर डा. आर.के. सहगल, एन. वर्धराजन, रघुवर दत्त और डा. मेजर जनरल चरणजीत सिंह अहलूवालिया ने भी स्त्री रोग विभाग की टीम की सराहना करते हुए इसे महिला स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहा. सिक कदम बताया।

## चलते ट्रक के केबिन में लगी भीषण आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गुजरात के गांधीधाम से प्लाईबोर्ड लेकर आ रहे एक ट्रक के केबिन में अचानक आग भड़क उठी। घटना हापुड़ कोतवाली के ठीक सामने हुई, जिससे राहगीरों और आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत ट्रक रोककर छलांग लगा दी, जिससे उसकी जान बच गई।

बताया गया कि ट्रक प्लाईबोर्ड की खेप लेकर हापुड़ होते हुए आगे जा रहा था। देर रात जैसे ही वाहन कोतवाली के सामने पहुंचा, चालक को केबिन से धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं और पूरा केबिन धुएं से भर गया। चालक जावेद ने बिना देर किए ट्रक सड़क किनारे



रोका और बाहर निकल आया। घटना के दौरान मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों को आशंका थी कि यदि आग डीजल टैंक तक पहुंच गई तो बड़ा हादसा हो सकता है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को जानकारी दी गई। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का अभियान शुरू कर दिया। काफी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि ट्रक में भरे प्लाईबोर्ड तक आग नहीं पहुंची और बड़ा नुकसान टल गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि ट्रक के विद्युत सिस्टम में खराबी के कारण आग भड़की हो सकती है। फिलहाल पुलिस और दमकल विभाग पूरे मामले की जांच में जुटा है।

## ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ केमिस्टों का देशव्यापी बिगुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री और क्विक कॉमर्स कंपनियों की मनमानी के विरोध में बुधवार को जिले भर के केमिस्ट एवं दवा विक्रेताओं ने एक दिवसीय सांके. तिक हड़ताल कर अपनी दुकानें बंद रखीं। केमिस्टों ने प्रधानमंत्री के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजते हुए आूनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल रोक लगाने और छोटे दवा व्यापारियों के हितों की रक्षा की मांग उठाई।

ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स तथा ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स उत्तर प्रदेश के आहवान पर जिले के समस्त केमिस्ट एवं दवा विक्रेताओं ने आंदोलन में भाग लिया। दवा व्यापारियों ने कहा कि लंबे समय से संबंधित प्राधिकरणों से शिकायत और मांग करने के बावजूद ऑनलाइन माध्यम से हो रही अवैध दवा बिक्री पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे व्यापारियों में भारी आक्रोश है। ज्ञापन में कहा गया कि बिना किसी स्पष्ट वैधानिक प्रावधान के ऑनलाइन कंपनियां वर्षों से दवाओं की बिक्री कर रही हैं। फर्जी ई-प्रिस्क्रिप्शन, बिना चिकित्सकीय परामर्श के घर-घर दवा वितरण और भारी छूट देकर दवाएं बेचने जैसी गतिविधियां मरीजों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुकी हैं। आरोप लगाया कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 एवं नियम 1945 में ऑनलाइन दवा बिक्री का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है, इसके बावजूद विभिन्न



ऑनलाइन प्लेटफॉर्म खुलेआम दवाओं की बिक्री कर रहे हैं। केमिस्ट संगठनों ने मांग की कि अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। दवा व्यापारियों ने कहा कि कोविड महामारी जैसे कठिन समय में देशभर के केमिस्टों ने निर्बाध दवा आपूर्ति सुनिश्चित कर स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ के रूप में काम किया था। ऐसे में सरकार को छोटे दवा व्यापारियों और मरीजों की सुरक्षा के हित में जल्द ठोस कदम उठाने चाहिए।

## डिजिटल इंडिया को मिली नई ताकत, छात्रों को मिला तकनीक का साथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शिक्षा और डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में बुधवार को पिलखुवा में एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली। ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड ओएनजीसी द्वारा सीएसआर योजना के तहत आयोजित टैबलेट वितरण कार्यक्रम में विद्यार्थियों के चेहरों पर नई उम्मीद और उत्साह साफ नजर आया। पिलखुवा स्थित ब्लू सफायर प्लाजा में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंच से विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित कर उन्हें डिजिटल शिक्षा से जोड़ने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में धौलाना विधायक धर्मेश सिंह तोमर मौजूद रहे। इसके अलावा भाजपा जिला अध्यक्ष कविता म्हात्रे और पिलखुवा नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल समेत कई जनप्रति. निधियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। अतिथियों ने विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षा को तकनीक से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में डिजिटल इंडिया, नई शिक्षा नीति और आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाया जा रहा है। विधायक धर्मेश सिंह तोमर



ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा और युवाओं के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष कविता मात्रे ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ अब गांव और कस्बों तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उन्हें आधुनिक तकनीकी संसाधनों से जोड़ना है, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का मजबूती से सामना कर सकें। कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कदम बताया।

## हाईवे पर मोबाइल लूटने वाले बदमाश गिरफ्तार, पुलिस ने खोले कई राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हाफिजपुर पुलिस ने मोबाइल छिनैती और चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी के अनुसार थाना हाफिजपुर पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान रामपुर अंडरपास के पास दो संदिग्ध युवक केटीएम मोटरसाइकिल पर आते दिखाई दिए। पुलिस ने रोककर पूछताछ की तो दोनों घबरा गए। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस, चाकू और बड़ी संख्या में मोबा. इल फोन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपितों ने मोबाइल छिनैती और चोरी की कई घटनाओं को कबूल किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सलीम पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम खेड़की थाना चांदपुर जनपद बिजनौर तथा अमन पुत्र गुलफाम निवासी ग्राम दीपा जलालपुर थाना चांदपुर जनपद बिजनौर के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी सुनसान रास्तों और हाईवे पर मोबाइल पर बात करते हुए पैदल या बाइक सवार लोगों को निशाना बनाते थे। तेज रफ्तार केटीएम बाइक से पास पहुंचकर झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लेते और फरार हो जाते थे। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही दोनों के आपराधिक इतिहास की जानकारी भी खंगाली जा रही है। थाना हाफिजपुर पुलिस का कहना है कि गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है और जल्द ही कई अन्य घटनाओं का भी खुलासा हो सकता है।

## महंगी गैस और बिजली बिल के विरोध में बहुजन मुक्ति पार्टी का हल्लाबोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महंगाई, स्मार्ट मीटर, महंगी घरेलू गैस और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में बुधवार को बहुजन मुक्ति पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी पदा. धिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए केंद्र सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए तत्काल बदलाव की मांग उठाई।

बहुजन मुक्ति पार्टी के पदाधिका. रियों ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रही है। स्मार्ट मीटर के जरिए उपभोक्ताओं पर अधिक बिजली बिल थोपा जा रहा है,



जबकि घरेलू और कॉमर्शियल गैस की कीमतों में भारी बढ़ोतरी ने गरीब और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि निजी कंपनियां स्मार्ट मीटर के माध्यम से जनता की आर्थिक लूट कर रही हैं। ज्ञापन में कहा गया कि स्मार्ट मीटर पारदर्शी नहीं हैं और इनमें लगी सिम के जरिए बिजली यूनिट बढ़ाकर उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बिल डाला जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 1500 से 2000 रुपये और कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 3500 रुपये तक पहुंचने पर चिंता जताई। पार्टी नेताओं ने कहा कि कॉमर्शियल गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों के सामने बेरोजगारी का संकट खड़ा हो गया है। पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों को भी किसान, मजदूर, छात्र और कर्मचारियों पर आर्थिक बोझ बताया गया। बहुजन मुक्ति पार्टी ने बताया कि यह आंदोलन तीन चरणों में देश के 625 जिलों में चलाया जा रहा है। पहले चरण में स्मार्ट मीटर के विरोध में लालटेन भेंट आंदोलन किया गया, जबकि दूसरे चरण में महंगी गैस के खिलाफ चूल्हा जलाओ धरना-प्रदर्शन किया गया। तीसरे चरण में 31 मई को पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में 'दे धक्का आंदोलन' किया जाएगा।

### एक नजर

#### नीलम शंखवार को मिला ग्लोबल आइकॉन फिनिक्स क्वीन 2026 का ताज

y[kuÅA राजधानी की नीलम शंखवार को वीजी मिसेज इंडिया ग्लोबल आइकॉन फिनिक्स क्वीन 2026 का ताज मिला। पेशे से शिक्षिका नीलम शंखवार ने आज लखनऊ में एक पत्रकार वार्ता में बताया कि यह ताज नई दिल्ली के फेयरली होटल्स एंड रिसॉर्ट्स में राष्ट्रीय स्तर की कड़ी सौन्दर्य प्रतियोगिता में हासिल किया है। यह प्रतियोगिता ष्ड्रीम डेयर एंड बी द क्वीनष थीम पर आधारित थी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में ट्रडिशनल राउंड, डांस राउंड, इवनिंग गाउन सेगमेंट, टैलेंट शोकेस, पर्सनल इंटरव्यू और रैंप वॉक शामिल था। नीलम की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और निरंतर प्रयास का अहम योगदान रहा। उन्होंने यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य के प्रति सच्ची लगन और आत्मविश्वास हो, तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

#### विश्व विख्यात अजय याग्निक द्वारा सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन

y[kuÅA इमेजिन रिसोर्ट में विश्व विख्यात पूज्य अजय याग्निक महाराज का भव्य आगमन हुआ, जहां उनके मुखारविंद से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भक्ति और आस्था के साथ सहभागिता की। सुंदरकांड पाठ ने उपस्थित भक्तों के लिए आध्यात्मिक अमृत का कार्य किया और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के आयोजक इमेजिन रिसोर्ट के निदेशक रोहित अग्रवाल एवं भारत शेट्टी परिवार द्वारा पूरे श्रद्धाभाव से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार में राष्ट्रीय लोकदल के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, राज्य मंत्री अरुण सक्सेना, सांसद अशोक वाजपेई, बीडी ग्रुप के निदेशक विराज दास सहित अनेक विशिष्ट अतिथि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

#### अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा

**शेरकोट।** लगभग पांच दिन पूर्व एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो जाने के मामले में उसकी पत्नी ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि ग्राम नात्थाडोई निवासी मनोज कुमार 15 मई को किसी कार्य से अपने गांव आए हुए था। शाम करीब 6 बजे वह गांव के रिंकू पुत्र पीतम के साथ उसकी बाइक पर सवार होकर ग्राम मंधौरा से अपने गांव नात्थाडोई लौट रहे थे। जैसे ही दोनों ग्राम मंधौरा और नात्थाडोई के बीच पहुंचे, तभी एक अज्ञात वाहन चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में मनोज कुमार और बाइक चालक रिंकू गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# एआई मिशन को गति देगा यूपी डाटा सेंटर क्लस्टर: मुख्यमंत्री

## योगी आदित्यनाथ ने डाटा सेंटर क्लस्टर, प्रोजेक्ट गंगा और गेहूं प्रसंस्करण नीति की उच्च स्तरीय समीक्षा की

'kkg VkbEl l oknnkrk

y[kuÅA मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रदेश के भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े तीन महत्वपूर्ण विषयों, उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर क्लस्टर (यूपीडीसीसी), प्रोजेक्ट गंगा तथा गेहूं के इन–हाउस प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए मंडी शुल्क एवं मंडी सेस में संभावित छूट जैसे महत्वपूर्ण विषयों की उच्च स्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने यूपी डाटा सेंटर क्लस्टर (यूपीडीसीसी) की समीक्षा करते हुए कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश के एआई मिशन की बुनियादी संरचना तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि डाटा सेंटर क्लस्टर केवल एनसीआर क्षेत्र तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रदेश के अन्य हिस्सों को भी इससे जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इसकी शुरुआत बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) क्षेत्र से की जा सकती है, जहां बड़े पैमाने पर भूमि उपलब्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि टाटा समूह सहित बड़ी टेक कंपनियों से संवाद स्थापित कर लखनऊ को "एआई सिटी" के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाए।

बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर क्लस्टर प्रदेश को भारत और ग्लोबल साउथ का सबसे बड़ा एआई कंप्यूट पावर सेंटर बनाने की दीर्घकालिक रणनीति है। आईआईटी कानपुर, एनआईटी प्रयागराज और 50 से अधिक इंजीनियरिंग संस्थानों के कारण राज्य में विशाल तकनीकी प्रतिभा उपलब्ध है। राज्य भारत के सभी समुद्री केबल लैंडिंग पॉइंट्स से जुड़ा हुआ है। राज्य के भीतर 5 मिलीसेकंड से कम लेटेंसी तथा मुंबई और चेन्नई जैसे डिजिटल हब तक 5दृ12 मिलीसेकंड कनेक्टिविटी उपलब्ध है। वैश्विक टेक कंपनियों के लिए यूपी कम लागत, बेहतर स्केलेबिलिटी और अधिक नेटवर्क रिडंडेंसी वाला आदर्श एआई इंफ्रास्ट्रक्चर हब है।

योजना के तहत 20 लाख से अधिक घरों को फाइबर आधारित हाई–स्पीड इंटरनेट नेटवर्क से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक डीएसपी अपने क्षेत्र में 200 से 300 घरों को कनेक्ट कर सकेगा। महिला उद्यमिता को भी विशेष प्राथमिकता दी गई है और लगभग 50 प्रतिशत महिला उद्यमियों को जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया है।

बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक राज्य है। वर्ष 2025–26 में प्रदेश में 372 लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादन का अनुमान है, जबकि कुल उपलब्धता 407 लाख मीट्रिक टन तक पहुंचती है। प्रदेश में लगभग 2.88 करोड़ किसान गेहूं उत्पादन से जुड़े हैं।

इसके बावजूद सीमित प्रसंस्करण क्षमता के कारण बड़ी मात्रा में गेहूं कच्चे अनाज के रूप में दूसरे राज्यों में चला जाता है, जिससे मूल्य संवर्धन, जीएसटी राजस्व और रोजगार के अवसर प्रदेश से बाहर चले जाते हैं।

प्रदेश में 559 रोलर फ्लोर मिल्स हैं जिनकी कुल मिलिंग क्षमता 218.4 लाख मीट्रिक टन है, लेकिन वास्तविक उपयोग केवल 126.45 लाख मीट्रिक टन तक सीमित है। इसके अलावा 40 हजार से अधिक आटा चक्कियां भी संचालित हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि यदि राज्य के भीतर ही गेहूं प्रसंस्करण को बढ़ावा मिले तो रोजगार, बिजली खपत, जीएसटी संग्रह और खाद्य उद्योगों में बड़ा विस्तार हो सकता है। समिति ने सुझाव दिया कि उत्तर प्रदेश में पंजीकृत मिलों द्वारा राज्य के भीतर प्रसंस्करण हेतु खरीदे गए गेहूं पर मंडी शुल्क एवं विकास उपकर में छूट दी जाए, लेकिन व्यापारिक गतिविधियों पर यह छूट लागू न हो।

# दीपिका की सास और चाचा ससुर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के जलपुरा गांव में विवाहित दीपिका नागर की दहेज के लिए हत्या करने के आरोप में पुलिस ने बुधवार को सास और चाचा ससुर को भी गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले आरोपी पति और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस का दावा है कि घटना में शामिल फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। कुड़ीखेड़ा गांव निवासी संजय नागर ने अपनी 24 वर्षीय बेटी दीपिका नागर का विवाह 11 दिसंबर 2024 को जलपुरा गांव निवासी रितिक के साथ किया था। पिता संजय के अनुसार शादी में उन्होंने करीब एक करोड़ रुपये खर्च किए थे।





इसके बावजूद बेटी के ससुराल वाले लगातार अतिरिक्त दहेज में एक फॉर्च्यूनर और 50 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। पिता का आरोप है कि दहेज के लिए आरोपियों ने रविवार को उनकी बेटी की हत्या कर उसे घर की तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया। पुलिस ने इस मामले में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

पुलिस ने कार्रवाई कर पति रितिक और ससुर मनोज को गिरफ्तार कर लिया था। सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली प्रभारी ने बताया कि अब इस मामले में बुधवार को दीपिका की सास पूनम और चाचा ससुर विनोद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की टीम अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# गति सीमा का लगातार उल्लंघन चार महीने में 101557 चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ओवरस्पीडिंग से होने वाले सड़क हादसों को कम करने के लिए गूगल मैप पर हर रूट की गति सीमा दर्ज है। इसके बावजूद लोग मनमानी गति से वाहन दौड़ा रहे हैं। सीमा से अधिक गति पर वाहन चलाने की वजह से महज चार महीने में 101557 वाहनों पर कार्रवाई हुई है। जिले की आंतरिक सड़कों पर निर्धारित गति सीमा न होने की वजह से चालकों को स्पीड का पता नहीं रहता था। शिकायत रहती थी कि साइनेज न होने के बावजूद तेज गति से गाड़ी चलाने पर चालान कर दिया जाता है। इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने जनवरी में जिले की आंतरिक सड़कों पर गति सीमा 50 किलोमीटर प्रति घंटा तय कर दी थी। वहीं, एक्सप्रेसवे पर चार पहिया वाहन के लिए गति सीमा 100 किलोमीटर प्रतिघंटा तय की गई। बाहरी जनपदों से आने वाले चालकों के मन में निर्धारित गति सीमा को लेकर कोई कशमकश न हो इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने गूगल मैप पर भी रूट के अनुसार गति सीमा दर्शाने की व्यवस्था कराई थी, ताकि सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

**बचने के लिए कैमरा देखकर कम कर लेते हैं स्पीड:** वाहन चालक गति सीमा देखकर नहीं, बल्कि कैमरा देखकर गाड़ी चला रहे हैं। कैमरों को देखते ही वे वाहन की रफ्तार धीमी कर लेते हैं और कैमरे की नजर से पार होते ही स्पीड बढ़ा देते हैं। इस आदत को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने इंटरसेप्टर की तैनाती की है। ट्रैफिक पुलिस की चार कैमरा युक्त बाइकें और एक चार पहिया इंटरसेप्टर रोजाना सड़क किनारे तैनात की जा रही है। इनका स्थान बदलता रहता है और ओवरस्पीडिंग पर दो हजार रुपये का चालान कर देते हैं।

**नियम का किया पालन तो घट गए मौत के आंकड़े:** ट्रैफिक पुलिस की ओर से यातायात नियमों के प्रति सख्ती बढ़ाने के बाद से सड़क हादसों में भी कमी आई है। साल 2025 में जनवरी से मई के बीच 550 सड़क हादसे हुए थे। इस बीच 220 लोगों की मौत भी हुई थी। इस साल जनवरी से 20 मई तक महज 350 सड़क हादसे हुए और 150 लोगों की मौत हुई। यानी नियम का पालन करने का कुछ असर जरूर पड़ा है। गत वर्ष के मुकाबले 70 लोगों की जान बची है। अगर वाहन चालक नियमों का पूरी तरह से पालन करेंगे तो ये आंकड़ा और भी कम हो सकता है।

# फैक्टरी से 70 लाख रुपये के मोबाइल चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र स्थित फ्लिपकार्ट की रिपेयर फैक्टरी से करीब 70 लाख रुपये कीमत के मोबाइल और इनके पार्ट्स चोरी हो गए। ऑडिट के दौरान चोरी का खुलासा हुआ। ये मोबाइल रिपेयर और चेकिंग के लिए फैक्टरी आए थे। जांच में दो टेक्नीशियन की भूमिका संदिग्ध मिलने पर कंपनी प्रतिनिधि ने मुकदमा दर्ज कराया है।

**फैक्टरी की जानकारी:** डी ब्लॉक में फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड की रिपेयर फैक्टरी है। यहां कंपनी प्रबंधन फ्लिपकार्ट के पुराने मोबाइल को मरम्मत के लिए भेजता है। जरूरी मरम्मत और गुणवत्ता की जांच होती है। इस प्रक्रिया के बाद मोबाइल को रिफबिंश करके थर्ड पार्टी को बेचा जाता है। यहां पर गाजियाबाद खोड़ा के अनमोल और सिद्धांत रिपेयर टेक्नीशियन के तौर पर काम करते हैं। जनवरी से अप्रैल के दौरान फैक्टरी भेजे मोबाइल के रिकार्ड में से 29 मोबाइल की गड़बड़ी मिली। इसका पता लगाने के लिए आंतरिक जांच कराई गई। मोबाइल चोरी करने का खेल उजागर हो गया। जांच में पता चला है कि आरोपियों ने बताई गई चीजों में कुछ को बिना अनुमति के हटा दिया। इस सामान को शिपमेंट के थर्माकोल पार्टीशन के बीच छिपाकर फैक्टरी से बाहर भेज दिया।

# सोरखा में पांच हजार वर्ग जमीन से अतिक्रमण हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को सोरखा जाहिबाबाद में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 500 वर्ग मीटर जमीन मुक्त कराई। इस दौरान प्राधिकरण टीम को लोगों के विरोध का भी सामना करना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि वर्क सर्किल-6, भूलेख और पुलिस ने मिलकर कार्रवाई की। सोरखा जाहिबाबाद के खसरा नंबर-152 से अतिक्रमण हटाया गया। यहां पर करीब पांच हजार वर्ग मीटर जमीन पर प्लॉटिंग करने के उद्देश्य से प्रीकास्ट चारदीवारी और गेट लगाकर अतिक्रमण किया ज रहा था, जिसे प्राधिकरण ने ध्वस्त कर दिया। अतिक्रमण करने वालों को पूर्व में 2-2 बार नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद




अतिक्रमण करने वालों ने न तो नोटिस का जबाव दिया और न ही काम रोका।

अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि इस तरह की जमीन पर काटे जा रहे भूखंड की खरीद-फरोख्त न करें। भूमाफिया के तरह-तरह के प्रलोभन व झूठे वादों में न आएं।

## एक नजर

### चालक पर ट्रक से फ्रिज चोरी करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में ट्रक चालक पर फ्रिज चोरी करने का आरोप लगा है। आरोपी चालक ट्रक में कंपनी के फ्रिज लेकर गाजियाबाद जा रहा था। ट्रक मालिक ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ट्रांसपोर्टर कपिल चौधरी ने बताया कि उनका चालक धर्मवीर सिंह 15 मई को ग्रेटर नोएडा से ट्रक में नामी कंपनी के फ्रिज भरकर गाजियाबाद लेकर जा रहा था। मलकपुर के समीप चालक ने ट्रक को साइड में रोका और उसमें से एक फ्रिज चोरी कर कार में रखवा दिया। ट्रक से फ्रिज कम होने के बारे में जब उससे पूछताछ की गई तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।

कपिल चौधरी ने चालक धर्मवीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी। चोरी हुआ फ्रिज बरामद कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रेनो प्राधिकरण के कामों की समीक्षा के लिए होने वाली बैठक स्थगित

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी की ओर से लखनऊ में प्रस्तावित ग्रेनो प्राधिकरण की समीक्षा बैठक स्थगित हो गई। स्थगित होने के बारे में बताया गया है कि अपरिहार्य कारण इसके पीछे रहे। वरिष्ठ अधिकारियों के बैठक में शामिल होने में असमर्थता जताने के बाद इसे टाला गया। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि पिछले साल भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की समीक्षा बैठक नहीं हो सकी थी। केवल नोएडा और यमुना प्राधिकरण की ही समीक्षा बैठकें हो पाई थीं। बृहस्पतिवार को अब दोपहर में तीन बजे से लखनऊ में ही यमुना प्राधिकरण की समीक्षा बैठक प्रस्तावित है।

### लाइसेंस व नियमों के साथ ही बेच सकेंगे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर कीटनाशक

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिले में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर कीटनाशकों की बिक्री करन के लिए कृषि विभाग से लाइसेंस लेना जरूरी है। साथ ही बिक्री के नियमों का पालन भी करना होगा। विभाग ने चेतावनी दी है कि अगर किसी स्तर पर लापरवाही बरती गई तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी विवेक दुबे ने बताया कि जिले में कीटनाशकों का ऑनलाइन व्यवसाय करने वाले ई-कॉमर्स फर्मों को जानकारी दी गई है। कीटनाशी नियमावली 1973 के तहत ई कॉमर्स इकाई के माध्यम से कीटनाशी का विक्रय करने में नियम व शर्तों का पालन अनिवार्य है। नियमों का पालन नहीं होने की शिकायत आ रही है। ऐसे में सभी को चेतावनी दी गई है। दूबे ने बताया कि लाइसेंस धारक लाइसेंस अवधि के दौरान ई कॉमर्स इकाई के माध्यम से कीटनाशकों का विक्रय किसानों को कर सकता है।

### दो मंजिला शोरूम में आग लगी

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** जेवर कस्बे के मुख्य बाजार स्थित कपड़े और जूते के शोरूम में बुधवार की सुबह अचानक आग लग गई। आग की सूचना पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जेवर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्य बाजार स्थित पुराना इलाहाबाद बैंक वाली गली में सचिन मित्तल का कपड़ों और जूतों का दो मंजिला शोरूम है। इसके बराबर में ही उनका मकान है। सचिन मित्तल ने बताया कि सुबह साढ़े पांच बजे के करीब उन्हें लोगों ने दुकान में आग लगने की जानकारी दी। देखते ही देखते आग दोनों मंजिल में फैल गई। सचिन मित्तल ने तुरंत सूचना पुलिस और फायर विभाग को घटना की दी। इसके बाद पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई। दमकलकर्मियों ने बताया कि दो गाड़ियों की मदद से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से दुकान में रखा सभी सामान जल गया।

### इसी सप्ताह बंद हो जाएंगे शहर के अधिकांश स्कूल

**नोएडा।** शहर के अधिकांश स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां शुरू हो गई हैं। जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल समेत कुछ स्कूलों में 10वीं और 12वीं की अतिरिक्त कक्षाएं अभी जारी हैं। इन स्कूलों में भी इसी हफ्ते छुट्टियां हो जाएंगी। वहीं, विश्वभारती पब्लिक स्कूल में जूनियर विंग के छात्रों की छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं। स्कूल प्रशासन ने बताया कि सीनियर विंग की छुट्टियां भी इसी सप्ताह हो जाएंगी। वहीं, महर्षि विद्या मंदिर समेत कई अन्य स्कूलों में पहले ही ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित हो चुका है। स्कूलों के बाहर दोपहर के समय छात्रों की भीड़ भी कम दिखाई दे रही है। अभिभावकों का कहना है कि तेज धूप और लगातार बढ़ते तापमान के बीच बच्चों के लिए छुट्टियां जरूरी थीं।

# विकास कार्यों में अनियमितता पर पंचायत सचिव को नोटिस

**नोएडा।** कैमराला चक्रसैनपुर के ग्राम पंचायत सचिव को जिला पंचायत राज अधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। निर्माण कार्यों में अनियमितता की शिकायत मिलने पर उनसे तीन दिन में साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण मांगा गया है। डीपीआरओ नेहा सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिव प्रियांक को नोटिस में कहा गया है कि सूरजपुर न्यायालय परिसर के चौंबर नंबर-570 में कार्यरत अधिवक्ता श्याम सिंह भाटी ने 7 मई को सीडीओ को एक शिकायत पत्र दिया था। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान, कैमराला चक्रसैनपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2021 से 2026 तक ग्राम पंचायत में नल, रिबोर, लाइट मरम्मत और नल मरम्मत के नाम पर करीब 50 लाख रुपये की सरकारी धनराशि का अनियमित तरीके से भुगतान किया गया। शिकायतकर्ता ने ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव की मुख्य भूमिका होने का उल्लेख किया है। सरकारी पोर्टल ई-ग्राम स्वराज पर उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार बड़ी संख्या में नल रिबोर, लाइट मरम्मत और नल मरम्मत के कार्य दर्शाए गए हैं, जो प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत होते हैं। चक्रसैनपुर में केवल आठ से दस सरकारी नल हैं। ऐसे में इन कार्यों पर इतनी बड़ी धनराशि खर्च किया जाना संदेहास्पद माना जा रहा है।

# बीमा कंपनी को झटका, वाहन चोरी पर क्लेम ठुकराने का बहाना नहीं चलेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** वाहन मालिक की लापरवाही बताकर बीमा कंपनी चोरी हुए वाहन का क्लेम देने से इंकार नहीं कर सकती है। ऐसे ही एक मामले में जिला उपभोक्ता आयोग ने ई-रिक्शा चोरी होने पर बीमा कंपनी को क्लेम राशि का भुगतान करने का आदेश दिया है। बीमा कंपनी ने लापरवाही का हवाला देकर क्लेम निरस्त कर दिया था।

नोएडा के सेक्टर-8 स्थित जेजे कॉलोनी निवासी चांद ने अपने ई-रिक्शा का बीमा न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से कराया था। इसके लिए उसने 73 हजार रुपये का प्रीमियम जमा किया था। 4 मार्च 2019 को सेक्टर-8 के ई-ब्लॉक से अज्ञात चोर उसका ई-रिक्शा चोरी कर ले गए। उसने इस संबंध में थाना सेक्टर-20 में रिपोर्ट दर्ज कराई। काफी तलाश के बाद भी वाहन बरामद नहीं हुआ तो पुलिस ने अंतिम रिपोर्ट ( एफआर ) न्यायालय में दाखिल कर दी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।

इसके बाद पीड़ित ने बीमा कंपनी से क्लेम के भुगतान के लिए आवेदन किया, लेकिन कंपनी ने भुगतान करने से इंकार कर दिया। तब उसने जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि क्लेम बीमा शर्तों के अनुसार निरस्त किया गया था, क्योंकि वाहन मालिक ई-रिक्शा में चाबी लगी छोड़ कर गया था, जो उसकी गंभीर लापरवाही दर्शाता है। आयोग ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि इस दावे के समर्थन में कंपनी कोई ठोस साक्ष्य पेश नहीं कर सकी। आयोग ने माना कि बिना पर्याप्त साक्ष्य के क्लेम निरस्त करना सेवा में कमी है। आयोग ने बीमा कंपनी को आदेश दिया कि वह शिकायतकर्ता को 1.75 लाख रुपये, उस पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित, 30 दिन के भीतर भुगतान करे।

# माल का ऑर्डर देकर भुगतान न करने से साढ़े छह करोड़ रुपये का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सहायक फर्म प्रबंधन द्वारा 12 करोड़ रुपये के माल का ऑर्डर देकर रेडिमेड कपड़े बनाने वाली फैक्टरी से न ही माल उठाया और न ही भुगतान किया। फैक्टरी में करीब साढ़े छह करोड़ रुपये का माल खराब हो गया। पीड़ित फैक्टरी मालिक ने फर्म समेत पांच के खिलाफ सेक्टर-63 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। नीरज कुमार साध ने पुलिस को बताया कि उनकी सेक्टर-63 के एच ब्लॉक में मैसर्स अरविंद कुमार एंड कंपनी के नाम से फैक्टरी है। जहां महिलाओं के कुर्ते, शॉल और स्टाल बनाए जाते हैं। वह सहयोगी फर्म अंजलिका इंटरनेशनल से तीन साल से जुड़कर काम कर रहे थे।

वह 30 प्रतिशत अग्रिम और शेष 70 प्रतिशत रकम माल की डिलीवरी से पहले लेते। आरोप है कि सहयोगी फर्म के संजीव, निशांत और वासु ने अप्रैल 2024 में करीब 12 करोड़ रुपये का ऑर्डर तैयार करने को दिया। पीड़ित ने विश्वास के चलते अग्रिम 30 प्रतिशत का भुगतान लिए बिना ही कच्चा माल खरीदा। सैंपल दिखाने के बाद माल तैयार कराने लगे। दिसंबर 2024 में तैयार माल की खेप उठाने को बोला तो आरोपी टरकाने लगे। बैठक करने पर आरोपियों ने मार्च 2025 तक माल उठाने का वादा किया, लेकिन अप्रैल 2025 तक भी माल नहीं उठाया।

दोबारा बैठक करने पर 61 लाख रुपये के चेक दिए। बैंक में लगाने पर वे भी बाउंस हो गए। उसके बाद भी लगातार माल उठाने के लिए आग्रह करते रहे। बाद में आरोपियों ने फोन उठाना बंद कर दिया। दिसंबर 2025 में कार्यालय जाकर शिकायत करने पर लोहे की रॉड लिए पांच-छह कर्मियों से पिटवाने का प्रयास किया। रकम मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मामूली विवाद में बहनोई से मारपीट

**नोएडा।** सेक्टर-49 थाना क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने मामूली विवाद में अपने बहनोई को बुरी तरह से पीट दिया। इससे पीड़ित का हाथ टूट गया। उसने साले के खिलाफ संबंधित थाने में केस दर्ज कराया है। सलारपुर गांव में रोहित परिवार संग रहते हैं। उनका अपने साले सुमित से विवाद चल रहा है। आए दिन सुमित फोन पर अभद्रता करता है। सुमित 15 मई की रात करीब नौ बजे रोहित के घर पर आया। गेट के बाहर खड़े होकर अभ्रदता करने लगा। शोर सुनकर रोहित ने गेट खोला और इसका विरोध किया। इस बात पर सुमित नाराज हो गया और उसने रोहित के साथ मारपीट की। इस दौरान रोहित का बायां हाथ टूट गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

# डॉक्टर संदिग्ध हालात में फ्लैट के अंदर मृत मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-108 स्थित पार्क्स लॉरिएट सोसाइटी में बुधवार को कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर संदिग्ध परिस्थितियों में फ्लैट के अंदर मृत मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में हार्टअटैक से मौत की आशंका जताई जा रही है। सेक्टर-39 थाने की पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह पीआरवी को सूचना मिली थी कि टावर एम के फ्लैट नंबर-6131 में रहने वाले डॉक्टर काफी देर से फोन रिसीव नहीं कर रहे। उनके परिजन जम्मू से लगातार कॉल कर रहे थे, लेकिन संपर्क नहीं हो पा रहा था।

इसके बाद सोसाइटी के गार्ड, ड्राइवर और पड़ोसियों ने फ्लैट का दरवाजा तोड़कर अंदर देखा। कमरे में 45 वर्षीय डॉक्टर सैयद असीम रिजवी बेड के नीचे पड़े मिले। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर उन्हें सेक्टर-110 स्थित निजी अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने फील्ड यूनिट को बुलाकर मौके से साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर थे और पहले भी उन्हें दिल का दौरा पड़ चुका था। वह शादीशुदा थे, लेकिन उनका तलाक हो चुका था। वह फ्लैट में अकेले रहते थे। घटना की सूचना उनके परिजनों को दे दी गई है, जो जम्मू में रहते हैं।

# जिले में लेखपाल की मुख्य परीक्षा आज 17 केंद्रों पर होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच लेखपाल की मुख्य परीक्षा होगी। जिला प्रशासन ने परीक्षाओं को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए 17 केंद्र निर्धारित किए हैं। इनमें 6,984 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। सभी केंद्रों पर स्थानीय निरीक्षक के अलावा सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि आगामी दिनों में जिले में होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए स्कूल-कॉलेजों के प्रधानाचार्य और शिक्षकों को निर्देश दिए थे। उनसे कहा था कि वह बिना अनुमति के मुख्यालय न छोड़ें। इसकी शुरुआत गुरुवार 21 मई से हो रही है। जिले में लेखपाल की मुख्य परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए 17 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। एक केंद्र पर 400 से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। कुल 6984 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा के लिए एक पाली निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों पर व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी परीक्षार्थी केंद्र में मोबाइल फोन, ब्लूटूथ उपकरण, खुफिया कैमरा, डिजिटल घड़ी और आईटी डिवाइस लेकर प्रवेश न कर पाए। डीआईओएस ने बताया कि परीक्षा के दौरान लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# एडीएम न्यायिक की अध्यक्षता में गौ आश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी ( न्यायिक ) प्रियंका की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के गौ आश्रय स्थलों के संचालन, प्रबंधन एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान गौ संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए।

बैठक में परियोजना निदेशक नेहा सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार, नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना प्राधिकरण के अधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थित में गौ संवर्धन एवं संरक्षण कोष में धनराशि एकत्रित करने और उसके प्रभावी उपयोग पर विस्तृत चर्चा हुई।

एडीएम न्यायिक प्रियंका ने कहा कि विभिन्न संस्थानों, सामाजिक संगठनों एवं जनसहभागिता के माध्यम से इस कोष को सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने जनपदवासियों से गौ संरक्षण के लिए अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील भी की।

अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने निर्देश दिए कि जनपद में निराश्रित गौवंशों के शत-प्रतिशत संरक्षण के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी गौ आश्रय स्थलों में पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा, स्वच्छ पेयजल तथा अन्य मूलभूत



सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

गर्मी के मौसम को देखते हुए एडीएम न्यायिक ने गौशालाओं में पर्याप्त छायादार स्थान, स्वच्छ एवं ठंडे पेयजल, पंखों एवं कूलिंग सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हीट वेव से बचाव के सभी आवश्यक उपाय किए जाएं ताकि गौवंशों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक में ग्राम सभाओं की खाली पड़ी भूमि पर हरा चारा उगाने की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए, जिससे गौशालाओं के लिए स्थायी रूप से चारे की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा सभी नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण करने तथा गौवंशों की वास्तविक संख्या का सत्यापन रजिस्टर एवं पोर्टल से मिलान कर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने गौ आश्रय केंद्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों का आईपी एड्रेस एवं आईडी-पासवर्ड तीन दिनों के भीतर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गौ संरक्षण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# रजवाहे पर दो कारों की भिड़ंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बुधवार दोपहर थाना क्षेत्र के कुलंजन रजवाहे के पास दो कारों की आमने-सामने की भिड़ंत में बड़ा हादसा हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रजवाहे में जा पलटी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और सभी लोग बाल-बाल बच गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों कारें विपरीत दिशा से आ रही थीं। जैसे ही वाहन कुलंजन रजवाहे के पास पहुंचे, अचानक दोनों कारों की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि एक कार सड़क से नीचे उतरकर सीधे रजवाहे में पलट गई। हादसा होते ही आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। बताया गया कि रजवाहे में पलटी कार में अब्दुल्ला पुत्र इलियास, रुकसाना पत्नी इलियास और शब्बो पत्नी शफीक निवासी कुलंजन सवार थे। वहीं दूसरी कार में आजम पुत्र

**■ सरधना के कुलंजन गांव का मामला, एक कार अनियंत्रित होकर रजवाहे में पलटी**

वकील निवासी मदारपुर मौजूद था। हादसे में सभी लोगों को हल्की चोटें आई। ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए कार में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए भिजवाया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। हादसे के चलते कुछ देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि रजवाहे के पास सड़क संकरी होने और तेज रफ्तार वाहनों के कारण यहां आए दिन हादसे होते रहते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क किनारे सुरक्षा व्यवस्था और संकेतक लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।



## केवीआईसी ने वर्चुअल माध्यम से मनाया 'विश्व मधुमक्खी दिवस'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने बुधवार को मुख्यालय, मुंबई के साथ-साथ अपने देशभर के राज्य एवं मंडलीय कार्यालयों तथा केंद्रीय मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, पुणे में विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन वर्चुअल माध्यम से किया। नई दिल्ली स्थित केवीआईसी के गांधी दर्शन कार्यालय से अध्यक्ष, केवीआईसी मनोज कुमार ने देशभर के केवीआईसी कार्यालयों, मधुमक्खी पालकों, लाभार्थियों, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। इस अवसर पर सीबीआरटीआई, पुणे में आयोजित 'हनी प्रदर्शनी' का शुभारंभ भी अध्यक्ष, केवीआईसी मनोज कुमार ने वर्चुअल माध्यम से किया। इस वर्ष 'विश्व मधुमक्खी दिवस' की थीम के अनुरूप आयोजित कार्यक्रमों में मधुमक्खियों की पर्यावरण संरक्षण, कृषि उत्पादकता और जैव विविधता को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष जोर दिया गया।

# हाई कोर्ट बेंच की मांग को लेकर न्यायालय में घूमे अधिवक्ता, कामकाज कराया बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर बुधवार को कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन के आह्वान पर सैकड़ों अधिवक्ता एकजुट हुए और कचहरी के सभी न्यायालयों में घूम-घूमकर कार्य बंद कराया। सुबह 11 बजे अधिवक्ता बार पर एकत्रित हुए, जहां बार अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने बैंच की जरूरत पर विस्तार से बात रखी। उन्होंने कहा कि आम जनता को न्याय के लिए 300-400 किमी दूर हाईकोर्ट जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों बर्बाद होते हैं। इसके बाद अधिवक्ताओं का जुलूस कचहरी परिसर में निकला और सभी अदालतों के बाहर नारेबाजी की गई। हाईकोर्ट बैंच लेकर रहेंगे और न्याय सबका अधिकार जैसे नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। अधिवक्ताओं ने न्यायिक अधिकारियों से अनुरोध कर बुधवार का पूरा कार्य स्थगित करवाया। बार महासचिव ने बताया कि बैंच न होने से 5 लाख से ज्यादा वादकारी प्रभावित हो रहे हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिलों के लोगों को इलाहाबाद तक जाना पड़ता है। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि, जसवंत सिंह आयोग ने भी यहां बैंच की सिफ़ारिश की थी, लेकिन अब तक अमल नहीं हुआ।

वरिष्ठ अधिवक्ता रामकुमार शर्मा ने कहा कि बैंच बनने से लंबित मामलों का निपटारा तेजी से होगा। युवा अधिवक्ताओं ने भी कहा कि स्थानीय स्तर पर बैंच बनने से उन्हें प्रैक्टिस के बेहतर अवसर मिलेंगे। कार्य बंद होने से दूर-दराज से आए वादकारी परेशान दिखे, लेकिन ज्यादातर ने मांग का समर्थन किया। वादकारी सुनीता देवी ने कहा कि हर तारीख पर 2000 रुपये खर्च हो जाते हैं, बैंच यहां बन जाए तो राहत मिलेगी। बार एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि मांग पूरी न होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



## कांच के पुल वार्ड 83 में पानी संकट दूर, ट्यूबवेल ठीक होने पर लोगों ने ली राहत की सांस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वार्ड 83 के कांच के पुल स्थित गली नंबर 3 में खराब पड़ी ट्यूबवेल की मोटर को ठीक करा दिया गया है, जिसके बाद क्षेत्र में पानी की सप्लाई दोबारा सुचारु हो गई। पिछले कुछ दिनों से पानी की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी थी और उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों की अनदेखी का आरोप लगाया था। गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। मामले की जानकारी मिलने पर पार्षद रिजवान अंसारी ने नगर निगम अधिकारियों से शिकायत करते हुए समस्या के जल्द समाधान की मांग की थी। पार्षद रिजवान अंसारी ने बताया कि गली नंबर 3 में ट्यूबवेल की मोटर खराब हो गई थी, जिसे अब ठीक करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मदद से कार्य पूरा कराकर पानी की सप्लाई सामान्य कर दी गई है। साथ ही क्षेत्रवासियों को साफ और नियमित पानी उपलब्ध कराने का भरोसा भी दिलाया। ट्यूबवेल सही होने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

# ऑनलाइन दवा व्यापार के विरोध में बंद बेअसर, 12 बजे के बाद खुल गए मेडिकल स्टोर



खैर नगर में काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज करते दवा व्यापारी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ। ऑनलाइन दवा व्यापार के विरोध में 20 मई को घोषित बंद का असर जिले में ज्यादा दिखाई नहीं दिया। खैर नगर सहित अधिकांश मेडिकल स्टोर दोपहर 12 बजे के बाद खुल गए, जिससे बंद आंशिक रूप से ही सफल माना गया। हालांकि एसोसिएशन पदाधिकारियों ने ऑनलाइन दवा व्यापार के विरोध में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया और इसे दवा व्यापारियों के हितों से जुड़ा मुद्दा बताया। पदाधिकारियों का कहना था कि ऑनलाइन दवा बिक्री से स्थानीय व्यापार प्रभावित हो रहा है। दवा व्यापारियों ने कहा कि कहा कि ऑनलाइन दवा व्यापार के विरोध में आगे भी आवाज उठाई जाती रहेगी।




मेडिकल कॉलेज के सामने खुला हुआ एवी मेडिकल केयर स्टोर।

## ईद उल अजहा पर पुलिस सतर्क, एसपी सिटी ने किया पैदल मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ में ईद उल अजहा पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। बुधवार को एसपी सिटी ने भारी पुलिस बल के साथ लोहियानगर और लिसाड़ी गेट क्षेत्र में पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। एसपी सिटी ने कांच का पुल, कमेला रोड समेत कई संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया। पैदल मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बाजारों और मुख्य मार्गों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं कमेला रोड पर अवैध रूप से लगाई जा रही बकरा पैठ को लेकर भी एसपी सिटी सख्त दिखाई दिए। उन्होंने संबंधित लोगों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना अनुमति के किसी भी प्रकार की अवैध पैठ न लगाई जाए। इस दौरान लिसाड़ी गेट और लोहियानगर थाना पुलिस भी मौजूद रही। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। वहीं पुलिस ने क्षेत्र में लगातार गश्त और निगरानी बनाए रखने की बात कही है।

# डीपीएम पब्लिक स्कूल में नन्हे बच्चों ने पूल पार्टी में की मस्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल बहसूमा नन्हे-मुन्ने बच्चों कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के लिए एक रंगारंग पूल पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों में उत्साह और खुशी देखते ही बन रही थी। सभी बच्चों ने पानी में खेलते हुए हंसी-खुशी के साथ भरपूर मस्ती की और विभिन्न गीतों पर जमकर नृत्य किया। विद्यालय की ओर से बच्चों के लिए फ्रूटी, मैंगो ड्रिंक, चिप्स तथा विभिन्न प्रकार के ताजे फलों की विशेष व्यवस्था की गई थी। जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए बच्चों की सुरक्षा, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा गया। इस सफल एवं सराहनीय आयोजन का संपूर्ण श्रेय विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी दिया गया। उनके कुशल नेतृत्व दूरदर्शी सोच एवं बच्चों के प्रति स्नेहपूर्ण भावना के कारण यह कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित एवं आकर्षक रूप में संपन्न हुआ।



उन्होंने स्वयं प्रत्येक व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए यह सुनिश्चित किया कि छोटे बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सचिव का उद्देश्य सदैव बच्चों को एक सुरक्षित आनंदमय एवं शिक्षाप्रद वातावरण प्रदान करना रहा है।उनके निर्देशन में विद्यालय निरंतर नए-नए रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में अग्रसर है। इस पूल पार्टी के माध्यम से उन्होंने यह भी संदेश दिया कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए मनोरंजन एवं खेल-कूद भी अत्यंत आवश्यक हैं। इसी के साथ आज ही कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए इंडोर गेम्स प्रतियोगिता का भी शानदार आयोजन किया गया। जिसमें लूडो, कैरम, टेबल टेनिस और शतरंज जैसे खेल शामिल रहे। बच्चों ने इन खेलों में जमकर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रधानाचार्य जिया जैदी ने सभी बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उन्हें पढ़ाई के साथ मनोरंजन का अवसर भी प्रदान करते हैं।

# हमले के आरोपी पांच दिन बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर

**महलका ग्राम प्रधान के बेटे व भाइयों की दबंगई, सैनी समाज के युवक पर किया था जानलेवा हमला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/फलावदा।** मेरठ जनपद के ग्राम महलका के प्रधान व उसके परिवार के आए दिन नए नए कारनामे सामने आते हैं। हाल ही में बीती 17 मई को फलावदा थाना क्षेत्र के ग्राम बातनौर निवासी अरुण पुत्र कृष्णपाल अपनी मां की दवाई लेने के लिए ग्राम महलका में बाईक से आया था। तभी किसी बात को लेकर महलका के प्रधान असलम के बेटों अमन व अयान से कहासुनी हो गई जिसके बाद ग्राम प्रधान असलम के भाई शौकीन, इस्लाम, आमिर पुत्रगण जहूर व आठ दस अज्ञात युवकों ने अरुण पर लाठी डंडों व रॉड के अलावा धारदार हथियारों से हमला कर दिया

बताया जाता है कि अरुण किसी तरह जान बचाकर वहां से भागा तो प्रधान के भाई व बेटे उसके पीछे भागे और जान से मारने की धमकी दी इस दौरान कुछ देर के लिए गांव के बाजार में अफरा तफरी का माहौल बन गया। जब इस घटना की सूचना ग्राम बातनौर में पीड़ित के परिजनों को मिली तो उनमें आक्रोश फैल गया। फलावदा थाने पहुंचे पीड़ित के परिजनों ने प्रधान के भाई व बेटों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज तो कर लिया लेकिन घटना के पांच दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है अभी तक पुलिस किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है जिससे क्षेत्र के सैनी समाज के लोगों में आक्रोश है। इस तरह की घटनाएं होने से माहौल खराब होने का अंदेशा बना हुआ है क्योंकि मामला दो सम्प्रदायों से जुड़ा हुआ है। वहीं कुछ लोग सोशल मीडिया पर भी इस घटना को लेकर प्रतिक्रियाएं दे रहे है कुछ युवकों ने पोस्ट करते हुए लिखा कि यहां हिन्दुस्तान में तालिबानी जैसी घटनाएं करने की कोशिश की गई है कहा कि सैनी समाज के साथ ऐसी घटनाएं आम हो चुकी हैं।



## प्रधान पर पूर्व में संगीन धाराओं में दर्ज हैं मुकदमे

महलका के ग्राम प्रधान असलम की दबंगई का अंदाजा लगाना मुश्किल है क्योंकि पूर्व में उसके ऊपर संगीन धाराओं में मुकदमे पंजीकृत है। पूर्व में दौराला थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जुए का कारोबार उनके द्वारा कराया जा रहा था जिसे एसपीसीटी की टीम ने छापा मारकर भंडाफोड़ किया था। ये पूरा प्रकरण जनपद में चर्चा का विषय बन गया था। इसके कुछ ही महीने बाद उसने अपने ही घर में जुए का अवैध कारोबार शुरू करा दिया। तभी फलावदा थाना पुलिस ने एसओजी टीम के साथ मिलकर उसके घर में जुआ खेल रहे चार युवकों को गिरफ्तार किया था जिसमें प्रधान मौका पाकर फरार हो गया था। वहीं इसी वर्ष फरवरी में नौचंदी थाना क्षेत्र में एक युवक असलम की हत्या हुई थी जिसमें आरोपी असद हत्या करने के बाद दिल्ली में जाकर छिपा था तभी दिल्ली क्राइम ब्रांच द्वारा उसे गिरफ्तार किया

**■ दबंगई व सेटिंग के चलते नहीं गया जेल**

गया। पूछताछ में असद ने बताया था कि उसने हत्या में प्रयुक्त पिस्टल महलका के प्रधान असलम से खरीदी थी। बताया जाता है कि मुकदमे की चार्जशीट में आज भी प्रधान का नाम दर्ज है। ऐसे ओर भी संगीन धाराओं में मुकदमे पंजीकृत है लेकिन उसकी दबंगई का अंदाजा लगाना बहुत मुश्किल है क्योंकि प्रदेश में कानून का राज कायम करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में भी वो जेल से हर बार बचता रहा है। आज तक जिले का कोई भी अधिकारी उसे सलाखों के पीछे नहीं भेज सका है। इसी कारण उसके बेटे व भाई भी उसके नक्शे कदम पर चल रहे है।

## होटल में चल रहा था देह व्यापार, चार आरोपियों को भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सुभारती बाईपास स्थित होटल में देह व्यापार रूकने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन पुलिस होटल में छापेमारी करती है और ऐसे जिन्होंने काम करने वालों को सलाखों के पीछे भेजती रहती है। मंगलवार की देर शाम को भी जानी थाना निरीक्षक गौरव बिश्नोई ने सुभारती चौकी चार्ज विपिन नेगी को साथ लेकर मुखबिर की सूचना पर अपेक्स सिटी के बराबर में चल रहे एक होटल में छापेमारी की। इस दौरान साथ मे मौजूद महिला पुलिस कर्मियों ने मौके से करीब आठ लड़कियां हिरासत में ली। इस दौरान पुलिस ने चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से 2500 डायरी पेंसिल एक अवैध पिस्टल 32 बोर और कारतूस व सेक्स से जुड़ी कई आपत्तिजनक चीजे मिलीं। पुलिस में बुधवार को चार व्यक्तियों के खिलाफ देह व्यापार और अवैध हथियार रखने के जुर्म में मुकदमा पंजीकृत कर लिया और चालान कर दिया। आरोपियों की पहचान आकाश शर्मा उर्फ अनुज कुमार पुत्र राजेंद्र निवासी सरस्वती विहार टी पी नगर मेरठ विधु पुत्र सुशील निवासी दोघट जनपद बागपत साहब पुत्र शरीफ निवासी सरधना आकाश पुत्र राजेंद्र निवासी मेरठ के रूप में चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया जहां उन्हें चालान कर जेल भेज दिया। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव बिश्नोई ने बताया कि क्षेत्र में अगर कहीं भी इस तरह की घटना पाई जाए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें बताने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

# मेरठ का कुख्यात गैंगस्टर उधम सिंह जल्द होगा सलाखों के पीछे, पुलिस ने बढ़ाई दबिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुख्यात अपराधियों में शामिल उधम सिंह एक बार फिर पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। हत्या, रंगदारी, गैंगस्टर एक्ट, अवैध हथियार और धमकी जैसे गंभीर मामलों में नामजद उधम सिंह जेल से बाहर आने के बाद से फरार बताया जा रहा है। मेरठ पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए गैर जमानती वारंट जारी कराया है और उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

मेरठ एसपी देहात अभिजीत कुमार ने मीडिया से बातचीत में बताया कि उधम सिंह के खिलाफ छह दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस की ओर से उसकी गिरफ्तारी के लिए पांच विशेष टीमों का गठन किया गया है। पुलिस उसके ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है और उसके करीबियों व सहयोगियों की भी पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

एसपी देहात ने कहा कि मेरठ पुलिस द्वारा कुख्यात अपराधी उधम सिंह के खिलाफ प्रभावी पैरवी करते हुए कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी कराए गए हैं। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है और इनाम बढ़ाने के लिए भी पत्राचार किया गया है। जल्द ही कठोरतम कार्रवाई

**■ 50 हजार का इनाम घोषित, पांच टीमें तलाश में जुटीं**

की जाएगी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उधम सिंह देश से फरार हो चुका है तो उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है और पुलिस की टीमें लगातार काम कर रही हैं। किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को सार्वजनिक किया जाएगा।

### सरूरपुर के करनावल गांव का रहने वाला है उधम सिंह

उधम सिंह मेरठ के सरूरपुर थाना क्षेत्र के करनावल गांव का निवासी बताया जाता है। लंबे समय से उसका नाम पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सक्रिय अपराधियों की सूची में शामिल रहा है। यूपी पुलिस और एसटीएफ की निगरानी में रहने वाले उधम सिंह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट समेत कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं।

### किन-किन थानों में दर्ज हैं मुकदमे

पुलिस रिकॉर्ड और मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उधम सिंह के खिलाफ मेरठ और आसपास के कई थानों में मुकदमे दर्ज बताए जाते हैं। इनमें सरूरपुर थाना में हत्या, गैंगस्टर एक्ट, रंगदारी और धमकी के मामले वही कंकरखेड़ा थाना अवैध हथियार और आपराधिक साजिश के मुकदमे लिसाड़ी गेट थाना में गैंग संचालन और रंगदारी से जुड़े मामला टीपी नगर में धमकी और आपराधिक गतिविधियों के मुकदमे, ब्रह्मपुरी में मारपीट और गैंग एक्ट से जुड़े प्रकरण सिविल लाइन में आर्थिक दबाव और धमकी के मामले। सूत्रों के मुताबिक उसके खिलाफ कुल मुकदमों की संख्या 60 से अधिक बताई जाती है। इनमें हत्या, हत्या का प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, रंगदारी, धमकी और संगठित अपराध से जुड़े कई मामले शामिल हैं।

### पुलिस की बढ़ी सतर्कता

उधम सिंह के फरार होने के बाद मेरठ पुलिस और खुफिया एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। पुलिस को आशंका है कि उसके सक्रिय होने से पश्चिमी यूपी में गैंगवार या आपराधिक घटनाएं बढ़ सकती हैं। इसी वजह से उसके नेटवर्क और आर्थिक स्रोतों की भी जांच की जा रही है। मेरठ पुलिस का कहना है कि उधम सिंह और उसके सहयोगियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और जल्द गिरफ्तारी की उम्मीद है।

## स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में सदरपुर में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा** क्षेत्र के ग्राम सदरपुर में स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ थाना बहसूमा के वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदयपाल सिंह, डा. पवन गोयल, एडवोकेट शुभम भारद्वाज एवं विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार, रविन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि छात्र-छात्राओं के द्वारा वेस्ट मैटीरियल से विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक प्रयोग जैसे ज्वालामुखी, जल चक्र, जल शुद्धिकरण, जेसीबी, क्रेन, डीएनए माडल, शरीर के विभिन्न अंगों के माडल आदि लगभग 70 से अधिक वैज्ञानिक माडल बनायें गये। विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार के द्वारा चेयरमैन सचिन सुकड़ी, नामित सभासद अमित गोयल, रालोद नेता पिंटू देशवाल, सचिन देशवाल, सपा नेता सुदेशपाल, मोनू पंवार, बैक प्रबंधक शिवानी शर्मा, बालेन्द्र प्रधान बटावली, सभासद दीपक गुर्जर सभासद राजू राठी सभासद अरुण जाटव एवं पत्रकारों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित प्रधानगण, विद्यालय के शिक्षक रामगोपाल, रीना, मंजू, पूजा, सुनीता, विनीता, काजल सिरोही, नेहा पंवार, पारुल, स्वाति, खुशी, अहसान सैफी, तुषार, मौ. राशिद सैफी, शाहनवाज, असीम, अभिषेक, जतिन आदि स्टाफ का सहयोग रहा।

# आईआईएमटी में छात्रा की संदिग्ध मौत

## कैम्पस के सरोजनी नायडू हॉस्टल में रहकर एमबीए की पढ़ाई कर रही थी सहारनपुर की अन्नू गुप्ता

■ शिक्षा से ज्यादा आपराधिक मामलों में नाम कमा रही आईआईएमटी यूनिवर्सिटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एक बार फिर मेरठ की आईआईएमटी यूनिवर्सिटी सुर्खियों में आ गई है। इस बार यहां पर गर्ल्स हॉस्टल में सहारनपुर की रहने वाली एमबीए की छात्रा की खून से लथपथ शव मिला है। बताया जा रहा है कि बुधवार को गर्ल्स हॉस्टल की छत से गिरकर छात्र की मौत हो गई है लेकिन जब पुलिस ने अपनी जांच शुरू की तो उन्हें किसी भी प्रकार का ना तो कोई सुसाइड नोट मिला और ना ही कोई ऐसी चीज सामने आयी जिससे घटना को आत्महत्या मान लिया जाए। संदिग्ध परिस्थितियों में छात्र की मौत ने एक बार फिर आईआईएमटी यूनिवर्सिटी के ऊपर सवाल खड़े कर दिए हैं और यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर क्यों शिक्षा से ज्यादा अपराधिक गतिविधियों में यूनिवर्सिटी का नाम मशहूर हो जाता है।

आपको बता दें यह घटना गंगानगर थाना क्षेत्र के आईआईएमटी गर्ल्स हॉस्टल की है। यहां सहारनपुर की रहने वाली एमबीए प्रथम वर्ष की छात्रा जो हास्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी जिसकी बुधवार सुबह गंगानगर स्थित आईआईएमटी यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हॉस्टल की छत से गिरकर मौत हो गई। छात्रा का नाम अनु गुप्ता बताया जा रहा है जो एमबीए प्रथम वर्ष की छात्रा बताई जा रही है। जैसे ही यह घटना हुई तभी अन्य स्टूडेंट्स ने इस बात की जानकारी यूनिवर्सिटी प्रशासन को दी। जिसके बाद परिजनों को सूचित किया गया है।



घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। बताया जा रहा है कि घटना सुबह की है। छात्रा की बॉडी सरोजनी नायडू गर्ल्स हॉस्टल के नीचे बने जिम के बाहर खून से लथपथ पड़ी थी। हास्टल में काम करने वाली आया ने सबसे पहले छात्रा का शव देखा। उसने अन्य छात्राओं को बताया। बताया जा रहा है कि छत से गिरने के कारण छात्रा मुंह के बल गिरी जिसकी वजह चेहरा बुरी तरह खून से लथपथ था उसका सिर भी पूरी तरह फट चुका था। कॉलेज प्रशासन और स्थानीय पुलिस ने छात्रा की बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और पुलिस अपनी जांच पड़ताल में लग गई। घटना के बाद सीओ देहात अभिजीत कुमार ने कहा कि पोस्टमार्टम के लिए छात्र की बॉडी भेजी गई है। हर तथ्य पर जांच होगी, अभी तक ना तो कोई सुसाइड नोट मिला है पुलिस प्रशासन ने छात्रा के परिजनों को सूचित कर दिया है। आगे की कार्रवाई परिजनों के आने के बाद तय की जाएगी।

### छात्रा नेताओं ने किया हंगामा

छात्र नेता विनीत चपराना सूचना मिलने के बाद अपने साथियों के साथ यूनिवर्सिटी पहुंचे और कहा कि छात्र की हत्या और आत्महत्या को लेकर जो सवाल उठ रहे हैं उन्हें जल्द से जल्द खोला जाए। इस दौरान छात्र नेताओं ने यूनिवर्सिटी में जमकर हंगामा किया।

# नायब शहर काजी ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आगामी 28 मई 2026 को मनाए जाने वाले ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए काजी जैनुल रशीदीन सिद्दीकी, नायब शहर काजी मेरठ और स्थानीय लोगों की ओर से जिलाधिकारी मेरठ को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई, सुरक्षा, पेयजल, बिजली और यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि ईद-उल-अजहा मुस्लिम समुदाय का एक महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग नमाज अदा करते हैं और कुर्बानी की रस्म निभाई जाती है। ऐसे में प्रशासन द्वारा ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए।

ज्ञापन में मांग की गई कि नमाज स्थलों के आसपास सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहे, जलभराव और गंदगी की समस्या न हो तथा नमाज के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। इसके अलावा कुर्बानी के बाद निकलने वाले अवशेषों के निस्तारण के लिए नगर निगम की विशेष टीमों की व्यवस्था करने की भी मांग उठाई गई। इसी दौरान नायब शहर काजी काजी जैनुल रशीदीन सिद्दीकी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह मुख्यमंत्री का सम्मान करते हैं और उनके बयान का भी आदर करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक सेकुलर देश है, जहां हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी धर्मों के लोग रहते हैं और सभी को अपने धर्म के अनुसार धार्मिक कार्य करने का अधिकार है।

नायब शहर काजी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सड़कों पर नमाज अदा न करने की बात कही है, लेकिन कांवड़ यात्रा के दौरान कई दिनों तक सड़कों को बंद किया जाता है, जिससे आम लोगों को परेशानी होती है और कारोबार भी प्रभावित होते हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि कांवड़ यात्रा के दौरान छूट दी जा सकती है तो ईद और बकरीद पर मस्जिदों के बाहर 15 मिनट के लिए नमाज अदा करने की अनुमति भी दी जानी चाहिए।

उन्होंने प्रशासन से अपील की कि ईद-उल-अजहा के मौके पर सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने और धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए। ज्ञापन देते वक्त कारी मोहम्मद सलमान कासमी, हाजी शिराज रहमान आदि लोग मौजूद रहे।

## रोहटा के ग्राम थ्रोट में पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे आसपा नेता बाबर चौहान को पुलिस ने रोका

**मेरठ।** रोहटा क्षेत्र के ग्राम थ्रोट में पिछले दिनों पीड़ित परिवार के साथ हुई अन्यायपूर्ण घटना के बाद बुधवार को उनका दुख-दर्द बांटने और सांत्वना देने जा रहे आजाद समाज पार्टी (आसपा) के वरिष्ठ नेता बाबर चौहान खरदौनी को पुलिस प्रशासन ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए गांव के बाहर ही जबरन रोक दिया। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से जा रहे आसपा कार्यकर्ताओं और बाबर चौहान को भारी पुलिस बल ने आगे बढ़ने से मना कर दिया। पुलिस की इस दमनकारी कार्रवाई की आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी कड़ी निंदा करती है।

# मेट्रो स्टेशन पर मनिंदर विहान ने किया मंत्री सोमेंद्र तोमर का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को स्वतंत्र प्रभार संभालने के बाद पहली बार मेरठ पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर का मोदीनगर मेट्रो स्टेशन पर प्रतीक चिन्ह देकर दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला के नेतृत्व में स्वागत किया। मनिंदर विहान ने कहा कि सोमेंद्र तोमर के नेतृत्व में मेरठ लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमेंद्र तोमर का कद और भी बढ़ा दिया है। इस दौरान तुषार गुप्ता, मंडल महामंत्री रवि पूनिया, मुदित शर्मा, अमरीश चपराना, गुड्डू गगोल, आदि मौजूद रहे।

# स्व जनगणना का कार्य शतप्रतिशत पूरा करने पर डीएम ने किया ग्राम पंचायत सचिवों को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनगणना 2027 अंतर्गत स्व जनगणना का कार्य अपनी ग्राम पंचायतो में शत प्रतिशत पूर्ण करने पर ग्राम सचिव, ग्राम प्रधान एवं पंचायत सहायक को प्रशस्ति पत्र, शॉल, डायरी पेन एवं प्लांटर देकर सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा सभी ग्राम पंचायत सचिवों के कार्य की शरण की गई। इस दौरान उन्होंने सभी को अधिकाधिक स्व जनगणना करने एवं अन्य को जागरूक करने हेतु प्रेरित करने को कहा। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्व जनगणना शत प्रतिशत पूर्ण करने पर समस्त सम्मानित को पुरस्कार के रूप में नौचंदी मेले के पांच पांच वीआईपी टिकट भी बांटे गए। आपको बता दें कि जनगणना के कार्य को लेकर प्रशासनिक स्तर पर जोर-जोर से कार्य चल रहा है जिसको पूरा करने के लिए ग्राम पंचायत सचिव कुलदीप कुमार सहित अन्य ग्राम प्रधान व सचिवों ने बड़ी मेहनत की। उनके कार्य को देखकर ही जिला अधिकारी ने उन्हें सम्मानित करने का फैसला किया। इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव कुलदीप कुमार ने कहा कि जिस कार्य को वह कर रहे हैं वह सरकारी कार्य है जब-जब उन्हें किसी भी कार्य में लगाया गया है तब तक उन्होंने पूरी मेहनत और लगन के साथ उस कार्य को पूरा करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि जब तक वह नौकरी में है तब तक पूरी मेहनत परी ईमानदारी से कार्य करेंगे। जिलाधिकारी और सीडीओ मैडम ने उन्हें सम्मानित किया जिसे वह हर्ष और गौरव का पल मानते हैं। अंत में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा समस्त का आभार व्यक्त किया गया।



# जामिया महमूदिया अलीपुर मेरठ के नायब मोहतमिम मुफ्ती महमूद हसन से की मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जनपद मेरठ के प्रसिद्ध धार्मिक शिक्षण संस्थान जामिया महमूदिया अलीपुर मेरठ के नायब मोहतमिम मौलाना मुफ्ती महमूद हसन साहब पुत्र मुफ्ती फारूक साहब से इकराम चौधरी ने विशेष मुलाकात की। यह मुलाकात बेहद सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जिसमें दीन-ए-इस्लाम की तालीम, मदरसों की भूमिका, सामाजिक सुधार और नई पीढ़ी के नैतिक मार्गदर्शन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा। इस दौरान उन्होंने समाज में फैल रही बुराइयों, युवाओं में बढ़ती नशाखोरी, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव और शिक्षा के गिरते स्तर पर भी चिंता व्यक्त की।

इकराम चौधरी ने कहा कि समाज में सकारात्मक कार्य करने वाले धार्मिक एवं सामाजिक संस्थानों की गतिविधियों को जनता तक पहुंचाना मीडिया की जिम्मेदारी है। उन्होंने जामिया महमूदिया अलीपुर द्वारा शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। मुलाकात के अंत में सभी से अपील करते हुए समाज में अमन, भाईचारा और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मिलकर सकारात्मक प्रयास जारी रखने की बात कही। इस मुलाकात के दौरान डॉक्टर मोहम्मद शादाब, हजरत मौलाना मुजीब मौजूद रहे। इस मौके पर डॉक्टर मोहम्मद शादाब एवं हजरत मौलाना मुजीब ने भी सभी से अपने बच्चों को दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम हासिल करने की अपील की तथा कहा कि अपने बच्चों को हाफिज कारी मौलवी बनाएं तथा इसी के साथ इंजीनियर, डॉक्टर, प्रोफेसर, आईएएस, पीसीएस जरूर बनाएं इस्लाम इसकी हमें इजाजत देता है कि इल्म सीखने के लिए कितना लंबा सफ़र क्यों न करना पड़े अपने बच्चों को तालीम से जोड़ा जाए।

# शातिर चोरों को पुलिस ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के निर्देशानुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना परीक्षितगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना प्रभारी परीक्षितगढ़ व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में डीजे चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए पुलिस ने चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी गया लाखों रुपए का सामान बरामद किया है।



**ये था मामला:** थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने बताया कि नगर के किठौर स्टैंड के समीप 15 दिन पूर्व मोनू पुत्र रामभूल निवासी ग्राम अहमदपुरी थाना परीक्षितगढ़ की दुकान से लाखों रुपए के डीजे साउंड आदि सामान चोरी कर लिया गया था। इसके संबंध में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अपराध सं. 171/26 धारा 331(4) 305 अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में थाना पुलिस व सर्विलांस टीम घटना को खोलने में लगी हुई थी जिसका खुलासा करते हुए चार शातिर अभियुक्तों को चोरी गया माल सहित गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी एक ही गांव निवासी हैं जिनमें पहचान मनजीत पुत्र श्रीपाल निवासी ग्राम मोरना थाना भावनपुर, शेखर पुत्र नरेश निवासी ग्राम मोरना थाना भावनपुर, गौरव पुत्र सरजीत निवासी ग्राम मोरना थाना भावनपुर, सौरभ पुत्र माया प्रकाश ग्राम मोरना थाना भावनपुर के रूप में हुई है जिनके कब्जे से 6 सैट 6000 वाट एमलीफायर 7 सैट 1500 वाट एमलीफायर व एक गाड़ी सेट 4 चैनल एमपी मोनो व अभियुक्त शेखर के पास से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मिलने पर आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत अलग से मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। यह कार्यवाही अपराधियों के लिए साफ चेतावनी है कि पुलिस पूरी तरह सतर्क है और कानून से बचाना अब नामुमकिन है। थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने कहा कि अपराध करने वालों को किसी भी हाल में बक्सा नहीं जाएगा कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# डीएम वीके सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ किसान दिवस

■ जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों किसान पहुंचे विकास भवन

■ प्रबंध निदेशक ने सप्ताह भर में समस्याओं के निस्तारण का दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सूबे के मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार माह के तीसरे बुधवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले किसान दिवस विकास भवन में आयोजित हुआ जिसमें प्रतिभाग करने जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामों में सैकड़ों किसानों ने विकास भवन पहुंचकर किसान दिवस में जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में प्रतिभाग किया अप्रैल माह में दी गई 75 समस्याओं में से 50 समस्याओं के समाधान से किसान संतुष्ट रहे 25 समस्याओं के उचित समाधान न होने के कारण किसानों ओर भाकियू जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी में असंतोष रहा जिसका उन्होंने पुरजोर विरोध किया जिस पर किसानों के विरोध को स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी वीके सिंह ने सभी अधिकारियों को समस्याओं के उचित निस्तारण हेतु निर्देशित करते हुए दोबारा समस्याओं को भेज दिया गया। जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में बुधवार को किसानों की 32 समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष उठाया गया जिसमें प्रमुख रूप से गन्ना भुगतान, बिजली, आवारा पशु, खाद, सिलेंडर आदि समस्या रही जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने बताया कि किनौनी शुगर मिल के नियम दवाई कीटनाशक आदि के पूर्व वर्षों की भांति किए जाए, गन्ना भुगतान कराया जाए, समिति में 3 प्रतिशत ब्याज का आदेश लखनऊ से जारी हो गया उसे तत्काल लागू कराया जाए, जल्द समस्याओं का समाधान नहीं होने पर किसान जिला मुख्यालय पर एक विशाल आंदोलन करेंगे। किसानों बिजली की समस्याओं को लेकर भाकियू जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी बिजली मुख्य अभियंता गुरजीत सिंह के कार्यालय किसानों को लेकर पहुंचे उचित समाधान न मिलने पर जिलाध्यक्ष एवं सैकड़ों किसान नाराज हो गए और वे ऊर्जा भवन प्रबंध निदेशक रविश गुप्ता के कार्यालय पहुंच गए और नारेबाजी कर दी जिसपर तत्काल प्रबंध निदेशक रविश गुप्ता ने भाकियू जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी एवं प्रतिनिधिमंडल को मिलने के लिए बुला लिया और भाकियू जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी 15 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल को लेकर उनके कार्यालय में पहुंचकर बिजली संबंधी कृषि फीडर का समय रात्रि ओर अलसुबह किए जाने से किसानों को परेशानी हो रही हे इसे बदले जाने की मांग की, तूफान में हुए कृषि फीडरों के नुकसान को दस दिन बीतने पर सही न करना, ट्रांसफार्मर फूंकने पर जल्दी बदलवाए जाने, तार चोरी पर जल्दी तार बदले जाने संबंधी लगभग 15 शिकायतें उन्हें लिखित करवाई और प्रबंध निदेशक रविश गुप्ता ने सप्ताह भर में समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया जिस पर किसानों ने समस्याओं के समाधान की जल्दी मांग की इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, मोनू, बबलू, सुनील पिलोना, कृष्णपाल, ऋषिपाल, देशपाल, सत्येंद्र, प्रिंस, विपुल, विनय, हरेंद्र, इंद्रपाल, अमित, कालू, विजयपाल, विनोद, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।



# गंगा दशहरा पर 23 घाटों पर 3 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी रहेंगे तैनातः कलानिधि नैथानी

■ ब्रजघाट हापुड़ पर रहेगा विशेष फोकस, डीआईजी ने जारी किए 25 सूत्रीय निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दशहरा के पावन अवसर पर गंगा स्नान के लिए उमड़ने वाली लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मेरठ परिक्षेत्र पुलिस ने सुरक्षा के मजबूत इंतजाम किए हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी ने मंगलवार को प्रेस नोट जारी कर बताया कि परिक्षेत्र के चारों जनपद मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ के 23 घाटों पर व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए हैं।

### 3000 से अधिक पुलिसकर्मी संभालेंगे कमान

कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे परिक्षेत्र में 06 अपर पुलिस अधीक्षक, 19 क्षेत्राधिकारी, 87 निरीक्षक, 523 उपनिरीक्षक, 634 मुख्य आरक्षी, 638 आरक्षी, 240 होमगार्ड/पीआरडी के साथ 03 कंपनी पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है। गंगा दशहरा पर मेरठ में 05, बुलंदशहर में 14, बागपत में 01 और हापुड़ में 03 घाटों पर स्नान होगा। हापुड़ के तीर्थनगरी ब्रजघाट पर सबसे अधिक भीड़ की संभावना के चलते यहां विशेष इंतजाम किए गए हैं।



### हापुड़ को मिला अतिरिक्त फोर्स

डीआईजी नैथानी ने बताया कि जनपद हापुड़ को अन्य जनपदों से 05 पुलिस उपाधीक्षक, 25 निरीक्षक, 140 उपनिरीक्षक, 350 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 40 महिला उपनिरीक्षक, 130 महिला मुख्य आरक्षी/आरक्षी का अतिरिक्त बल आवंटित किया गया है। इसके अलावा 15 यातायात उपनिरीक्षक, 40 यातायात आरक्षी, फ्लड पीएसी, फायर टेंडर, क्रेन, एंबुलेंस, बीडीएस टीम और हैंडहेल्ड सेट भी उपलब्ध कराए गए हैं।

### घाटों पर जल पुलिस से लेकर ड्रोन तक की नजर

सुरक्षा को लेकर 25 सूत्रीय निर्देश जारी किए गए हैं। सभी स्नान घाटों पर जल बैरिकेडिंग की जाएगी और गहरे पानी के स्थानों पर खतरे के चिन्ह लगाए जाएंगे। नावों पर लाइफ जैकेट अनिवार्य होगी और किराया विवाद से बचने के लिए हर नाव पर रेटलिस्ट लगाई जाएगी। जल पुलिस और स्थानीय गोताखोर लगातार निगरानी करेंगे। डूबने की घटनाओं को रोकने के लिए बचाव दल तैनात रहेगा। रात्रि स्नान के लिए प्रकाश की विशेष व्यवस्था की गई है।

### महिला सुरक्षा व भीड़ नियंत्रण पर जोर

महिलाओं से छेड़छाड़, लूट और चेन स्नैचिंग रोकने के लिए सादे वस्त्रों में महिला पुलिसकर्मी तैनात रहेंगी। भगदड़ रोकने के लिए यातायात नियंत्रण योजना सख्ती से लागू होगी। बच्चों को गहरे पानी में जाने से रोकने के विशेष निर्देश दिए गए हैं। मेले में पब्लिक एड्रेस सिस्टम और लाउडहेलर से लगातार घोषणाएं की जाएंगी। संवेदनशील स्थानों की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई जाएगी।

### सोशल मीडिया पर रहेगी कड़ी निगरानी

अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखने के लिए सोशल मीडिया सेल के साथ डिजिटल वॉलंटियर्स का भी सहयोग लिया जाएगा। किसी भी अफवाह का तत्काल खंडन किया जाएगा। असामाजिक तत्वों को मुचलके में पाबंद करने के निर्देश दिए गए हैं। नई परंपराओं को अनुमति नहीं दी जाएगी। यूपी-112 के पिछले वर्षों के इवेंट लॉग का अध्ययन कर संवेदनशील स्थानों पर फोर्स लगाई गई है।

### 294 गोष्ठियों से मांगा सहयोग

पुलिस ने पीस कमेटी, धर्म गुरुओं और शांति समिति के साथ 104, नगर निगम व अन्य विभागों के साथ 103 और आयोजकों के साथ 87 गोष्ठियां कर सहयोग मांगा है। शरबत और प्याऊ स्थलों पर कूड़ेदान लगवाए जाएंगे। दंगा नियंत्रण उपकरण तैयार रखे जाएंगे। पर्याप्त रिजर्व फोर्स भी तैनात रहेगी। डीआईजी नैथानी ने सभी जनपद प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी ड्यूटी प्वॉइंट का भौतिक सत्यापन कर लें और आकस्मिक घटनाओं के लिए कंटीजेंसी प्लान तैयार रखें।

# एलएलआरएम में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर जागरूकता स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस 2026 के अवसर पर एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज, मेरठ के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा ओपीडी में उच्च रक्तचाप जागरूकता स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन किया गया। यह थीम 'मिलकर उच्च रक्तचाप पर नियंत्रण: नियमित रूप से रक्तचाप जाँचें, साइलेंट किलर को हराएँ' के अनुरूप आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मरीजों एवं उनके परिजनों को उच्च रक्तचाप की रोकथाम, समय पर पहचान एवं नियंत्रण के प्रति जागरूक करना था। स्वास्थ्य वार्ता के दौरान मरीजों को नियमित रक्तचाप जांच के महत्व, संतुलित आहार, नमक के कम सेवन, नियमित व्यायाम, तनाव नियंत्रण तथा चिकित्सक द्वारा दी गई दवाओं का नियमित सेवन करने के बारे में जानकारी प्रदान की गई। डॉक्टरों द्वारा सरल एवं सामान्य भाषा में समझाया गया कि उच्च रक्तचाप को 'साइलेंट किलर' कहा जाता है क्योंकि प्रारंभिक अवस्था में इसके कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते, लेकिन अनियंत्रित रहने पर यह हृदयाघात, स्ट्रोक, किडनी रोग तथा दृष्टि संबंधी समस्याओं जैसी गंभीर जटिलताओं का कारण बन सकता है। मरीजों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, डाइट का पालन करने, धूम्रपान एवं शराब से बचने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया। यह स्वास्थ्य वार्ता सामुदायिक चिकित्सा विभाग की वरिष्ठ रेजिडेंट डॉ. वंदना, डॉ. आशु, एवं जूनियर रेजिडेंट डॉ. साक्षी, डॉ. ईशा तथा डॉ. पलक द्वारा प्रस्तुत की गई। साथ ही विभाग के अर्बन सेंटर सूरजकुंड पर उच्च रक्त रक्तचाप पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमें सीनियर एजेंट सुगली व जूनियर रेजिडेंट आशीष गौरव एवं विशाल गांधी के द्वारा हाइपरटेंशन से बचाव एवं उपचार के विषय में जानकारी दी गई, कार्यक्रम का आयोजन एवं मार्गदर्शन सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार सर के निर्देशन में तथा प्राचार्य महोदय डॉ. आर.सी. गुप्ता सर के संरक्षण एवं प्रेरणा से किया गया। कार्यक्रम में ओपीडी में उपस्थित मरीजों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों में उच्च रक्तचाप की समय पर पहचान एवं नियंत्रण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफलता प्राप्त हुई। इस प्रकार के स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने तथा जनस्वास्थ्य सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## आज मनाया जायेगा आतंकवाद विरोधी दिवस

**मेरठ।** अपर जिलाधिकारी (नगर) मेरठ ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण का आयोजन किया जाना है। इस शपथ ग्रहण का कार्यक्रम प्रातः 11.00 बजे सभी कार्यालय/विद्यालयों में आयोजित किया जायेगा। सभी विद्यालयों में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाये जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी विभिन्न विद्यालयों में शपथ ग्रहण कार्यक्रमो का आयोजन भी सुनिश्चित करेंगे

# हम लॉर्ड्स में अपना पहला विश्वकप जीतना चाहते हैः जेमिमा रोड्रिग्स



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा कि हम लॉर्ड्स में होने वाला आगामी टी-20 विश्वकप 2026 का फाइनल जीतना चाहते है। यह पुरु विश्वकप में भारत की पहली जीत की यादों के झरोखे के बाद एक सुखद अनुभूति होगी।

लॉर्ड्स में 1983 के विश्वकप जीतने की यादें आज भी हर भारतीय के दिमाग में कौंधती है। इसी को लेकर रोड्रिग्स ने आईसीसी से कहा, कपिल देव और भारतीय पुरु टीम ने वहां अपना पहला विश्व कप जीता था। हम वहां अपना पहला महिला टी-20 विश्व कप जीतना चाहेंगे। यह बहुत बढ़िया होगा। भी ज्यादा समय नहीं हुआ जब रोड्रिग्स ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप सेमी-फाइनल में भारत को जीत दिलाने के लिए 134 गेंदों पर नाबाद 127 रन की अपनी जिदगी की सबसे यादगार पारी खेली थी। इस जीत के बाद भारत ने नवी मुंबई में एक शानदार रात में अपना पहला टाइटल जीता। रोड्रिग्स का मानना है कि इस जीत ने भारतीय टीम में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में अपना सर्वश्रैठ देने का पक्का इरादा भर दिया है। भारत ने आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा चेज किया। उन्होंने कहा, अब सब ठीक हो गया है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह दबाव है। मुझे लगता है कि यह ज्यादा मोटिवेशन है क्योंकि अब आपने महसूस कर लिया है कि एक वर्ल्ड कप उठाने का क्या एहसास होता है। इससे आप एक और वर्ल्ड कप जीतना चाहते हैं, फिर एक और, फिर एक और। तो मुझे लगता है कि टीम और भी ज्यादा मोटिवेटेड और ज्यादा उत्सुक है। और इससे भी ज्यादा, हमने देखा कि भारत में महिला क्रिकेट पर इसका कैसा असर पड़ा। हम बस उस लेगेसी को इंग्लैंड ले जाना चाहते हैं।मुझे लगता है कि इस टीम में कैरेक्टर है। जब आप बड़े गेम जीतना चाहते हैं,

तो आपको कैरेक्टर वाले लोगों की जरूरत होती है, ऐसे लोग जो अपने तरीके से अलग हों, लेकिन उनमें एक बात होती है कि वे मैच जीतने के लिए कुछ भी करेंगे। इस तरह का एटीट्यूड। और मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा कैरेक्टर है। और इसीलिए किसी भी सिचुएशन में, मुझे विश्वास है कि हमारी टीम मैच जीतने का कोई न कोई तरीका ढूंढ ही लेगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि सबसे पहले, मेरे लिए सबसे बड़ी सीख यह थी कि मैं बहुत एंग्जायटी से गुजर रही थी, अच्छा नहीं कर रही थी, टूर्नामेंट में दो बार डक पर आउट हुई, ड्रॉप हो गई और चार साल पहले, मुझे क्रिकेट वर्ल्ड कप से ड्रॉप कर दिया गया। यह मेरा पहला वर्ल्ड कप था। मुझे एहसास हुआ कि कभी-कभी आपको बस इतना करना होता है कि आप आगे बढ़ें क्योंकि जदिगी में सब कुछ अच्छे के लिए ही होता है। मुझे लगता है, उन चार सालों ने मुझे ऐसे पल के लिए ट्रेनिग दी, क्योंकि मुझे उन सभी सालों की नाकामियों से मिले उस सारे अनुभव का इस्तेमाल करना था, जो शायद ऐसे समय के लिए था। उन्होंने कहा, तो मुझे लगता है कि यह मेरी सबसे बड़ी सीख थी, कि कभी-कभी, खासकर जब यह मुश्किल हो जाता है।

## 25 वें ग्रैंड स्लैम खिताब के लिए जोकोविच रौलां गैरो पहुंचे

**पेरिस, वार्ता।** पूर्व नंबर एक नोवाक जोकोविच रौलां गैरो के लिए पेरिस पहुंच गए हैं और इस सीजन के दूसरे बड़े टूर्नामेंट में अपनी 22वीं बार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। 38 वींय खिलाड़ी ने मंगलवार को कोर्ट र्फिलप-चैट्रियर पर अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ अभ्यास किया। सर्बियाई खिलाड़ी टूर्नामेंट शुरू होने से पहले भी चर्चा का मुख्य केंद्र बने हुए हैं,

क्योंकि वे रिकॉर्ड 25वां बड़ा खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं। जोकोविच, जिन्होंने हाल ही में रोम में मुकाबला किया था, इस क्ले कोर्ट सीजन में दूसरी बार खेलेंगे। पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में रोम में फिर से एक्शन में लौटे थे, मार्च में इंडियन वेल्स में जैक ड्रेपर से चौथे दौर में हारने के बाद से उन्होंने कोई मुकाबला नहीं खेला था। फोरो इटालिको में, जो. कोविच दूसरे दौर में डिनो प्रिजमिक से हार गए थे। लेकिन 101 बार टूर-स्तरीय खिताब जीतने वाले खिलाड़ी का ध्यान अब रौलां गैरो पर है, एक ऐसा टूर्नामेंट जहां उन्होंने अपने पूरे करियर में काफी सफलता हासिल की है। सर्बियाई खिलाड़ी तीन बार के चैंपियन हैं, जिन्होंने 2016, 2021 और 2023 में ट्रॉफी जीती थी। इसके अलावा, जोकोविच क्ले-कोर्ट के इस बड़े टूर्नामेंट में सात बार फाइनल तक पहुंचे हैं और 'टेरे बैट्यू' (क्ले कोर्ट) पर 101 जीत दर्ज की हैं। पिछले साल, जानिक सिनर से हारने के बाद सेमीफाइनल में उनका सफर खत्म हो गया था। जोकोविच इस साल के टूर्नामेंट में 7-3 के रिकॉर्ड के साथ उतर रहे हैं।

### खेल विशेष

#### आयरलैंड ने टी-20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की

**डबलिन, वार्ता।** आयरलैंड ने इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व. कप के लिए अपनी टीम की घोणा कर दी है। गैबी लुईस कमान की कप्तानी वाली 15 सदस्यों वाली इस टीम में कई ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्हें इस बड़े टूर्नामेंट के लिए पहली बार बुलाया गया है, जिनमें एवा कैनिग, क्रिस्टीना कूल्टर रेली, अलाना डेलजेल, एमी मैगुइरे और लारा मैकब्राइड शामिल हैं। यह गैबी का पहला टी-20 विश्वकप है। लुईस आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप ग्लोबल क्वालिफायर में सात मैचों में 276 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रही थीं। टीम में लीह पॉल, एमी हंटर और ओर्ला प्रेंडरगैस्ट जैसी खिलाड़ी भी शामिल है।

#### भारत की अंडर18 महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4-2 से हराया

**भोपाल, वार्ता।** भारत की अंडर18 महिला हॉकी टीम ने बुधवार को सीरीज के चौथे और आखिरी मैच में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को 4-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। आज यहां उ(व दास मेहता (भाई जी) सेंट्रल साई केंद्र में खेले गए मुक. ाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में ही ऑरोरा कोवासेविच ने (आठवें) मिनट में किए गए गोल से बढ़त बना ली, जिससे मेहमान टीम आगे हो गई। हालांकि, भारतीय टीम ने तुरंत जवाब दिया और कपतान स्वीटी कुजूर ने (13वें) मिनट में क्वार्टर खत्म होने से पहले बराबरी का गोल कर दिया। घरेलू टीम ने दूसरे क्वार्टर में भी अपनी लय जारी रखी और दीया (25वें) मिनट में गोल से बढ़त बना ली, जिससे भारत हाफटाइम तक 2-1 से आगे हो गया। भारत ने दूसरे हाफ में कंट्रोल बनाए रखा और तीसरे क्वार्टर में प्रियंका मिज ने (44वें) मिनट गोल से अपनी बढ़त और बढ़ा ली।

#### डब्ल्यूटीसी तालिका में बांग्लादेश ने भारत को पीछे छोड़ा

**सिलहट, वार्ता।** सिलहट में दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान पर 78 रनों की शानदार जीत के बाद, बंगलादेश आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की स्टैंडिग में भारत से ऊपर उठकर पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। इस एशियाई टीम ने टेस्ट के आखिरी दिन सुबह के सत्र में ही सीरीज पर कब्जा करने वाली यह जीत पक्की कर ली( उनके गेंदबाजों ने पाकिस्तान के आखिरी तीन विकेट लेकर सीरीज का स्कोर 2-0 सुनिश्चित किया। आईसीसी के अनुसार, इस जीत के साथ बंगलादेश वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की स्टैंडिग में 58-33 प्रतिशत के जीत-हार प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गया है, और उसने भारत को पीछे छोड़ दिया है, जो अब छठे स्थान पर खिसक गया है। इस हार के बाद पाकिस्तान स्टैंडिग में आठवें स्थान पर ही बना हुआ है।

# सूर्यवंशी की नजरें अब क्रिस गेल के छक्कों के रिकॉर्ड पर




**जयपुर, वार्ता, वार्ता।** युवा बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में अब तक 53 छक्के लगाए हैं, जो किसी भी बल्लेबाज द्वारा किसी भी टी -20 टूर्नामेंट में दूसरे सबसे ज्यादा हैं। सबसे ज्यादा 59 छक्के क्रिस गेल ने आईपीएल 2012 में लगाए थे। सूर्यवंशी की नजरें अब गेल के रिकॉर्ड पर होंगी।

सूर्यवंशी ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मंगलवार को 10 छक्कों की मदद से 93 रन बनाए। सूर्यवंशी ने तीन बार आईपीएल की एक पारी में 10 या उससे ज्यादा छक्के लगाए हैं। वह अब सिर्फ गेल से पीछे हैं, जिन्होंने ऐसा चार बार किया था। सूर्यवंशी ने 2026 में दो बार एक पारी में 10 या उससे ज्यादा छक्के लगाए हैं। आईपीएल के एक सीजन में एक से अधिक बार ऐसा करने वाले एकमात्र दूसरे बल्लेबाज फिन ऐलन हैं, जिन्होंने 2026 में ही ऐसा किया है। राजस्थान रॉयल्स ने इस आईपीएल में पहले छह ओवरों में 60 छक्के लगाए हैं, जो किसी भी टीम द्वारा इस चरण में आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा लगाए गए छक्के हैं। उन्होंने 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के 59 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा। इनमें से अकेले सूर्यवंशी ने 37 छक्के लगाए हैं। किसी और बल्लेबाज ने किसी एक सीजन के पहले छह ओवरों में 30 छक्के भी नहीं लगाए हैं। राजस्थान रॉयल्स लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 221 रनों का लक्ष्य हासिल किया। आईपीएल में राजस्थान द्वारा 220 से ज्यादा का लक्ष्य सफलतापूर्वक चेज करने का यह चौथा मौका था।

## ऑरेंज कैप पर वैभव सूर्यवंशी का कब्जा

**जयपुर, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की ऑरेंज कैप की दौड में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच खेले गए मुकाबले में पहले मिचेल मार्श और फिर वैभव सूर्यवंशी ने कब्जा किया। मिचेल मार्श एक सप्ताह पहले सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजो की सूची में आसपास भी नहीं थे आरआर के खिलाफ 57 गेंदों पर 96 रनों की पारी और इससे पहले अपनी पिछली दो पारियों में 111 और 90 रन बनाकर वह 563 रनों के साथ इस सूची में शीर्ा पर पहुंच गए। लेकिन वह शीर्ा स्थान पर अधिक देर नहीं रह पाए, क्योंकि अब नंबर वैभव सूर्यवंशी का था। वैभव सूर्यवंशी न एक बार फिर आक्रामक पारी खेली। सूर्यवंशी ने इसी सीजन जयपुर में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 37 गेंदों पर 103 रनों की पारी खेली थी लेकिन आरआर वह मैच हार गई थी। हालांकि इस मुकाबले में सूर्यवंशी ने 38 गेंदों पर 93 रनों की पारी खेली और आरआर ने प्लेऑफ के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया। वैभव सूर्यवंशी ने धीमी शुरुआत की। लेकिन जल्द ही उनके बल्ले से बड़े शॉट्स आने लगे और मात्र 23 गेंदों पर उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। अपनी पारी के समापन के बाद सूर्यवंशी 579 रनों के साथ ऑरेंज कैप तालिका में शीर्ा पर पहुंच गए और 563 रनों के साथ मार्श दूसरे स्थान पर खिसक गए। एसआरएच के हाइनरिक क्लासन अब तीसरे स्थान पर हैं जिन्होंने 555 रन बनाए हैं। इसके बाद गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन (554 रन) और शुभमन गिल (552 रन) हैं। पर्पल कैप तालिका में इस सीजन एलएसजी के सबसे सफल गेंदबाज प्रिस यादव लगातार तीसरे मुकाबले में एक भी विकेट हासिल नहीं कर पाए और उनके नाम अभी भी 16 विकेट हैं।

## सूर्यवंशी की बल्लेबाजी के मुरीद हुए लैंगर

**जयपुर, वार्ता।** स्ट्रेलिया के लिए 100 से ज्यादा टेस्ट खेलने वाले जस्टिन लैंगर, वैभव सूर्यवंशी की प्रतिभा से हैरान होने वालों की सूची में एक नया नाम बन गए हैं। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को प्ले ऑफ की उम्मीदें जदिा रखने के लिए लैंगर की कोचिग वाली लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 221 रन बनाने थे, लेकिन सूर्यवंशी ने 38 गेंदों में 93 रन बनाकर मैच को आसान बना दिया। जब वह आउट हुए, तब आरआर को जीत के लिए सिर्फ छह ओवर में सिर्फ 41 रन चाहिए थे। लैंगर ने सूर्यवंशी को लेकर विश्व क्रिकेट के लिए एक तरह की चेतावनी दे दी। उन्होंने कहा, 35 साल के क्रिकेट करियर में मैंने कई शानदार खिलाड़ी देखे हैं, लेकिन किसी युवा खिलाड़ी को इस तरह बल्लेबाजी करते देखना, सिर्फ आज नहीं बल्कि पूरे टूर्नामेंट में हैरान कर देने वाला है। पिछले मैच में मिचेल स्टार्क गेंदबाजी कर रहे थे और उनके चेहरे का भाव देखिएगा। सूर्यवंशी उन्हें मार रहे हैं और स्टार्क के चेहरे पर ऐसा भाव था जैसे- 'यह यहां क्या हो रहा है।

# आरसीबी के सलामी बल्लेबाज सॉल्ट इस सप्ताह आईपीएल में वापसी करेंगे



**नई दिल्ली, वार्ता।** फिल सॉल्ट इस सप्ताह के आखिर में भारत लौटने वाले हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि वह उंगली की चोट के कारण एक महीने तक आईपीएल से बाहर रहने के बाद वापसी करेंगे। इंग्लैंड और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सलामी बल्लेबाज सॉल्ट को 18 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में बाउंड्री बचाने की कोशिश करते समय बाएं हाथ की उंगली में चोट लग गई थी।

तब से वह कोई मैच नहीं खेले हैं और पिछले महीने अपनी उंगली ठीक होने के दौरान परिवार के साथ समय बिताने के लिए घर लौट गए थे। उनकी गैरमौजूदगी में आरसीबी ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया है और अगर नेट रन रेट में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ तो टीम अगले मंगलवार धर्मशाला में क्वालिफायर 1 में पहुंचने की मजबूत दावेदार है। अभी यह साफ नहीं है कि सॉल्ट शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के आखिरी लीग मैच में खेल पाएंगे या नहीं, लेकिन प्लेऑफ इतने क़रीब होने की वजह से टीम कोई जोखिम लेने के मूड में नहीं दिख रही। सॉल्ट की जगह पिछले एक महीने से इंग्लैंड के उनके साथी खिलाड़ी जैकब बेथेल विराट कोहली के साथ ओपनिग कर रहे थे, लेकिन वह ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके हैं। उन्होंने सात पारियों में 96 रन बनाए हैं।

# प्रेजेंटेशन में लखनऊ टीम के लिए अपशब्द बोल गए ऋषभ पंत




**जयपुर, वार्ता।** कप्तान ऋषभ पंत लखनऊ सुपर जायंट्स की 13 मैचों में नौवीं हार के बाद पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में टीम के लिए अपशब्द बोल गए। आईपीएल 2026 में वे प्लेऑफ की दौड़ से बहुत पहले ही बाहर हो चुके हैं। टीम फिलहाल अंक तालिका में सबसे नीचे है और अब इस सीजन के खत्म होने से पहले उन्हें सिर्फ एक आखिरी मैच की औपचारिकता पूरी करनी है।

पंत शनिवार को पंजाब किग्स के खिलाफ होने वाले मैच को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे, जब उन्होंने कहा कि हम एक टीम के तौर पर गर्व महसूस करते हैं, चाहे अभी हमारी स्थिति कैसी भी हो। हमारी टीम जैसी है, हमें पता है कि हम जीत सकते हैं। चाहे कुछ भी हो, हम टीम और खिलाड़ी के तौर पर बहुत आत्मविश्वासी हैं। चीजें हमारे हिंसाब से नहीं गईं और ए सब जानते हैं, लेकिन इससे ए सच नहीं बदलता कि हम एक (अपशब्द) अच्छी टीम हैं। एलएसजी की सबसे बड़ी समस्या उनकी बल्लेबाजी रही है। खुद पंत का सीजन बेहद खराब रहा है, जहां उन्होंने 12 पारियों में सात बार 20 या उससे कम रन बनाए। उनके आसपास के बड़े खिलाड़ी, जैसे- निकोलस पूरन भी फॉर्म में नहीं दिखे। यहां तक कि मिचेल मार्श, जिन्होंने हाल ही में शतक लगाया था और मंगलवार को 96 रन बनाए, उनका भी इस आईपीएल में आगाज धीमा रहा था। टीम डायरेक्टर टॉम मूडी ने माना कि खासकर मध्य क्रम का खराब प्रदर्शन, टीम के इस औसत प्रदर्शन की बड़ी वजह रहा,

जिसकी वजह से टीम लगातार अंक तालिका के निचले हिस्से में रही। हालांकि राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ बल्लेबाजों ने ठीक प्रदर्शन किया, लेकिन गेंदबाज वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल के सामने बुरी तरह दबाव में आ गए। सूर्यवंशी ने 38 गेंदों में 93 रन बनाए, जबकि जायसवाल ने 23 गें. दों में 43 रन की पारी खेली। आरआर के सलामी बल्लेबाजों ने 221 रन के लक्ष्य में से 75 रन सिर्फ 39 गेंदों में ही जोड़ दिए।

# बांगलादेश ने पाक को दूसरे टेस्ट में 78 रनों से हराकर सीरीज 2-0 से जीती




**सिलहट, वार्ता।** दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन बुधवार को बंगलादेश ने तैजुल इस्लाम (छह विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान को 78 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ बंगलादेश ने दो मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। 126 रनों और 69 रनों की पारी खेलने वाले लिटन कुमार दास को 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा सीरीज में 253 मुशफिकुर रहीम को 'प्लेयर ऑफ दा सीरीज' का पुरस्कार मिला।

पाकिस्तान ने आज यहां कल के सात विकेट पर 316 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में 96वें ओवर में तैजुल इस्लाम ने साजिद खान (28) को आउटकर बंगलादेश को आठवीं सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में शोरिफुल इस्लाम ने शतक की ओर बढ़ रहे मोहम्मद रिजवान को आउट कर पाकिस्तान के मैच जीतने की उम्मीद को ध्वस्त कर दिया। मोहम्मद रिजवान ने 166 गें. दों में 10 चौके लगाते हुए 94 रनों की पारी खेली। 98वें ओवर की दूसरी गेंद पर तैजुल इस्लाम ने खुर्रम शहजाद (शून्य) को आउट कर पाकिस्तान की पारी का 358 के स्कोर पर पाकस्तान की दूसरी पारी का अंत कर मुकाबला 78 रनों से जीत लिया। बंगलादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने छह विकेट लिए। नाहिद राणा को दो विकेट मिले। शोरिफुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज ने ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बंगलादेश के पहली पारी में 46 रन की बढ़त लेने और दूसरी पारी में 390 रन जोड़ने के बाद मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए, पाकिस्तान ने शुरुआती झटकों के बाद लगातार वापसी की और आखिरी दिन तक मुकाबला बनाए रखा। पाकिस्तान ने बिना किसी नुकसान के 0 रन से आगे खेलना शुरू किया और अब्दुल्ला फजल का विकेट जल्दी ही गिर गया, जब नाहिद राणा ने एक्स्ट्रा बाउंस फेंककर गली में मेहदी हसन मिराज को शानदार कैच पकड़ने पर मजबूर कर दिया।

# बीसीसीआईके घरेलू सीजन 2026-27 में 1,788 मैच खेले जाएंगे

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भारतीय घरेलू सीजन 2026-27 का शेड्यूल घोाित करते हुए खुशी हो रही है। इस सीजन के दौरान, पुरुों और महिलाओं के क्रिकेट में अलग-अलग आयु वर्गो और फॉर्मेट में कुल 1,788 मैच खेले जाएंगे। इस सीजन में पुरुों के क्रिकेट में सीनियर, अंडर23, अंडर19 और अंडर16 श्रेणियों में टूर्नामेंट होंगे, साथ ही महिलाओं की सीनियर, अंडर23, अंडर19 और अंडर15 प्रतियोगिताओं का भी एक विस्तृत कलैंडर होगा।

घरेलू सीजन की शुरुआत 23 अगस्त को प्रतिठित दलीप ट्रॉफी से होगी। यह एक और विस्तृत और बेहद प्रतिस्पर्धी कैलेंडर की शुरुआत का प्रतीक है, जो भारत में घरेलू क्रिकेट के मानकों को लगातार ऊंचा उठा रहा है। 2026-27 का घरेलू सीजन एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी घरेलू ढांचा बनाने के प्रति बीसीसीआई की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि सभी फॉर्मेट और श्रेणियों में संतु. लित प्रगति हो। इस सीजन का रेड-बॉल (लाल गेंद) वाला हिस्सा दलीप ट्रॉफी से शुरू होगा, जिसमें छह जोनल टीमें हिस्सा लेंगी। इसके बाद एक अक्टूबर से ईरानी कप खेला जाएगा। रणजी ट्रॉफी और कर्नल सी-के- नायडू ट्रॉफी दो चरणों वाले फॉर्मेट में ही खेली जाती रहेंगी। इससे खिलाड़ियों को आराम करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा, और साथ ही घरेलू ढांचे में मल्टी-डे क्रिकेट (कई दिनों तक चलने वाले मैच) को प्राथमिकता देना भी जारी रहेगा। रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप में चार समूहों में 32 टीमें होंगी, जबकि प्लेट ग्रुप में छह टीमें शामिल होंगी। आने वाले सीजन में कर्नल सी-के- नायडू ट्रॉफी के विजेताओं और 'रेस्ट ऑफ इंडिया' के बीच होने वाले मैच की वापसी होगी। यह मैच 1 से 4 अक्टूबर 2026 के बीच खेला जाएगा। यह मैच घरेलू कैलेंडर में इसलिए वापस लाया गया है, ताकि अंडर23 आयु वर्ग के उभरते हुए क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक बेहतर और प्रतिस्पर्धी मंच मिल सके। घरेलू क्रिकेट को आधुनिक खेल की बदलती जरूरतों के अनुरूप बनाने के बीसीसीआई के निरंतर प्रयासों के तहत, पुरुषों की अंडर23 स्टेट 'ए' ट्रॉफी और विजी ट्रॉफी को 'वनडे' (एक दिवसीय) प्रतियोगिताओं से बदलकर टी -20 टूर्नामेंट में बदल दिया गया है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# समस्या की ओर इशारा

केंद्र सरकार ने चार साल के बाद पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा कीमतें बढ़ाई है। इसका अनुमान था, क्योंकि सरकार कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और लागत से कम वसूली के कारण तेल मार्केटिंग कंपनियों द्धओएमसीऋ को हो रहे घाटे के बारे में चेतावनी दे रही थी। यह भी जाहिर था कि कीमतों में यह बढ़ोतरी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद होगी, लेकिन विदेशी मुद्रा के बढ़ते खर्च, हाल के महीनों में रुपये के तीव्र अवमूल्यन और अप्रैल के मुद्रास्फीति आंकड़ों के चलते प्रधानमंत्री द्वारा किफायत बरतने की अपील एक ज्यादा गहरी समस्या की ओर इशारा करती है जिसे भारत दशकों पहले देश के अपर्याप्त रणनीतिक पेट्रोलियम और गैस रिजर्व बनाकर हल कर सकता था। भारत ने लगभग 36.7 मिलियन से 39 मिलियन बैरल का रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व द्धएसपीआरऋ बनाया दृ इस कार्यक्रम की परिकल्पना साल 1991 में सामने आये जोखिम के बाद की गयी और इसे 2000 के दशक के शुरू में औपचारिक रूप दिया गया। लेकिन आज, 5.5 मिलियन बैरल प्रतिदिन द्धएमबीपीडीऋ की दर से यह लगभग सात दिनों की खपत को कवर करता है। अगर इसमें तमाम ओएमसी की मालसूची द्धइन्वेंट्रीऋ और आयात कवर को भी जोड़ लें, तो यह 70 दिन से ज्यादा का स्टाक बनता है। लेकिन बीते सालों में, अमेरिका और चीन के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार बनकर उभरा है और उन देशों के तेल उपभोग को देखें तो पता चलता है कि भारत के सामने कितना बड़ा जोखिम है। अमेरिका ने अपना एसपीआर साल 1973 के तेल संकट के बाद बनाया दृ जो 714 मिलियन बैरल का है और भारत के एसपीआर से 18 गुना बड़ा है। वहीं चीन का और भी बड़ा, लगभग 900 मिलियन बैरल का है। अमेरिका के पास अपने रिजर्व तंत्र में अभी लगभग 400 मिलियन बैरल तेल है, जिससे मोटा-मोटी 20 दिनों की खपत की पूर्ति की जा सकती है। बीते 10 सालों में 13 एमबीपीडी के आउटपुट के साथ यह देश दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक बनकर उभरा है और वाणिज्यिक तंत्र के पास भी काफी इन्वेंट्री है, जो उसे अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी द्वारा अनुशंसित 90 दिन के भंडार से ऊपर ले जाते हैं। यही बात चीन पर भी लागू होती है, जो तेल के मामले में आयात-निर्भर राष्ट्र होने के कारण भारत के साथ तुलना योग्य है। ये आंकड़े और चिंताजनक हो जाते हैं जब इनकी तुलना तरलीकृत पेट्रोलियम गैस द्धएलपीजीऋ और तरलीकृत प्राकृतिक गैस द्धएलएनजीऋ के रिजर्वों के साथ की जाती है, जहां भारत सबसे ज्यादा जोखिम में है। भारत के पास लगभग 1.4 लाख टन की एलपीजी भंडारण सुविधा है, जबकि उसकी दैनिक खपत लगभग 80,000 टन है दृ उसकी रिजर्व क्षमता की आधी से ज्यादा। एलएनजी की बात करें, तो भारत मुख्यतरू पेट्रोनेट एलएनजी और बीपीसीएल की रीगैसीफिकेशन सुविधाओं पर मौजूद स्टाक पर निर्भर करता है। उर्वरक उत्पादन के लिए बेहद अहम इस ईंधन की कोई भूमिगत भंडारण सुविधा मौजूद नहीं है। अमेरिका और चीन दोनों ने भूमिगत एलएनजी भंडारण सुविधा में भारी निवेश किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद यूरोपीय संघ ने रूसी गैस पर अपनी निर्भरता घटाते हुए नयी स्थितियों के अनुरूप तेजी से अनुकूलन किया। इन रिजर्वों ने आपूर्ति में व्यवधान के समय, उन्नत अर्थव्यवस्थाओं को दीर्घकालिक अनुबंधों पर निर्भरता के जरिए आपूर्ति में व्यवधान के खिलाफ बाड़बंदी करने में सक्षम बनाया है। उन्हें हाजिर बाजार में ऊंची कीमतें देने से बचाया है। चीन की बात करें तो रूसी तेल के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों की नाफरमानी का उसे अच्छा फायदा हुआ है। भारत को भी फायदा हुआ होता अगर उसने ज्यादा रणनीतिक स्वायत्तता बनाये रखी होती।

## पूर्वाग्रह अपने आप में अन्याय



लोगों को संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर किया जा रहा है, अगर छात्रों और अभ्यर्थियों को संवैधानिक प्रावधानों को लागू करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, तो समझा जाना चाहिए कि सरकार पक्षपाती है, अगर हमें संवैधानिक अधिकारों के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, तो इसका अभिप्राय है कि सरकार पक्षपाती है और जो पक्षपाती है वह बेवफा भी है। पूर्वाग्रह अपने आप में अन्याय है, क्योंकि यह अधिकार छीन लेता है, आरक्षण सुरक्षा है। आरक्षण सामाजिक समन्वय का एक उपकरण और माध्यम भी है, आरक्षण दान नहीं है, यह एक अधिकार है।

**अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# रजदान पास बना आकर्षण का केंद्र

## भीषण गर्मी से बचने के लिए कश्मीर के ऑफबीट इलाकों का रुख कर रहे पर्यटक

जैसे-जैसे उत्तरी भारत में तापमान 40 डिग्री से ऊपर जा रहा है, वैसे ही कश्मीर में घूमने जाने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ा रही है। ये पर्यटक ऐसे इलाकों को टुन रहे हैं, जो कम जाने-पहचाने सीमावर्ती इलाकें हैं। बांदीपोरा का रजदान पास, जो लगभग 12 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है, एक प्रमुख आकर्षण के तौर पर उभरा है। यहां मई के महीने में भी पहाड़ों पर बर्फ जमी है, जो दिल्ली और जयपुर जैसे शहरों में पड़ रही भीषण गर्मी के बिल्कुल विपरीत है और यहां के लोगों को आकर्षित कर रही है। पूरे भारत से टूरिस्ट जिनमें परिवार के साथ आने वाले, बाइकर्स और युवा यात्री शामिल हैं, बर्फ, ठंडी हवाओं और गुरेज घाटी की ओर जाने वाले सुंदर रास्ते का आनंद लेने के लिए इस पास पर उमड़ रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए दिल्ली के रोहन मेहता ने इस अनुभव को अविश्वसनीय बताया। उन्होंने 42 डिग्री की भीषण गर्मी को पीछे छोड़कर, महज एक दिन के भीतर खुद को बर्फ के बीच खड़ा पाया। राजस्थान की अंजलि शर्मा ने कहा कि यहां के ठंडे मौसम ने उन्हें जयपुर के 44 डिग्री तापमान से काफी राहत दी। वहीं केरल से आए फाजिल ने कहा कि रजदान पास के सोशल मीडिया वीडियो देखकर उन्हें यहां आने की प्रेरणा मिली, जबकि कर्नाटक की केबिन क्रू सदस्य एहाना ने इसे अपने बचपन का एक सपना सच होने जैसा बताया, यानी असल जिंदगी में बर्फ को अपनी आंखों से देखना। गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम जैसे पारंपरिक पर्यटन स्थलों के अलावा उत्तरी और दक्षिणी कश्मीर के कई ऐसे इलाके भी हैं जहां पहले बहुत कम लोग जाते थे, लेकिन अब वहां पर्यटकों की आवाजाही तेजी से बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे बने ढाबे, चाय के स्टाल और परिवहन सेवा से जुड़े लोगों को इससे आर्थिक फायदा हो रहा है। श्रीनगर के ड्राइवर बशीर अहमद ने बताया कि अब पर्यटक उन जगहों को भी घूमने जा रहे हैं, जिनके बारे में पहले किसी को ज़्यादा जानकारी नहीं थी। इससे इस मौसम में सीमावर्ती गांवों के लोगों की अच्छी कमाई हो रही है। अधिकारियों का मानना है कि यह बदलाव लोगों की यात्रा से जुड़ी पसंद में आए बदलाव का नतीजा है, जहां भीषण गर्मी के चलते ज़्यादा से ज्यादा लोग हिमालयी क्षेत्रों की ओर रुख कर रहे हैं। पिछले कुछ सालों में सरकार ने कश्मीर के दूरदराज के सीमावर्ती इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं और स्थानीय लोगों का कहना है कि इन प्रयासों का फायदा हो रहा है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या धीरे-धीरे इन दूरदराज के सीमावर्ती क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को बदल रही है, क्योंकि अब पर्यटक केवल पारंपरिक पर्यटन स्थलों तक ही सीमित न रहकर, प्रकृति की उन अछूती और अद्‌भुत सुंदरताओं को भी खोजने निकल पड़े हैं, जहां पहले बहुत कम लोग जाते थे। पर्यटकों की इस बढ़ती संख्या से यह बात साफ जाहिर होती है कि जलवायु से प्रेरित यात्रा के रुझान, गर्मियों में राहत की तलाश किस तरह कश्मीर में 'ऑफबीट' पर्यटन को बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही, इससे सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले समुदायों को रोजगार और कमाई के ऐसे अवसर भी मिल रहे हैं, जिनकी उन्हें लंबे समय से जरूरत थी।



# मौसम संबंधी घटनाएं और भारत की असुरक्षित स्थिति

पिछले हफ्ते के अंत में, मानसून से पहले की एक तेज रफ्तार वाली मौसम प्रणाली उत्तर प्रदेश में कहर बरपाते हुए पहुंची। इससे एक साथ कई जिलों में गरज, धूल भरी आंधी, बिजली, भारी बारिश और आंधी का मिश्रण देखने को मिला। बीते 14 मई तक, 26 जिलों में मरने वालों की संख्या 111 और घायलों की संख्या 72 थी। इस तरह, ये तूफान हाल के दिनों में उत्तर प्रदेश में हुई सबसे घातक मौसम संबंधी आपदाओं में से एक बन गए। राज्य में 2018 से, या शायद उससे पहले से भी, मई-जून के महीनों में इसी तरह की मौसम संबंधी घटनाएं देखने को मिली हैं। हवाओं की तीव्रता इस साल की सबसे बड़ी खासियत रही। ये तीव्र हवाएं पेड़ों को जड़ से उखाड़ देने में सक्षम थीं।

ऐसा मालूम होता है कि यह तूफान मानसून से पहले की संवहनी प्रणाली के कारण आया था तथा उत्तर-पश्चिम में पैदा हुए एक नए पश्चिमी विक्षोभ ने स्थितियों को और ज्यादा अस्थिर कर दिया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने घटना से पहले ही आंधी तथा बिजली गिरने की चेतावनी जारी कर दी थी और उत्तर प्रदेश सरकार ने कथित तौर पर सचेत पोर्टल के जरिए 34 करोड़ से ज्यादा रेड और आरेंज अलर्ट संदेश जारी किए थे। हालांकि, यह साफ नहीं है कि ये चेतावनियां भौगोलिक रूप से पर्याप्त रूप से सटीक थीं या नहीं अथवा समय पर अपने लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचीं या नहीं और वास्तव में क्या उन संदेशों ने सिर्फ आने वाले प्रतिकूल मौसम की चेतावनी दी थी या फिर लोगों को कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए थे। दरअसल, अग्रिम तैयारियां दो वजहों से महत्वपूर्ण है। यह राज्य कभी-कभी एक मिलन क्षेत्र में तब्दील हो जाता है, क्योंकि थार से आने वाली गर्म एवं शुष्क 'लू' वाली हवाएं मैदानी इलाकों में पूर्व की ओर बढ़ती हैं, जबकि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमीयुक्त हवाएं दक्षिण-पूर्व से प्रवेश करती हैं। दूसरी बात, मिर्जापुर और सोनभद्र के इलाके में विंध्य की लहरदार पहाड़ियों के ऊपर, एक - दूसरे से मिलने वाली ये वायु राशियां तेजी से ऊपर उठ सकती हैं। इससे राज्य के खास हिस्सों में गरज के साथ तूफान आ सकते हैं। यूं तो कोई भी प्राधिकरण कारगर तरीके से तूफानों की स्थानीय तीव्रता का पूर्वानुमान नहीं लगा सकता था, लेकिन अंतर्निहित जोखिम अप्रत्याशित नहीं था। साल के इस समय और इस स्थान पर इनकी पुनरावृत्ति से यह सवाल उठता है कि इतनी अधिक मौतें क्यों हुईं। इसके जवाब का एक हिस्सा निश्चित रूप से मौत और

> दरअसल, अग्रिम तैयारियां दो वजहों से महत्वपूर्ण है। यह राज्य कभी-कभी एक मिलन क्षेत्र में तब्दील हो जाता है, क्योंकि थार से आने वाली गर्म एवं शुष्क 'लू' वाली हवाएं मैदानी इलाकों में पूर्व की ओर बढ़ती हैं, जबकि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमीयुक्त हवाएं दक्षिण-पूर्व से प्रवेश करती हैं।

क्षति के तात्कालिक कारणों में निहित है, जिसमें आवास और सार्वजनिक बुनियादी ढांचा शामिल है। उत्तर प्रदेश में संरचनात्मक रूप से कमजोर ग्रामीण और अर्ध-शहरी घरों की तादाद ज्यादा है। अगर तूफान शाम या उसके बाद आता है, तो लोग अक्सर घरों के अंदर होते हैं या कमजोर छतों के नीचे आराम कर रहे होते हैं। इसके अलावा, लोग गलत तरीके से लगाए गए या खराब ढंग से स्थापित होर्डिंग्स, बिजली के तारों और सार्वजनिक संकेतों की वजह से भी असुरक्षित होते हैं। राज्य सरकार को इस बात की जानकारी थी कि इस तरह के तूफान किस किस्म की क्षति पहुंचा सकते हैं, इसलिए उसने खेती के प्रकार, फसल और नुकसान के आधार पर अलग-अलग राहत पैकेजों का एलान किया। अंतर्निहित जोखिम का पूर्वानुमान लगाया जा सकता था, फिर भी स्थितियां काफी नाजुक रहीं।

# अमेरिका के खिलाफ दुश्मन जैसे फैसले ले रहा सऊदी

> अमेरिकी कोष में बतौर जमा पूंजी यूएई का 114.1 बिलियन डालर बचा है। यह जानकारी मंगलवार को सामने आई है। समाचार एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, अमेरिका ट्रेजरी बान्ड के जरिए दुनिया से पैसे जुटाता है। इन पैसों का इस्तेमाल विकास कार्यों पर किया जाता है। इसकी वजह से अमे. रिका की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहती है। सऊदी और यूएई ने जिस तरह से ट्रेजरी बान्ड से पैसा निकालने की प्रक्रिया शुरू की है। इससे अमेरिका पर कर्ज देने वाले देशों का भरोसा कम होगा।

ईरान के साथ तनाव में उलझे अमेरिका को सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने 24 घंटे में दो बड़े झटके दिए हैं। पहला झटका पैसों से जुड़ा हुआ है। सऊदी और यूएई दोनों ने अमेरिकी ट्रेजरी से अपनी जमा पूंजी निकालनी शुरू कर दी है। बुधवार को इसकी आधिकारिक जानकारी दी गई है। दोनों देशों ने मिलकर 15 अरब डालर की जमा पूंजी निकाल ली है। दूसरा झटका ईरान पर हमले से जुड़ा है। एक्सियोस के मुताबिक, सऊदी और यूएई ने ईरान पर हमले का विरोध किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि वो हमले से सिर्फ एक घंटे दूर थे लेकिन यूएई और सऊदी के विरोध के कारण उन्हें अपना फैसला बदलना पड़ा। मध्य पूर्व में सऊदी और यूएई को अमेरिका का सहयोगी माना जाता है। आधिका. रिक आंकड़ों के मुताबिक, सऊदी अरब ने मार्च में अमे. रिकी ट्रेजरी बान्ड में अपनी हिस्सेदारी 10.8 बिलियन डालर घटा दी है। यानी ये पैसे सऊदी ने निकाल लिए हैं। अब ट्रेजरी में सऊदी के हिस्से का 149.6 बिलियन डालर मौजूद है। इसी तरह यूएई ने 5.8 बिलियन डालर की जमा पूंजी निकाल ली है। अमेरिकी कोष में बतौर जमा पूंजी यूएई का 114.1 बिलियन डालर बचा है। यह जानकारी मंगलवार को सामने आई है। समाचार एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, अमेरिका ट्रेजरी बान्ड के जरिए दुनिया से पैसे जुटाता है। इन पैसों का इस्तेमाल विकास कार्यों पर किया जाता है। इसकी वजह से अमेरिका की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहती है। सऊदी और यूएई ने



जिस तरह से ट्रेजरी बान्ड से पैसा निकालने की प्रक्रिया शुरू की है। इससे अमेरिका पर कर्ज देने वाले देशों का भरोसा कम होगा। वहीं डालर की मजबूती के लिए भी यह एक बड़ा झटका है। साथ ही यूएई और सऊदी के इस कदम से अमेरिका को कर्ज महंगा पड़ सकता है। वहां पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। जंग के कारण अमेरिकी पहले से परेशान हैं। डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार (18 मई) को ईरान पर हमला करने को लेकर फैसला लेने वाले थे। एक्सियोस के मुताबिक सऊदी और यूएई से जब इसको लेकर पूछा गया तो दोनों ने साथ देने से इनकार कर दिया। दोनों का कहना था कि युद्ध से उन्हें ज्यादा नुकसान होंगे। सऊदी और यूएई ने तेल ठिकानों की रक्षा की दुहाई दी, जिसके बाद ट्रंप ने हमला न करने का फैसला लिया। अब कतर की पहल पर ईरान से परमाणु समझौते की बात चल रही है। ईरान का कहना है कि वह होर्मुज, यूरेनियम शिफ्ट करने को लेकर कोई समझौता नहीं करेगा।फरवरी-मार्च में जब ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध छिड़ा था, तब सऊदी और यूएई ने साइलेंट तरीके से ईरान के कुछ इलाकों पर हमला किया था।

# आतंक के विरुद्ध भारत की निर्णायक लड़ाई और बदलती घाटी



**योगेश कुमार गोयल**

## राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर विशेष



भारत का इतिहास एक ओर जहां अध्यात्म, विविधता और समरसता की भूमि का रहा है, वहीं दूसरी ओर इसने अतीत और वर्तमान में अनेक आंतरिक और बाहरी संकटों का सामना भी किया है। इन संकटों में सबसे भयावह है आतंकवाद, जिसने न केवल देश की सुरक्षा व्यवस्था को लगातार चुनौती दी है बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी झकझोरा है। आतंकवाद कोई सीमित भूभाग का संकट नहीं है बल्कि यह समूचे राष्ट्र की चेतना को आहत करने वाला संकट है। भारत ने सैन्य, कूटनीतिक, सामाजिक और वैचारिक मोर्चों सहित बहुस्तरीय स्तर पर दशकों तक इस समस्या का सामना किया है। आतंकवाद के विरुद्ध जागरूकता फैलाने और शांति एवं सद्‌भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 21 मई को 'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस' मनाया जाता है। 21 मई को मनाया जाने वाला यह दिवस न केवल इस संघर्ष की स्मृति है बल्कि यह ऐसी प्रतिज्ञा का दिन भी है, जो यह दर्शाती है कि भारत आतंकवाद को किसी भी रूप में सहन नहीं करेगा।

कश्मीर घाटी आतंकवाद के विरुद्ध भारत के सबसे लंबे, संवेदनशील और निर्णायक संघर्ष की साक्षी रही है। कभी अपनी अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता, सूफी परंपराओं, सांस्कृतिक समृद्धि और 'धरती के स्वर्ग' की पहचान के लिए विख्यात यह घाटी पिछले तीन दशकों तक आतंक, रक्तपात और अस्थिरता के भयावह दौर से गुजरती रही। वर्ष 1990 के बाद जिस सुनियोजित तरीके से घाटी में कट्टरपंथ और आतंकवाद की जड़ें जमाई गई, वह केवल स्थानीय असंतोष नहीं बल्कि सीमापार रची गई एक गहरी साजिश का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य भारत की एकता, अखंडता और सामा. जिक समरसता को चोट पहुंचाना था। इस दौर ने हजारों परिवारों को उजाड़ दिया, अनगिनत मासूमों की जिंदगी छीन ली और पूरी पीढ़ी को भय, असुरक्षा और हिंसा के साए में जीने के लिए विवश कर दिया। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि घाटी में अब तक हुई हजारों आतंकी घटनाओं में लगभग 42 हजार लोगों की जान जा चुकी है, जिनमें निर्दोष नागरिक, सुरक्षाबलों के वीर जवान और आतंकवादी शामिल हैं।

दक्षिण एशिया आतंकवाद पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2000 से 2024 के बीच घाटी में 22,143 छोटे-बड़े आतंकी हमले दर्ज किए गए, जिनमें 4,981 आम नागरिकों की मौत हुई जबकि मातृभूमि की रक्षा करते हुए 3,624 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए। इसी दौरान भारतीय सेना और सुरक्षा बलों ने अदम्य साहस और रणनीतिक क्षमता का परिचय देते हुए 24,512 आतंकवादियों को मार गिराया। यह केवल आंकड़े नहीं बल्कि उन वीर जवानों के अद्वितीय शौर्य, बलिदान और राष्ट्रनिष्ठा की गाथा हैं, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की सुरक्षा सुनिश्चित की। हालांकि बीते एक दशक में भारत की आतंकवाद विरोधी नीति अधिक आक्रामक, तकनीक-सक्षम और रणनीतिक रूप से प्रभावी हुई है। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2004 से 2014 के बीच देशभर में 7,217 आतंकी हमले हुए थे जबकि वर्ष 2014 से 2024 के बीच यह संख्या घटकर 2,242 से भी कम रह गई। इस दौरान आतंकी हिंसा से होने वाली जनहानि में 70 प्रतिशत से अधिक कमी दर्ज की गई। आम नागरिकों की मौतों में 81 प्रतिशत और सुरक्षाकर्मियों की शहादतों में लगभग 50 प्रतिशत की गिरावट इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत की मजबूत सुरक्षा रणनीति, सशक्त खुफिया तंत्र और 'जीरो टॉलरेंस' नीति ने आतंकवाद की कमर तोड़ने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

हालांकि आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि आतंकवाद की चुनौती कितनी गहन और विस्तृत है तथा इससे निपटने के लिए भारत को कितनी रणनीतिक गहराई के साथ काम करना पड़ रहा है। 2025 के पहलगाम हमले से इतर देखें तो घाटी में हाल के वर्षों में सामान्य जीवन की बहाली का प्रमाण यही है कि आज वहां के युवा बंदूक नहीं, किताबों की ओर लौट रहे हैं। स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ी है, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में दाखिलों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है और पर्यटन के क्षेत्र में भी आशाजनक वृद्धि देखी गई है। रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी ने युवाओं को एक वैकल्पिक जीवन की राह दिखाई है। इन संकेतों से स्पष्ट है कि आतंक केवल सैन्य शक्ति से नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास से भी पराजित किया जा सकता है। घाटी की जनता अब समझ चुकी है कि आतंक का मार्ग केवल विनाश की ओर ले जाता है जबकि शिक्षा, रोजगार और शांति समृद्धि की ओर। लेकिन इस यात्रा में अब भी चुनौतियां शेष हैं क्योंकि पाकिस्तान अब भी दोहरी नीति अपनाए हुए है, एक ओर शांति की बातें, दूसरी ओर आतंकवाद को समर्थन। लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों को आज भी आईएसआई का समर्थन प्राप्त है। इस परिस्थिति में भारत की आतंकवाद के प्रति नीति और भी कठोर और स्पष्ट हो गई है, आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता। यह नीति केवल वक्तव्य नहीं बल्कि क्रियान्वयन की दृढ़ रणनीति है। सीमा पर सैटेलाइट निगरानी, ड्रोन तकनीक, सुरक्षाबलों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस करना और नागरिक-सैन्य समन्वय को सशक्त करना इस नीति के कार्यान्वयन के मुख्य स्तंभ हैं। भारत अब यह भी समझता है कि आतंकवाद केवल एक सुरक्षा चुनौती नहीं है बल्कि एक वैचारिक लड़ाई भी है। यह युवा मन को भ्रमित करके उसे हिंसा की ओर ले जाने का प्रयास करता है। ऐसे में शिक्षा, सामाजिक समरसता और संस्कृति का पुनर्प्रतिष्ठान आवश्यक है। घाटी में यदि शांति को स्थाई बनाना है तो केवल सैन्य दबाव नहीं बल्कि मनोवैज्ञानिक और वैचारिक प्रयास भी अत्यंत आवश्यक हैं। युवाओं को यह विश्वास दिलाना होगा कि राष्ट्र निर्माण का मार्ग केवल प्रतिभा, परिश्रम और सकारात्मक सोच से ही बनता है। उन्हें यह बताना होगा कि बंदूकें केवल बर्बादी लाती हैं जबकि किताबें भविष्य बनाती हैं। आज जब भारत राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मना रहा है तो यह दिन केवल शोक या स्मरण का दिन नहीं है बल्कि यह एक सतत संकल्प का प्रतीक है। यह हमें याद दिलाता है कि आतंक से लड़ाई केवल सेना की नहीं है अपितु यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



अमृतसर। गर्मी के मौसम में भीषण गर्मी के बीच खुद को ढक कर चलते लोग।

## एशियाई उत्पादकता संगठन की तीन दिवसीय बैठक राजधानी में गुरुवार से

**नई दिल्ली।** एशियाई उत्पादकता संगठन (एपीओ) के अधिशासी मंडल (जीबी) की तीन दिवसीय 68वीं बैठक यहां भारत मंडपम में गुरुवार को शुरू होगी। भारत की अध्यक्षता में इस बैठक में एपीओ के 20 सदस्य देशों के 60 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। बुधवार को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 21 मई को उद्घाटन सत्र में उपस्थित रहेंगे। एपीओ के निदेशक, सलाहकार, एपीओ सदस्य देशों के राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधि और आमंत्रित अतिथियों के भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है।

# अब्बास अराघची ने ट्रम्प को दी चेतावनी

### कहा: ईरान के खिलाफ अगर दोबारा जंग शुरू हुई, तो अमेरिका को 'कई और बड़े झटके' लगेंगे

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बुधवार को चेतावनी दी कि बिना किसी उकसावे के अगर अमेरिका ने उनके खिलाफ फिर से आक्रामक रुख अपनाया तो अमेरिका को देने के लिए उनके पास 'कई और बड़े झटके' तैयार हैं। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस (संसद) की एक रिपोर्ट का हवाला दिया। इसमें हफ्तों चले इस संघर्ष के दौरान अमेरिकी वायुसेना को हुए भारी नुकसान की बात स्वीकार की गई है।

अराघची ने 'एक्स' पर किए गए पोस्ट में कहा कि भविष्य में होने वाली किसी भी शत्रुतापूर्ण कार्रवाई का जवाब देने के लिए ईरान अमेरिका के साथ पिछले टकरावों से 'मिले सबक और हासिल किए गए अनुभव' का इस्तेमाल करेगा और हमलावरों को इन अप्रत्याशित झटकों का मजा चखाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सांसदों ने इस 40 दिवसीय सैन्य अभियान के दौरान हुए बड़े पैमाने के भौतिक नुकसान को स्वीकार कर एक तरह से ईरान की सैन्य क्षमताओं की पुष्टि कर दी है। अराघची ने अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट का



■ इसमें हफ्तों चले इस संघर्ष के दौरान अमेरिकी वायुसेना को हुए भारी नुकसान की बात स्वीकार की गई

हवाला देते हुए कहा कि इस संघर्ष के दौरान अमेरिकी सेना ने कम से कम 42 विमान खो दिए। इससे होने वाला अनुमानित नुकसान लगभग 2.6 अरब डॉलर (लगभग 21600 करोड़ रुपये) तक पहुंच चुका है। उन्होंने आगे कहा कि ईरान के सशस्त्र बल 'दुनिया भर में चर्चित एफ-35 विमान को मार गिराने वाले पहले बल' बन गए हैं। अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के खिलाफ अमे. रिका-इजरायल के संयुक्त रूप से शुरू किए गए 40 दिनों के हवाई बमबारी अभियान के दौरान अमेरिकी सेना के 42 विमान नष्ट हो गए या उन्हें भारी नुकसान पहुंचा। रिपोर्ट के अनुसार, नष्ट या क्षतिग्रस्त हुए सैन्य साजो-सामान में चार एफ-15ई स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमान, एक एफ-35ए लाइटनिंग-2, एक ए-10 थंडरबोल्ट-2, हवा में ईंधन भरने वाले सात केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर विमान, एक ई-3 सेंट्री हवाई चेतावनी और नियंत्रण विमान, दो एमसी-130जे कमांडो-2 विमान, एक एचएच-60डब्ल्यू जॉली ग्रीन-2 हेलीकॉप्टर, 24 एमक्यू-9 रीपर ड्रोन और एक एमक्यू-4सी ट्राइटन ड्रोन शामिल हैं। अमेरिका-इजरायल ने मिलकर 28 फरवरी को ईरान पर हमले शुरू किए थे, जो सात अप्रैल को पाकिस्तान की मध्यस्थता में हुए एक नाजुक युद्धविराम के बाद से थमे हुए हैं। ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य साजो-सामान पर हमले शुरू किए और होर्मुज स्ट्रेट से होने वाले परिवहन पर अपना नियंत्रण मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया। यह एक ऐसा संकरा मार्ग है, जहां से दुनिया की तेल सप्लाई का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है। ये निष्कर्ष 13 मई को जारी 'कांग्रेशनल रिसर्च सर्विस' की एक रिपोर्ट में सामने आया है।

## रूस-चीन ने 20 समझौतों के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को और मजबूत किया

**बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपनी साझेदारी को 'रणनीतिक' बताते हुए अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, परिवहन और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग सहित प्रमुख क्षेत्रों को शामिल करते हुए 20 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। पुतिन और जिनपिंग ने अपनी साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से संयुक्त बयान जारी किया है। इसके साथ ही एक बहुध्रुवीय दुनिया और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के लिए एक नए ढांचे का समर्थन करने वाली घोषणा भी जारी की गई है। पुतिन ने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार 'पिछले 25 वर्षों में 30 गुना से अधिक' बढ़ा है और 'लगातार कई वर्षों तक 200 अरब डॉलर के आंकड़े से ऊपर' बना रहा है।

## बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के निर्माण की कवायद

■ व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग ने संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए

**बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को एक संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसमें दुनिया में किसी एक देश के दबदबे के बजाय बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था की बात कही गई है। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने ऊर्जा, व्यापार और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अपनी मजबूत साझेदारी को और गहरा करने का भी वादा किया। चीन के 'ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल' में हुई इस बैठक के बाद शी ने पत्रकारों से कहा कि दोनों देशों के रिश्ते 'बड़ी उपलब्धियों और तेज विकास के एक नए दौर में पहुंच चुके हैं।' पुतिन ने कहा कि रूस और चीन के संबंध 'इतिहास के सबसे बेहतरीन स्तर' पर हैं।

उन्होंने शी को अगले साल रूस आने का न्योता भी दिया। दोनों देश 25 साल पहले हुए 'चीन-रूस मित्रता और सहयोग समझौते' को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। यह फैसला दिखाता है कि 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से एक-दूसरे के करीब आए दोनों देश आगे भी मिलकर काम करते रहेंगे। पुतिन ने चीन को बिना किसी रुकावट के तेल और गैस की आपूर्ति जारी रखने का वादा करते हुए कहा, ष्हमारा आपसी व्यापार अब बाहरी दबाव से सुरक्षित है, क्योंकि हमने अमेरिकी डॉलर को छोड़कर अपनी-अपनी मुद्रा में लेन-देन शुरू कर दिया है। उन्होंने इसे एक सुरक्षित व्यापार व्यवस्था बताया, जिस पर वैश्विक बाजार के उतार-चढ़ाव का असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि रूस और भारत का लगभग 96 प्रतिशत व्यापार भी अब स्थानीय मुद्रा में हो रहा है। खबरें यह भी हैं कि लंबे समय से अटकी 'पावर ऑफ साइबेरिया 2' पाइपलाइन परियोजना पर भी दोनों देशों के बीच सहमति बन गई है। यह पाइपलाइन रूस से मंगोलिया होते हुए चीन तक हर साल 50 अरब घन मीटर प्राकृतिक गैस पहुंचाएगी। पुतिन ने 'उत्तरी समुद्री मार्ग' के विकास को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि रूस और चीन मिलकर पूरे यूरेशिया क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाएंगे। पुतिन के साथ शी ने अमेरिकी विदेश नीति पर निशाना साधा।

# अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने वाला प्रस्ताव पास

### राष्ट्रपति ट्रम्प के 4 सांसदों ने उनके खिलाफ वोटिंग की, राष्ट्रपति के पास वीटो का अधिकार बाकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव पास हो गया है। वोटिंग में 4 रिपब्लिकन सांसदों ने भी विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स का साथ दिया। हालांकि 3 रिपब्लिकन सांसद वोटिंग में शामिल नहीं हुए। यह प्रस्ताव 50.47 से पास हुआ, हालांकि इसे कानून बनने के लिए अभी कुछ और चरणों से गुजरना होगा। अगर यह प्रस्ताव कानून बनता है, तो ट्रम्प सरकार को ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। अभी सीनेट में इस पर अंतिम वोटिंग होनी बाकी है। इसके बाद इसे रिपब्लिकन बहुमत वाली हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव्स से मंजूरी लेनी होगी। हालांकि उसके बाद भी ट्रम्प इसके खिलाफ वीटो कर सकते हैं। फिर उस वीटो को रद्द करने के लिए सीनेट और हाउस दोनों में दो-तिहाई बहुमत चाहिए होगा, जो फिलहाल मुश्किल माना जा रहा है। अमे. रिकी संसद के सीनेट में मंगलवार शाम को ईरान जंग रोकने को लेकर बैठक हुई। यह वोट विपक्ष के लिए बड़ी जीत माना जा रहा है जो कह रहे थे कि अमेरिका में युद्ध शुरू करने या सेना भेजने का अधिकार राष्ट्रपति नहीं बल्कि संसद के पास होना चाहिए। अमे. रिकी संविधान में भी यही व्यवस्था दी गई है। इस प्रस्ताव को वर्जीनिया के डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन लेकर आए हैं। बहस के



■ ट्रम्प की सैन्य शक्तियों को सीमित करने की कवायद, युद्ध का अधिकार संसद के पास हो: विपक्ष

दौरान उन्होंने कहा कि अभी जब युद्धविराम की बात हो रही है, तब ट्रम्प को संसद के सामने आकर अपनी रणनीति बतानी चाहिए। डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन ने कहा कि युद्ध शुरू करने का अधिकार संसद के पास है, सिर्फ राष्ट्रपति के पास नहीं। वहीं व्हाइट हाउस का कहना है कि ट्रम्प ने अमेरिकी सुरक्षा के लिए अपने अधिकारों के तहत कार्रवाई की है। अमेरिकी कानून के मुताबिक कोई भी राष्ट्रपति बिना संसद की मंजूरी के सिर्फ 60 दिन तक सैन्य कार्रवाई चला सकता है। इसके बाद या तो युद्ध खत्म करना होता है, कांग्रेस से अनुमति लेनी होती है, या फिर सेना की सुरक्षित वापसी के लिए 30 दिन की अतिरिक्त मोहलत मांगनी होती है। यह संघर्ष शुरू होने के बाद इस तरह के प्रस्ताव पर सीनेट में आठवां मतदान था। इस वर्ष दूसरी बार कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने डेमोक्रेट सदस्यों के साथ मिलकर युद्ध अधिकार प्रस्ताव को सीनेट न्यायपालिका समिति से बाहर लाने का समर्थन किया है। इस बीच, ट्रम्प ने खुलासा किया कि वह ईरान पर नए हमले का आदेश देने से 'सिर्फ एक घंटे दूर' थे, लेकिन सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के के अनुरोध पर उन्होंने इसे स्थगित कर दिया। दूसरी ओर, उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने कहा कि ईरान की वार्ता संबंधी स्थिति अब भी स्पष्ट नहीं है।

## बांग्लादेश में भारतीय दूतावास के सुरक्षाकर्मी की मौत

■ फर्श पर डेड बाडी मिली, ड्यूटी करके लौटा था, हरियाणा का रहने वाला था मृतक

**ढाका।** बांग्लादेश के चिटगांव शहर में स्थित भारतीय दूतावास परिसर के अंदर मंगलवार को एक भारतीय सुरक्षाकर्मी मृत पाया गया। मृतक की पहचान 35 साल के नरेंद्र के तौर पर हुई है। वे हरियाणा के रहने वाले थे और दूतावास में सुरक्षा गार्ड के पद पर तैनात थे। नरेंद्र सोमवार रात अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद अपने कमरे में लौटे थे। मंगलवार सुबह जब वह ड्यटी पर नहीं पहुंचे तो उनके साथ वालों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की। कई बार फोन और आवाज लगाने के बाव भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद अधिकारियों ने उनके कमरे का दरवाजा खोला। अंदर कमरे के फर्श पर नरेंद्र की डेड बाडी मिली।

वे कैंपस के भीतर बने स्टाफ डार्मिटरी में रहते थे। अभी तक मृत सुरक्षाकर्मी की कोई सामने नहीं आई है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। जांच अधिकारी नजरुल इस्लाम ने बताया कि मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगी। उन्होंने कहा, हमें सूचना मिलने के बाद हमारी टीम मौके पर पहुंची और शव बरामद किया। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारण की पुष्टि हो सकेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी आरिफुल इस्लाम ने बताया कि शव पर किसी भी तरह की चोट, घाव या संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। शुरुआती तौर पर आशंका जताई जा रही है कि नरेंद्र की मौत हार्ट अटैक या स्ट्रोक की वजह से हुई है। उन्होंने कहा कि मुमकिन है कि रात के दौरान या सुबह बाथरूम से निकलने के बाद उन्हें दिल का दौरा या स्ट्रोक आया हो। असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगी। पुलिस के मुताबिक, शव को भारतीय अधिकारियों की मौजूदगी में चिटगांव मेडिकल कालेज अस्पताल के मार्चरी भेजा गया। भारतीय दूतावास की ओर से फिलहाल इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय अधिकारी बांग्लादेश प्रशासन और पुलिस के साथ लगातार संपर्क में हैं ताकि मौत के कारणों पूरी जांच हो सके।

# अमेरिका के नए प्रतिबंध लगने के बाद 'खून खराबा' होगा

### क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने कहा: इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे

**हवाना।** अमेरिका द्वारा क्यूबा के कुछ अधिकारियों और सरकारी संस्थाओं पर नए प्रतिबंध लगाए जाने के क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज-कनेल ने चेतावनी दी है कि क्यूबा पर किसी भी अमेरिकी सैन्य हमले से 'खून-खराबा' होगा और इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे।

यह बयान ऐसे समय आया है जब मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि क्यूबा प्रशासन भी अमेरिकी ठिकानों पर संभावित हमलों पर विचार कर रहा है। दूसरी ओर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार क्यूबा पर नियंत्रण हासिल करने की इच्छा जता चुके हैं। उन्होंने क्यूबा पर कब्जे को 'सम्मान' बताया था और कहा था कि वह 'जो चाहें कर सकते हैं।' यह चेतावनी अमे. रिका द्वारा क्यूबा के 11 अधिकारियों और तीन सरकारी संस्थाओं, जिनमें खुफिया एजेंसी और गृह मंत्रालय शामिल हैं, पर प्रतिबंध लगाए जाने के कुछ घंटों बाद आई।

■ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार क्यूबा पर नियंत्रण हासिल करने की इच्छा जता चुके हैं



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे क्यूबा पर लगातार दबाव बनाने की मुहिम की शुरुआत बताया और कहा कि आने वाले दिनों में और प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। कनेल ने कहा कि क्यूबा किसी देश के लिए खतरा नहीं है, लेकिन किसी भी सैन्य हमले के खिलाफ आत्मरक्षा का उसे पूर्ण अधिकार है। राष्ट्रपति ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में दोनों देशों के संबंधों में भारी गिरावट आई है। ट्रम्प प्रशासन 'अधिकतम दबाव' की नीति के तहत हवाना में सत्ता परिवर्तन का प्रयास कर रहा है। अमेरिका ने वेनेजुएला से क्यूबा को होने वाली तेल आपूर्ति भी रोक दी है, जिससे वहां गंभीर ऊर्जा संकट पैदा हो गया है। क्यूबा में लगातार बिजली कटौती के कारण विरोध प्रदर्शन हुए हैं तथा स्कूल, विश्वविद्यालय और अस्पताल प्रभावित हुए हैं। क्यूबा के ऊर्जा मंत्री ने हाल ही में कहा था कि रूस से मिली आपातकालीन तेल सहायता भी समाप्त हो चुकी है, जिससे लंबे समय तक बिजली संकट बने रहने की आशंका है। इस बीच, प्रमुख शिपिंग कंपनियों हपाग-ल्यॉड और सीएमए सीजीएम ने अमेरिकी नियमों का पालन करते हुए क्यूबा के लिए माल ढुलाई रोकने की घोषणा की है, जिससे खाद्य संकट और गहरा सकता है। तनाव उस समय और बढ़ गया जब अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया कि क्यूबा ने 300 से अधिक सैन्य ड्रोन हासिल किए हैं और वह गुआनतामो स्थित अमे. रिकी नौसैनिक अड्डे तथा अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाने की संभावनाओं पर चर्चा कर रहा है। मार्च में ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा था कि वेनेजुएला 'पहला कदम' था और क्यूबा अगला हो सकता है। उन्होंने कहा था कि क्यूबा 'पूरी तरह विफल राष्ट्र' है और अंततः उसे अमेरिका के पास आना पड़ेगा। इस बीच, क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति रौल कास्त्रो पर वर्ष 1996 में अमेरिका के नागरिक विमानों को गिराए जाने की घटना में कथित भूमिका को लेकर अभियोग चलाए जाने की संभावना भी जताई जा रही है।

## दक्षिण कोरिया के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी और होगी मजबूत: राजनाथ

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण कोरिया ने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई है। दो देशों की यात्रा के दूसरे चरण में मंगलवार को दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री के साथ बैठक के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री के साथ उनकी बैठक अत्यंत सफल रही और इस दौरान दोनों देशों ने रक्षा, साइबर सहयोग और अन्य क्षेत्रों में सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

बैठक के बाद सिंह ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सियोल में मेरे दक्षिण कोरियाई समकक्ष आह्न ग्यु बैक के साथ उत्कृष्ट बैठक हुई। हमने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और तकनीकी सहयोग के प्रति साझा प्रतिबद्धता के साथ भारत-कोरिया गणराज्य रक्षा, रक्षा उद्योग और रणनीतिक सहयोग को




और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत सफल बैठक रही, क्योंकि भारत और कोरिया ने रक्षा साइबर सहयोग को बढ़ावा देने, भारत के राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय और कोरिया गणराज्य के कोरिया राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के बीच तथा संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना सहयोग से संबंधित समझौतों का आदान-प्रदान किया, जिससे हमारी साझेदारी और अधिक मजबूत तथा बहुआयामी बनी।

## 'मैं वापस आऊंगा' का हिस्सा बनकर भावुक हुई अंजना सुखानी

मुंबई। अभिनेत्री अंजना सुखानी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' में काम करती नजर आएंगी। इम्तियाज अली की फिल्म मैं वापस आऊंगा हाल के समय की सबसे चर्चित रोमांटिक ड्रामा फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में वेदांग रैना, दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह और शरवरी के साथ अंजना सुखानी भी एक अहम भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में हुए ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अंजना ने फिल्म का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी जाहिर की और इम्तियाज अली का धन्यवाद किया कि उन्होंने उन्हें 'मेहर' के किरदार के लिए चुना। अंजना सुखानी ने कहा कि इन सभी बड़े नामों के साथ जुड़ना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान और खुशी की बात है। खास तौर पर मुकेश का धन्यवाद, जिन्होंने मुझे इस फिल्म के लिए चुना और भरोसा किया कि मैं यह किरदार निभा सकती हूं। इम्तियाज सर का भी शुक्रिया, जिन्होंने मुझे मेहर के रूप में देखा। मैं हमेशा इसके लिए शुक्रगुजार रहूंगी।

### फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' का फर्स्ट लुक लॉन्च

**मुंबई।** विश्व प्रसिद्ध कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में भोजपुरी सिनेमा ने एक बार फिर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। भारत पवेलियन में भोजपुरी फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' का फर्स्ट लुक पोस्टर भव्य अंदाज में लॉन्च किया गया। फिल्म के निर्माता निशांत उज्जवल ने इस अवसर को भोजपुरी सिनेमा के लिए ऐतिहासिक और गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि कान्स जैसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भोजपुरी फिल्म का प्रस्तुत होना इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्रीय सिनेमा अब वैश्विक पहचान बना रहा है।



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज • बांझपन का इलाज
• बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
• परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
• हाईरिस्क गर्भावस्था
• बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
• बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
• नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004